फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 270 प्रभात जयपुर, गुरुवार 2 मई, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**A 'GENTLEMAN' BIRD**

Pigeons produce a nutritive liquid called 'pigeon's milk' from their crop. Chicks are fed by both parents for the first few days on this curd- like liquid.

**New 3-D Printed Skin**

Creating an artificial skin isn't as simple as growing cells in a petri dish



*सी बड़्र्स इकोसिस्टम की इंजीनियर होती हैं, जो कि समुद्र में कोरल रीफ को मूल्यवान न्यूट्रिएंट्स मुहैया कराती हैं। साइन्स एडवान्सेज़ में प्रकाशित नए शोध में सुझाव दिया गया है कि, चूहों को खत्म करने और समुद्री चिड़ियों की आबादी को बहाल करने से कोरल रीफ पर क्लाइमेट चेंज के असर को कम किया जा सकता है। इण्डियन ओशन के सागस आर्कपैलगो (द्वीप समूह) में काम करते हुए शोधकर्ताओं ने परीक्षण किया कि, मरीन हीटवेव के बाद समुद्री चिड़ियों से पैदा होने वाले न्यूट्रिएंट्स को फिर से बहाल करने से कोरल रीफ के स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ा। शोधकर्ताओं ने चूहों से भरे द्वीपों से कोरल लेकर उन द्वीपों के पास उन्हें प्रत्यारोपित किया जहाँ समुद्री चिड़ियों की प्रजनन कॉलोनियाँ थीं। शोधकर्ताओं ने पाया कि, सी बड़्र्स से मिलने वाले न्यूट्रिएंट्स के कारण कोरल की ग्रोथ रेट दुगुनी हो गई। इसके अलावा अकॉपरा कोरल्स की फास्ट रिकवरी और सी बड़्र्स के बीच संबंध भी पाया गया। लैंकैस्टर युनिवर्सिटी में मरीन इकॉलजिस्ट तथा मुख्य लेखक कसान्ड्रा बैंकविट ने बताया कि, इन रीफ्स में अकॉपरा कोरल सबसे अधिक हैं और इन पर ब्लीचिंग का सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है। शोध के परिणाम बताते हैं कि, जलवायु बाधाओं के बाद समुद्री पक्षियों की बढ़ी हुई आबादी कोरल रीफ की सहनशक्ति को बढ़ा देती है।*

# राष्ट्रपति मुर्मू रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचीं

## विपक्ष में, जैसा अपेक्षित ही था, भारी अफरा-तफरी मची इस यात्रा से

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 मई। ऐसा लगता है कि, राजनीतिक बयानबाजी अपेक्षा के अनुसार ही चलती है। सन् 2022 में हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के 6 महीने पहले, तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अयोध्या यात्रा पर विपक्षी नेताओं ने आपत्ति जतायी थी। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया था कि, राष्ट्रपति की यात्रा भाजपा की राजनीतिक महत्वकांक्षाओं से जुड़ी हुई है। बुधवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की अयोध्या यात्रा पर, विपक्षी नेताओं ने वही आक्रोश और गुस्सा व्यक्त किया।

राष्ट्रपति मुर्मू, बुधवार शाम को अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए पहुंचीं और निकटवर्ती हनुमानगढ़ी मंदिर भी गयीं। इस समय पर, जबकि लोकसभा चुनाव हो रहे हैं, राष्ट्रपति मुर्मू के अयोध्या जाने को लेकर शिव सेना (उद्धव बाल ठाकरे) के प्रवक्ता संजय राउत भड़क गए, उन्होंने आरोप लगाया कि, "उन्हें वहां लोकसभा चुनावों के कारण भेजा गया है।" राउत ने इस मामले में कांग्रेस नेता, राहुल गांधी की पूर्व में की गई एक टिप्पणी को दोहराते हुए आरोप लगाया कि "राष्ट्रपति को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया था, लेकिन, अब उनको भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के लिए वहाँ भेजा गया है।"

- शिवसेना (उद्धव ठाकरे ग्रुप) के प्रवक्ता राउन ने आरोप लगाया कि, भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के लिये राष्ट्रपति को अयोध्या भेजा गया है।
- प्रवक्ता ने राहुल गांधी का पुराना आरोप दोहराया कि, राष्ट्रपति मुर्मू को अयोध्या मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में तो आमंत्रित नहीं किया गया था।
- सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शिवसेना के प्रवक्ता के आरोप व राहुल गांधी की टिप्पणी को सरासर झूठ बताया और कहा कि, पूर्व राष्ट्रपति कोविंद व वर्तमान राष्ट्रपति मुर्मू को निमंत्रण पत्र व्यक्तिगत रूप से दिये गये थे तथा राहुल गांधी की टिप्पणी, बिना तथ्यों की प्रमाणिकता जांच किये आनन-फानन में की गयी है।
- श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने भी अनुराग ठाकुर के वक्तव्य की ताईद की और यह भी कहा कि, अनुसूचित जाति, जनजाति, ओ.बी.सी. व अल्पसंख्यक वर्ग के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रण भेजा गया था।
- ऐसा ही विवाद उस समय भी उठा था, जब तत्कालीन राष्ट्रपति कोविंद चार दिन की यात्रा पर यू.पी. गये थे तथा यात्रा के अंतिम दिन अयोध्या भी गये थे।
- उस समय भी आरोप लगाया गया था कि, यू.पी. के विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिये राष्ट्रपति की यात्रा आयोजित की गयी है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पुष्कर की कम्पनी "आर्टिफिशयल इंटैलिजैंस" पर आधारित चुनाव प्रचार सामग्री तैयार करने में करोड़ों कमा रही है

## कम्पनी के संस्थापक देवेन्द्र सिंह जादौन के अनुसार इतना काम आ रहा है कि, हम "हैण्डल" नहीं कर पा रहे हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 मई। भारतीय राजनीतिक पार्टियां इस वर्ष चल रहे लोकसभा चुनाव में ऑर्टिफिशियल इन्टैलीजैन्स (ए.आई.) आधारित चुनाव प्रचार सामग्री पर अनुमानतः 50 मिलीयन डॉलर से अधिक खर्च रही हैं। राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों के साथ काम कर रही विभिन्न कम्पनियों में से एक कम्पनी राजस्थान में पुष्कर से ऑपरेट कर रही है।

- ए.आई. की मदद से बनाई गई चुनाव सामग्री का इतना प्रचलन बढ़ा है कि, वर्तमान लोकसभा चुनाव में इस बार पचास मिलियन डॉलर का धंधा हुआ है और विदेशों से भी ऐसी प्रचार सामग्री तैयार करने की मांग आ रही है।
- उदाहरण के लिये, डी.एम.के. के लिये एक ए.आई. कम्पनी ने एक वीडियो तैयार किया, जिसमें पार्टी के संस्थापक दिवंगत करूणानिधि को पार्टी की वर्तमान सरकार के कामकाज की सराहना करते दिखाया गया है।

कई नवीन सिंथैटिक मीडिया कंपनियाँ सभी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों की मांग पूरी करने के लिए दिन-रात काम कर रही हैं। ए.आई. कन्टैन्ट निर्माताओं का कहना है कि राजनीतिक दलों ने अपनी स्वयं की नैतिक सीमाएं तय कर रखी है। कि डीप फेक निर्मित करने के लिए वे किस हद तक जा सकते हैं। इसके विवरण "रैस्ट ऑफ द वर्ल्ड नॉनप्रॉफिट इन्टरनैशनल पब्लिकेशन" पर आधारित है जो ग्लोबल टैक स्टोरीज़ के बारे में रिपोर्ट करता है।

ऐसी ही एक सिन्थैटिक मीडिया कंपनी "पॉलीमैथ सॉल्यूशन" के संस्थापक है दिव्येन्द्र सिंह जादौन, जिसने पिछले वर्ष के नवम्बर माह से राजनेताओं के लिए ए.आई. कन्टैन्ट निर्मित करना शुरु किया था। पॉलीमैथ सॉल्यूशन के पास पुष्कर में पहले अपना दफ्तर भी नहीं था और उसके सिर्फ नौ सदस्य थे, लेकिन छह माह के भीतर ही उसने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्ष की अग्रणी पार्टी इण्डियन नैशनल कांग्रेस सहित कई प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के चुनाव प्रचार के लिए काम किया है।

चूंकि इस लोकसभा चुनाव को विश्व का सबसे बड़ा चुनाव बताया जा रहा है, इसलिए पॉलीमैथ जैसे ए.आई. कन्टैन्ट मैकर्स के कन्टैन्ट्स की राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनेताओं में सर्वाधिक मांग है।

ए.आई. कन्टैन्ट की चार एजेन्सियों ने "रैस्ट ऑफ द वर्ल्ड" को बताया कि देश की राजनीतिक पार्टियां के इस वर्ष ए.आई. जनित प्रचार सामग्री पर 5 करोड़ डॉलर से अधिक राशि खर्च करने का अनुमान है, इसलिए उनके पास इतना ज्यादा काम है कि संभल नहीं पा रहा है। हालांकि, ए.आई. कन्टैन्ट निर्मित करने वाली कम्पनियाँ अपनी आय को अधिकतम करना चाहती है, लेकिन फिर भी वे दुष्प्रचार फैला सकने वाले फेक कन्टैन्ट्स के अनुचित अनुरोधों को ठुकरा रही हैं।

तमिलनाडू की ए.आई. मीडिया टैक फर्म "मोनियम" के संस्थापक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# टी.वी. अभिनेत्री रूपाली गांगुली भाजपा में शामिल

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 मई। सुप्रसिद्ध टी.वी. कलाकार रूपाली गांगुली, जिन्हें लोग "अनुपमा" के नाम से जानते हैं तथा स्वतंत्र निदेशक व ज्योतिषी अमिया जोशी ने आज बुधवार को दिल्ली के केन्द्रीय कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली।

भाजपा की सदस्यता लेने के बाद रूपाली व अमिया दोनों ने भाजपा

- भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद, "अनुपमा" के नाम से लोकप्रिय रूपाली ने भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से मुलाकात की।

अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात की और मार्गदर्शन प्राप्त किया। ये भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावडे, राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख श्री अनिल बलूनी और राष्ट्रीय मीडिया सह अध्यक्ष संजय मयूख की गरिमामयी उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुई।

तावडे ने दोनों का "भाजपा परिवार" में आने पर स्वागत किया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आंध्र में क्या मु.मंत्री जगन रेड्डी अपने पिता की पुरानी राजनीतिक चाल दोहरा रहे हैं

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 मई। तेलुगू देशम पार्टी (टी.डी.पी.) और जन सेना के संयुक्त घोषणा पत्र का एक दिलचस्प पहलू है, जिसने स्थानीय भाजपा को उलझन में डाल दिया है। उसकी उलझन यह है कि वह उस राज्य टी.डी.पी. के घोषित वादे, अल्पसंख्यकों को चार प्रतिशत आरक्षण देने, का समर्थन कैसे करें, जहाँ अल्पसंख्यक चुनावी संभावनाओं को बना या बिगाड़ सकते हैं।

आंध्र प्रदेश में मजबूत स्थिति में मौजूद सत्तारूढ़ पार्टी वाय.एस.आर. सी.पी. के मुख्यमंत्री वाय.एस. जगन मोहन रेड्डी को सत्ता से बाहर करने का टी.डी.पी. पर पहले से ही भारी दबाव है। इसलिए एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। ऐसे परिदृश्य में यह तय है कि नायडू प्रभावशाली अल्पसंख्यकों सहित सभी तबकों के वोटों को प्राप्त करने का प्रयास करेंगे, लेकिन एन.डी.ए. के अन्तर्गत भाजपा के साथ एक चुनावी गठबंधन करने के बाद उनके चुनाव घोषणा पत्र का एक वादा कुछ ऐसा है जिस पर वोटर्स को विश्वास करने में दिक्कत होगी क्योंकि भाजपा और उसके नेता धार्मिक आधार पर दिए जाने वाले किसी भी आरक्षण को समाप्त करने का संकल्प लेते आए हैं। चंद्रबाबू नायडू द्वारा कल घोषित एन.डी.ए. में चुनाव घोषणा पत्र में भाजपा के नेताओं के फोटोग्राफ ना होने का कारण भाजपा नेताओं ने यह बताया कि वह क्षेत्रीय पार्टियों के घोषणा पत्रों से सम्बद्ध नहीं है क्योंकि उसने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए दिल्ली में अपना राष्ट्रीय घोषणा पत्र पहले ही जारी

- मु.मंत्री जगह रेड्डी के पिता ने फिल्म स्टार चिरंजीवी से एक नयी पार्टी गठित करवायी थी और उस पार्टी ने विधानसभा का चुनाव लड़ा तथा उस पार्टी को एक ही काम सौंपा गया था कि, वह जमकर मु.मंत्री वाय.एस. रेड्डी को गाली दें, जिससे मु.मंत्री विरोधी वोट चिरंजीवी की पार्टी व चन्द्रबाबू नायडू की पार्टी में बंट जायें।
- नतीजा यह निकला कि, चन्द्रबाबू नायडू की पार्टी चुनाव हार गयी।
- इस बार वाय.एस.आर. रेड्डी के पुत्र मु.मंत्री जगन रेड्डी ने भी यह ही चाल चली है। जगन की बहन शर्मिला आँध्र में कांग्रेस का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त हुई हैं तथा जमकर मु.मंत्री जगन रेड्डी को लगातार कोस रही हैं। क्या जगन की चाल है कि, शर्मिला भी "वोट कटर" का रोल अदा करें और एक बार फिर चन्द्रबाबू हार जायें।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 24 घंटे में अमेठी व रायबरेली के प्रत्याशी की घोषणा होगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 मई। कांग्रेस के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि रायबरेली और अमेठी की दो प्रतिष्ठित सीटों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों की घोषणा पार्टी के

- कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि, ये दोनों पार्टी के लिए प्रतिष्ठित सीटें हैं, पार्टी अध्यक्ष इन प्रत्याशियों की घोषणा करेंगे।

अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आगामी 24 से 30 घटों में करेंगे।

उन्होंने दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रैंस में कहा कि, कांग्रेस केन्द्रीय चुनाव समिति ने दोनों सीटों पर उम्मीदवारों का चयन करने के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गुढ़ामालानी में अच्छी तरह व पूरी तरह प्रतिबिम्बित हो रही है, बाड़मेर सीट की राजनीतिक स्थिति

## गुढ़ामालानी विधानसभा क्षेत्र में इस बार बहुसंख्यक जातियों को छोड़कर छोटी-छोटी जातियों, जैसे देवासी, प्रजापत, नाई, ब्राह्मण, जैन, गाडिया, लुहार, कलाल, चारण, के मतदाताओं में भी जान आ गयी है और जातियों की पूछ काफी बढ़ी है

गुढ़ामालानी, 1 मई (निसं)। लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन बाड़मेर-जैसलमेर बालोतरा में इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण रहा। गुढ़ामालानी में मतदान के दौरान स्थानीय प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखी गई। इस बार लोकसभा में जातिवाद बहुत हावी रहा तथा बहुसंख्यक जातियों के अलावा छोटी जातियां की पहचान बनती नज़र आई।

इस बार लोकसभा चुनाव में जाट समुदाय के मतदाताओं का बंटवारा होता हुआ दिखाई दिया। कयास लगाए जा रहे हैं कि जाट समुदाय से 30 प्रतिशत मतदान भाजपा के पक्ष में और 70 प्रतिशत मतदान कांग्रेस के पक्ष में हुआ है। इन हालात में गुढ़ामालानी क्षेत्र में तो भाजपा का प्रत्याशी तीसरे नम्बर पर नज़र आ रहा है।

- गुढ़ामालानी में जाट वोट स्पष्ट रूप से दो भागों में बंटा है, पर इसमें संतुलन कांग्रेस के पक्ष में लग रहा है। अनुमान है कि, यहां 40 प्रतिशत जाट वोट भाजपा को और 70 प्रतिशत जाट वोट कांग्रेस को मिला है। इन हालात में यहां भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी तीसरे स्थान पर खिसकते दिख रहे हैं।
- वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बाड़मेर-जैसलमेर सीट से कैलाश चौधरी तीन लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीते थे, तब गुढ़ामालानी से चौधरी को 86,000 मतों की बढ़त मिली थी।
- पर, इस बार गुढ़ामालानी के कुछ वर्गों में भाजपा के प्रति नाराज़गी दिख रही है। नाराज जातियों के लिए निर्दलीय प्रत्याशी उपयुक्त विकल्प बन कर उभरे हैं।

गुढ़ामालानी क्षेत्र में संख्यात्मक दृष्टि से छोटी जातियों ने निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र सिंह भाटी के पक्ष में मतदान किया तथा उनका मत भाटी की जीत में निर्णायक साबित हो सकता है।

समीकरण बदलने का मुख्य कारण है गुढ़ामालानी में दूसरी बार फूल का खिलना। पहले लादूराम विश्नोई ने जीत दर्ज की थी, दूसरी बार उनके पुत्र के.के. विश्नोई विजयी हुए थे। मगर लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के प्रति क्षेत्र की जनता में काफी नाराज़गी दिखी और क्षेत्र में भाजपा का विधायक होने का भी आम मतदाताओं पर कोई प्रभाव नहीं दिखा और कार्यकर्ताओं पर नहीं चला और जनता के निर्दलीय के पक्ष में मतदान किया।

कांग्रेस के पक्ष में हमेशा मतदान करने वाली जातियों के वोटों का भी विभाजन होता नज़र आया तथा कांग्रेस कार्यकर्ता खुल कर निर्दलीय प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करते देखे गए। पर क्योंकि भाजपा व कांग्रेस दोनों प्रत्याशी के उम्मीदवारों के बीच निर्दलीय प्रत्याशी की मौजूदगी रही, इस कारण क्षेत्र की कई छोटी-छोटी जातियां, जिसमें देवासी, प्रजापत, नाई, ब्राह्मण, जैन, गाडुल्या, लोहार, कलाल, चारण अन्य जातियों के मतदाताओं में जान आ गई है। इससे पूर्व चुनाव में इन जातियों की पूछ कम ही होती थी। पर इस बार ये जातियां लोकसभा में हार जीत के समीकरण को इधर उधर करती नज़र आ रही हैं।

पूर्व लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी ने बाड़मेर-जैसलमेर सीट से तीन लाख से ऊपर जीत दर्ज की थी और उन्होंने गुढ़ामालानी से 86,000 मतों की बढ़त ली थी और फिर गुढ़ामालानी को देश के दूसरे सबसे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 6 साल की भतीजी से दुष्कर्म, चाचा को आजीवन कारावास

जयपुर, 1 मई (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3, महानगर द्वितीय, ने छह साल की मासूम बच्ची के साथ ज्यादती करने वाले अभियुक्त चाचा को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

- पॉक्सो कोर्ट ने अभियुक्त के अपराध को बेहद गंभीर मानते हुए कहा कि, ऐसे मामले में नरमी नहीं बरती जा सकती। कोर्ट ने अभियुक्त पर दो लाख रू. का जुर्माना भी लगाया।

इसके साथ ही अदालत ने बीस वर्षीय इस अभियुक्त पर दो लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि, अभियुक्त ने अपनी छह साल की भतीजी को अपनी हवस का शिकार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

मनुष्य तो दुर्बलताओं की प्रतिमा है जिसमें देवत्व और दानवत्व दोनों का ही समावेश है। –हितोपदेश

# जल का गिरता स्तर चिंता का सबब

आज दुनिया का बड़ा हिस्सा जल संकट से परेशान है। खासकर साफ पानी का संकट सबसे ज्यादा है। विश्व में चहुंमुखी विकास का दिग्दर्शन हो रहा है। किंतु स्वच्छ जल मिल पाना कठिन हो रहा है। साफ जल की अनुपलब्धता के चलते ही जल जनित रोग महामारी का रूप ले रहे हैं। इंसान जल की महत्ता को लगातार भूलता गया और उसे बर्बाद करता रहा, जिसके फलस्वरूप आज जल संकट सबके सामने है। पृथ्वी का तीन चौथाई भाग पानी से ढका है मगर इस जल का 99 प्रतिशत पानी पिया नहीं जा सकता और पीने योग्य पानी पृथ्वी पर मात्र एक प्रतिशत ही है जो नदियों, तालाबों, झीलों में ही मौजूद है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार जल, टिकाऊ विकास के लिए बेहद अहम है। सुरक्षित व स्वच्छ पानी तक पहुँच एक बुनियादी मानव अधिकार है। आज जल संकट एक वैश्विक चुनौती है। वर्तमान में, विश्व भर में अरबों लोगों की स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं है। हर साल अनुमानतः आठ लाख लोगों की मौत, ऐसी बीमारियों के कारण हो जाती है जो असुरक्षित पानी, अपर्याप्त स्वच्छता और साफ़-सफ़ाई की कम आदतों के कारण फैलती हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, लगभग 4 अरब लोग साल में कम से कम एक महीने तक पानी की भारी कमी का अनुभव करते हैं। लगभग 1.6 अरब लोग दुनिया की आबादी का लगभग एक चौथाई स्वच्छ और सुरक्षित जल आपूर्ति तक पहुंचने में समस्याएं हैं। इस सदी के मध्य तक दुनिया में लगभग तीन अरब लोग ऐसे होंगे जिनके पास पीने का साफ पानी नहीं होगा। शोधकर्ताओं ने एक विस्तृत अध्ययन के बाद कहा है कि नदियां इतनी दूषित हो चुकी होंगी कि उनका पानी इंसान और वन्य जीवों के लिए 'असुरक्षित' हो जाएगा।

राष्ट्रीय जल आकदमी के अनुसार सालना देश में वर्षा और बर्फबारी से 4000 अरब घन मीटर पानी प्राप्त होता है। साल 2023 की आकलन रिपोर्ट के अनुसार पूरे देश के लिए कुल वार्षिक भूजल पुनर्भरण 449.08 अरब घन मीटर है। यानी हमें जितना बारिश जल प्राप्त हो रहा है, उसका 11 फीसदी जल हम संरक्षित कर पा रहे हैं और शेष पानी नाली नदियों से बहकर समुद्र में चला जा रहा है। पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भूमिगत जल स्तर गिरता जा रहा है। वही राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, ओडिशा जैसे राज्यों में समस्या गंभीर है। महाराष्ट्र के विदर्भ, उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश, बुंदेलखंड में पानी की समस्या गंभीर बनती जा रही है। अब सवाल उठता है कि क्या हम केवल 11 फीसदी जल संरक्षण कर विकसित राष्ट्र की कल्पना कर सकते हैं। क्योंकि अपने देश में सिंचाई के लिए सबसे ज्यादा भूमिगत जल का उपयोग होता है जो कुल सिचाई जल की लगभग 90 फीसदी है।

**मानव को सब मालूम होते हुए भी जल को बिना सोचे-विचारे हमारे जल-स्त्रोतों में ऐसे पदार्थ मिला रहा है जिसके मिलने से जल प्रदूषित हो रहा है। जल हमें नदी, तालाब, कुएँ, झील आदि से प्राप्त हो रहा है। जल की उपलब्धता को लेकर वर्तमान में भारत ही नहीं अपितु समूचा विश्व चिन्तित है। जल ही जीवन है।**

दुनिया का 70 फीसदी हिस्सा पानी से घिरा है, लेकिन उसमें से पीने योग्य पानी लगभग तीन फीसदी ही है। 97 फीसदी पानी ऐसा है जो पीने लायक ही नहीं है। अब तीन फीसदी पानी पर पूरी दुनिया जीवित है। जल संसाधन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में एक वर्ष में उपयोग किए जाने वाले जल की शुद्ध मात्रा अनुमानित 1,121 बिलियन क्यूबिक मीटर है। जबकि वर्ष 2025 में पीने वाले पानी की मांग 1093 और 2050 तक बढ़कर 1447 बीसीएम तक पहुंच सकती है। 1.35 अरब से अधिक की आबादी के बावजूद भारत के पास दुनिया के ताजे जल संसाधन का केवल 4 प्रतिशत ही है। वहीं संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। कई राज्य हैं जो भूजल की कमी के चरम बिंदु को पार कर चुके हैं। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया कि उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में 2025 तक गंभीर रूप से भूजल संकट गहरा सकता है। जल के बिना मानव जिन्दा नहीं रह सकता। क्योंकि मानव शरीर का एक बड़ा हिस्सा जल होता है। यह सब मानव को मालूम होते हुए भी जल को बिना सोचे-विचारे हमारे जल-स्त्रोतों में ऐसे पदार्थ मिला रहा है जिसके मिलने से जल प्रदूषित हो रहा है। जल हमें नदी, तालाब, कुएँ, झील आदि से प्राप्त हो रहा है। जल की उपलब्धता को लेकर वर्तमान में भारत ही नहीं अपितु समूचा विश्व चिन्तित है। जल ही जीवन है।

जल के बिना सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव का अस्तित्व जल पर निर्भर करता है। पेयजल का मुख्य स्त्रोत भूगर्भ जल ही है। भूजल वह जल होता है जो चट्टानों और मिट्टी से रिस जाता है और भूमि के नीचे जमा हो जाता है। जिन चट्टानों में भूजल जमा होता है, उन्हें जलभृत कहा जाता है। भारी वर्षा से जल स्तर बढ़ सकता है और इसके विपरीत, भूजल का लगातार दोहन करने से इसका स्तर गिर भी सकता है। एक सर्वेक्षण अनुसार धरती का तीन चौथाई हिस्सा पानी से ढका हुआ है अर्थात लगभग 71 प्रतिशत पानी धरती के ऊपर मौजूद है और 1.6 प्रतिशत पानी धरती के नीचे नीचे है। जो पानी धरती के ऊपर मौजूद है, वह पानी पीने लायक नहीं है। शेष 3 प्रतिशत पानी पीने लायक है, जिसमें से 2.4 प्रतिशत पानी उत्तरी और हिस्से और ग्लेशियर में बर्फ के रूप में जमा हुआ है। सिर्फ 0.6 प्रतिशत पानी ही है, जो नदी और तालाब में मौजूद है जो पीने लायक है। यही 0.6 प्रतिशत पानी बढ़ती हुई आबादी और प्रदूषण के कारण पर्याप्त नहीं है, इसलिए धरती के नीचे जो पानी मौजूद है, उस पानी की भी बहुत ज्यादा आवश्यकता है।

भूजल की वर्तमान स्थिति को सुधारने के लिये भूजल का स्तर और न गिरे इस दिशा में काम किए जाने के अलावा उचित उपायों से भूजल संवर्धन की व्यवस्था हमें करनी होगी। पानी की कमी के चलते निरन्तर खोदे जा रहे गहरे कुओं और ट्यूबवेलों द्वारा भूमिगत जल का अन्धाधुन्ध दोहन होने से भूजल का स्तर निरन्तर घटता जा रहा है। देश में जल संकट का एक बड़ा कारण यह है कि जैसे-जैसे सिंचित भूमि का क्षेत्रफल बढ़ता गया वैसे-वैसे भूगर्भ के जल के स्तर में गिरावट आई है। भूजल दोहन के अंधाधुंध दुरुपयोग को यदि समय रहते रोका नहीं गया, तो आने वाली पीढियों को इसके भयानक परिणाम भुगतने होंगे। सरकार को जनता में जागरूकता लाने के लिए विशेष प्रबन्ध और उपाय करने होंगे। आवश्यकता इस बात की है कि हम जल के महत्व को समझे और एक-एक बूंद पानी का संरक्षण करें तभी लोगों की प्यास बुझाई जा सकेगी।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरूवार 2 मई, 2024



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, धनिष्ठा नक्षत्र रात्रि 1:49 तक, शुक्ल योग सांय 5:19 तक, तैतिल करण दिन 2:57 तक, चन्द्रमा आज दिन 2:33 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-मकर, मंगल-मीन, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज महापात योग सांय 7:20 से रात्रि 11:35 तक रहेगी। पंचक दिन 2:33 से आरम्भ होंगे।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:30 तक, चर 10:46 से 12:34 तक, लाभ-अमृत 12:34 से 3:40 तक, शुभ 5:18 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:52, सूर्यास्त 6:56

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा नहीं है। व्यावसायिक मामलों में जल्दबाजी करना ठीक रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**कर्क**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**
स्वास्थ्य संबंधित परेशानी से राहत मिल सकती है। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। व्यावसायिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**तुला**
परिवार में धार्मिक-सामाजिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

**मकर**
व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक योजना का क्रियान्वयन होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक मामलों में उचित सहयोग मिलेगा।

**कुंभ**
परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**मीन**
आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात अनावश्यक धन खर्च होगा और मन का असंतोष बढ़ेगा।

# बढ़ता तापमान हमें कब तक झुलसाएगा...



अविनाश जोशी

हर वर्ष पिछले वर्षो की तुलना में अधिक गरम एवम असहनीय तापमान भरा वर्ष प्रतीत होता है निसंदेह मोसम वैज्ञानिक बहुत कुछ आंकड़ों एवम शोध भरे विचार प्रस्तुत करते है लेकिन सम्पूर्ण विश्व प्रकृति से खिलवाड़ कर ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को नजर अंदाज कर अपने दैनिक जन जीवन को तकलीफदेह स्थिति में धकेल रहा है एवम कार्बन उत्सर्जन को बड़ावा देने वाले सभी उपकरणों का भरपूर उपभोग करता है। प्रकृति के स्वभाव से विपरीत किया गया हर कार्य किसी न किसी समय विकराल रूप ले के विध्वंस का कारण बनता है यही कारण है की तापमान की इस अनियंत्रित छलांग को हम अपने नियत्रण में ला ही नहीं पा रहे है।

आजकल एक शब्द का बार बार जिक्र आता है 'ग्लोबल वार्मिंग' जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, धरती के वातावरण के तापमान में लगातार हो रही विश्वव्यापी बढ़ोतरी को ग्लोबल वार्मिंग कहा जा रहा है। हमारी धरती सूर्य की किरणों से ऊष्मा प्राप्त करती है। ये किरणें वायुमण्डल से गुजरती हुईं धरती की सतह से टकराती हैं और फिर वहीं से परिवर्तित होकर पुन: लौट जाती हैं। प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन और मानवीय क्रियाओं के कारण वायुमंडल में कार्बन-डाइऑक्साइड, मीथेन आदि गैसों की मात्रा बढ़ती जा रही है जिससे पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग का वातावरण बनता जा रहा है। कार्बन डाई-ऑक्साइड जैसी गैसें ऊष्मा को रोककर पृथ्वी को गर्म रखने का कार्य करती हैं। शहरी इलाकों में गर्मी की समस्या विशेष रूप से चरम पर है, जहां शहरी ऊष्मा का प्रभाव शहरों को उसके आसपास के इलाकों से ज्यादा गर्म बना देता है वही शहरी गर्मी का प्रभाव प्राकृतिक वनस्पतियों के कंक्रीट एवं डामर से प्रभावित होने और वाहनों, उद्योगों एवं एयर कंडीशनरों से अपशिष्ट ऊष्मा के उत्सर्जन के कारण भी हो सकता है। शहरी गर्मी प्रभावित शहर के भीतर थर्मल असमानताएं भी उत्पन्न करती है इससे गरीब एवं वंचित तबका ज्यादा पीड़ित होता है।

लगातार बढ़ रहे तापमान से दुनिया भर के मौसम निगरानी संगठनों तथा शोधकर्ताओं के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। तत्काल हानिकारक गैसों के बेतहाशा उत्सर्जन, दूसरे सभी जिम्मेदार कारणों सहित प्रदूषण कम करने को लेकर दुनिया एकमत-एकजुट नहीं हुई, तो मानवता के विनाश के साथ प्रकृति, वायुमंडल, हरियाली, जलस्त्रोतों पर कैसा घातक असर होगा, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। यह विडंबना है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर अब भी वैसी गंभीरता नहीं दिख रही है, जैसी अनेक विषम परिणामों के तत्काल बाद दिखनी थी।

वैज्ञानिकों के लिए यह बढ़ा तापमान बड़ी चिंता का विषय है। तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव भी मायने रखता है। इसलिए यह भले बेहद कम लगे, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टिकोण से, इसके बहुत गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं। मगर हम हैं कि जानकर भी अनजान हैं। यह न केवल बहुत बड़ी घटना, बल्कि चेतावनी भी है। इस अंतर को इस तरह भी समझा जा सकता है। जलवायु तापमान संबंधी कोई भी लेखा-जोखा, एक डिग्री के दसवें हिस्से से लेकर सौवें के अंतर तक भी टूटता है तो, असाधारण होता है। समझा जा सकता है कि तापमान में मामूली-सा लगने वाला यह उछाल कितना घातक है!

यही अंतर प्राय: मौसम का रौद्र रूप भी बनाता है। इसी से, दुनिया में कहीं जबरदस्त लू, तपन तो कहीं बाढ़, बारिश से बेहाली का माहौल बनता है। हाल में दुनिया भर के कई देशों में गर्मी, लू से बदहवासी जैसे हालात बने, जिसे दुनिया ने देखा, तो बेमौसम बारिश का कहर खुद भारत इस सितंबर में देख रहा है। वहीं दुबई में हुई बारिश ने हजारों लोगों की जान ले ली। गर्मी-सर्दी और बारिश का चक्र बुरी तरह बिगड़ गया है। अब आगे इसकी अनदेखी करना एक तरह से पृथ्वी पर मानव जीवन तथा अन्य जीव-जंतुओं, वनस्पतियों के मौजूदा अस्तित्व और उनके भावी उत्तराधिकारियों के साथ खिलवाड़ जैसा होगा। यूरोपीय स्वास्थ्य संस्थान की रपट बताती है कि विकसित पश्चिमी देशों तक में गर्मी से बचने के उपाय नाकाफी रहे। दुनिया भर में इस साल फरवरी का महीना सबसे गर्म दर्ज किया गया, जिसमें औसत तापमान 1850-1900 के बीच फरवरी महीने के औसत तापमान से 1.77 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

यूरोपीय संघ की जलवायु परिवर्तन एजेंसी 'कोपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस' (सी3एस) ने यह भी कहा कि दस्तावेजों के मुताबिक पिछले साल जुलाई से हर महीना सबसे गर्म महीना रहा है। वैज्ञानिकों ने इस असमान्य गर्मी को अल नीनो (मध्य प्रशांत महासागर में सतही जल के असामान्य रुप से गर्म होने की अवधि) और मानव जनित जलवायु परिवर्तन का मिश्रित प्रभाव बताया है।

सी3एस ने पिछले महीने कहा था कि जनवरी में पहली बार पूरे साल का वैश्विक औसत तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस की परिसीमा को पार कर गया। पेरिस संधि में डेढ़ डिग्री सेल्सियस की जो सीमा तय की गई है उसका स्थायी उल्लंघन सालों के दौरान वायुमंडल के गर्म होते जाने की स्थिति को दर्शाता है। जलवायु विज्ञानियों के मुताबिक देशों को जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों से बचने के लिए वैश्विक औसत तापमान वृद्धि को औद्योगिक पूर्व काल के औसत तापमान के ऊपर डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की जरूरत है। धरती का वैश्विक सतह तापमान 1850-1900 के औसत तापमान की तुलना में पहले ही करीब 1.1 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है। इस बढ़ते तापमान को दुनियाभर में रिकार्ड सूखा, वनों में आग एवं बाढ़ की वजह माना जा रहा है।

वर्ष 2023 की गर्मी सबसे गर्म तापमान की दृष्टि से दर्ज की गई थी। उपग्रह डेटा उपलब्ध होने के बाद से 45 वर्षों में अंटार्कटिक समुद्री बर्फ का स्तर रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है। आर्कटिक समुद्री बर्फ का विस्तार सामान्य से काफी नीचे रहा। चरम मौसम की घटनाओं ने सभी बसे हुए महाद्वीपों को तबाह कर दिया, जिससे खाद्य असुरक्षा, जनसंख्या विस्थापन और कमजोर लोगों पर प्रभाव बढ़ गया। हालाँकि वैज्ञानिक स्पष्ट रूप से इस बात से सहमत हैं कि जलवायु परिवर्तन वास्तविक है, फिर भी इस विषय को लेकर कई मिथक और बहुत सारे भ्रम हैं। जैसे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पृथ्वी को ढक देता है, वे सूर्य की गर्मी को फँसा लेते हैं। इससे ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन होता है। दुनिया अब इतिहास में किसी भी समय की तुलना में तेजी से गर्म हो रही है। समय के साथ गर्म तापमान मौसम के पैटर्न को बदल रहा है और प्रकृति के सामान्य संतुलन को बाधित कर रहा है। इससे मनुष्य और पृथ्वी पर जीवन के अन्य सभी रूपों के लिए कई खतरे पैदा होते हैं।

**–अविनाश जोशी,**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

# पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाया

## जाम के कारण वाहनों की कतार लग गई एवं ट्रक चालकों सहित आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा

**राजगढ़,** (निसं)। टहला मार्ग पर खरकड़ा गांव में पानी की समस्या को लेकर परेशान ग्रामीण महिला पुरुषों ने जाम लगाकर आक्रोश व्यक्त किया। इस कारण वाहनों की कतार लग गई एवं आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जाम की सूचना पर तहसीलदार विनोद कुमार एवं नायब तहसीलदार छोटे लाल मीणा सहित थाना प्रभारी एवं जलदाय विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जलदाय विभाग के अधिकारियों की ओर से पेयजल के लिए खोदे गए बोरवेल का कनेक्शन नहीं होने की बात सामने आई। इस पर मौके पर तहसील प्रशासन ने ट्रांसफार्मर मंगा कर बोरवेल का विद्युत कनेक्शन करवाया। आपसी समझाइश के बाद जाम खुलने पर वाहनों का संचालन शुरू हुआ। इसके बाद जलदाय विभाग के सहायक अभियंता नवीन शर्मा ने बताया कि गांव में बोरवेल हो गया मगर उसका कनेक्शन नहीं होने के कारण परेशानी थी। बुधवार को करीब दो घंटे तक लगे जाम के कारण ट्रक चालकों सहित आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। इधर जलदाय विभाग की ओर से मौके पर पानी का टैंकर मंगाया जिससे लोगों ने पानी भरा। खरखड़ा ग्राम में उपाधीक्षक मनीषा मीणा, एवं तहसील प्रशासन के साथ थाना प्रभारी रामजीलाल मीणा एवं पुलिस बल की मौजूदगी में खोदे गए बोरवेल का ट्रांसफार्मर लगाकर कनेक्शन कर दिया गया।

- **जाम की सूचना पर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सहित थाना प्रभारी एवं जलदाय विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे**
- **जलदाय विभाग के अधिकारियों की ओर से पेयजल के लिए खोदे गए बोरवेल का कनेक्शन नहीं होने की बात सामने आई**



राजगढ़ के टहला मार्ग पर खरकड़ा गांव में जाम के कारण वाहनों की कतार लग गई।

# रोडवेज की अधिकांश बसें निर्धारित स्टैंड पर नहीं रुकने से यात्री परेशान

## रोडवेज बसों में सफर करने वाले अधिकांश यात्री निगम की सेवाओं से असंतुष्ट

**पाटन,** (निसं)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में सफर करने वाले अधिकांश यात्री निगम की सेवाओं से असंतुष्ट हैं जिसको लेकर समझदार यात्री चालक परिचालकों की शिकायतें उच्च अधिकारियों के मोबाइलों पर भी दर्ज करवाते हैं, परंतु निगम में बैठे उच्च अधिकारियों द्वारा शिकायतों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता, जिस कारण निगम हर वर्ष घाटे में रहता है।

अधिकांश रोडवेज की बसें डिपो से निकलने के बाद निगम द्वारा जारी किए गए बस स्टैंडों की सूची पर या तो रुकती नहीं है और रूकती है तो सवारी लेती नहीं है। यात्री परेशान होते रहते हैं, बसों के पीछे दौड़ते रहते हैं, परंतु चालक और परिचालक यात्रियों की तरफ देखते तक नहीं है। यही नहीं अधिकांश बसों के परिचालक यात्रियों के साथ बदसलूकी तक करते हैं, परंतु यात्रियों की मजबूरी रहती है कि उनके साथ या तो परिवार के सदस्य रहते हैं या फिर वे कोर्ट कचहरी के लफड़े में पड़ना नहीं चाहते जिस कारण रोडवेज बसों के चालक और परिचालकों का हौसला बुलंद रहता है। अधिकांश बसें निर्धारित किए गए बस स्टैंड पर नहीं रुकने से यात्री भी परेशान रहते हैं।

- **चालक-परिचालकों की शिकायतें उच्च अधिकारियों के मोबाइलों पर भी दर्ज करवाते हैं यात्री**

निगम द्वारा पाटन में एक्सप्रेस बसों का ठहराव व स्टैंड नियुक्त किया गया है उसके बावजूद भी सीकर, नागौर, डीडवाना, जोधपुर, बीकानेर की बसें अधिकांश बाईपास होकर निकल जाती है, जिस कारण यात्रियों को एक किलोमीटर पैदल चलकर बस स्टैंड पर आना पड़ता है। पूर्व में अनेकों बार पाटन सरपंच मनोज चौधरी ने स्थानीय प्रशासन को अवगत करवाया जिस पर स्थानीय प्रशासन द्वारा कोटपूतली डिपो, सीकर डिपो, जयपुर डिपो, जोधपुर डिपो, नागौर डिपो के प्रबंधकों को पाबंद भी किया गया। साथ ही जयपुर डिपो के मुख्य प्रबंधक को भी पाबंद किया गया। उसके बावजूद भी अधिकांश बसें बाईपास होकर निकल जाती है, जबकि यात्रियों को टिकट पाटन स्टैंड का दिया जाता है। निगम की बसों में सफर करने वाले यात्रियों को जब बाईपास पर उतार दिया जाता है तो यात्रियों को पाटन स्टैंड पर पहुंचने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। दिन में तो जैसे-तैसे यात्री अपने गंतव्य स्थान तक पहुंच जाते हैं परंतु रात के समय में जब यात्रियों को बाईपास पर उतारा जाता है तो उनको बहुत बड़ी परेशानियों का सामना करते हुए अपने घर पहुंचना पड़ता है।

रात के समय में यात्री चालक और परिचालक से गुहार भी करते है परंतु निगम के दोनों कर्मचारी अपनी हठधर्मिता करते हुए यात्रियों के साथ बदसलूकी करते हैं। ऐसी घटनाएं रोज सुनने को मिलती है, कुछ लोग इनकी शिकायतें भी करते हैं तो कुछ लोग जानकारी के अभाव में इनकी शिकायतें नहीं कर पाते जिसके चलते चालक और परिचालकों के हौसले बुलंद रहते हैं। अधिकांश बसों में शिकायत नंबर लिखे नहीं होने से भी चालक और परिचालक बच जाते हैं, जिसके चलते निगम को हर साल घाटा उठाना पड़ रहा है।

# मई दिवस पर श्रमिकों ने मांगों को लेकर रैली निकाली

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भारतीय ट्रेड यूनियन सीटू के प्रान्तीय प्रतिनिधि ओमप्रकाश देवानी के नेतृत्व में श्रमिकों के ज्वलंत मुद्दों पर कलेक्ट्रेट के सामने मुखर्जी पार्क में सभी शहीदों को श्रद्धाजंलि दी गयी और श्रमिकों के मुद्दों को लेकर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में केन्द्र सरकार द्वारा श्रम सुधारों के नाम पर कानून बनाये जा रहे है जिन्हें वापस लेने, महंगाई पर रोक लगाने, किसान विरोधी कानून वापस लेने, कोरोनाकाल में श्रमिकों को जो वापिस निकाला गया उन्हें पुनः काम पर लेने न्यूनतम वेतन 26 हजार रूपये लागू करने, ठेका प्रथा समाप्त करने सामाजिक सुरक्षा 10000 पेंशन लागू करने, मीड-डे मिल श्रमिकों, आंगनबाड़ी श्रमिकों को नियमित किये जाने, शुभ शक्ति योजना को चालु करने एवं कमठाणा श्रमिकों को दी जा रही सुविधाओं को नियमित किये जाने आदि मांगों को लेकर बैठक रखी गई व मांग पत्र दिया गया। मुखर्जी पार्क की बैठक में इंटक के साथी ओमप्रकाश शर्मा ने सिकांगो के संघर्ष के बाद शहीद हुए श्रमिकों को श्रद्धाजंलि पर विचार रखे। वहीं मेडिकल रि-प्रजेन्टेटीव के श्रमिक साथी उपस्थित थे जिसमें सचिव हेमन्त पायक, रामेश्वर जाट ने देश मे चल रही मजदूर विरोधी गतिविधियों की जानकारी दी।

टेक्सटाईल श्रमिक के अध्यक्ष सोनू शर्मा, गणेश गहलोत, नरेन्द्र मराठा, सद्धाम, करण सिंह, कुलदीप सुखवाल, सोनू माली, रतन बंणजारा, जितेन्द्र शर्मा, दिनेश झा, लोकेश महावर, गजेन्द्र ने भीलवाड़ा में चल रही श्रम विराधी गतिविधियों एवं 12 घण्टे काम को लेकर रोष व्यक्त किया एवं नारेबाजी की। कमठाणा श्रमिक ने मंजू आचार्य, भंवरी विश्नोई, निर्मला विश्नोई, देउ, विमला विश्नोई, इन्द्रा देवी वैष्णव, सागर वैष्णव, ममता यादव, राधा कोली ने भी निर्माण श्रमिकों के साथ हो रहे भेदभाव को लेकर विरोध व्यक्त किया एवं श्रमिकों को सम्पूर्ण सहायता एवं लगाई गयी रोक को हटाने के लिए कहा। जनता जल योजना के श्रमिक अध्यक्ष भैरूलाल खारोल, चम्पालाल पूर्बिया, नानूराम मेनारिया, भगवान लाल, नारायण लाल, रमेश आदि कई श्रमिकों ने भी सरकार द्वारा पेयजल योजनाओं के बारे में श्रमिकों को नियमित किये जाने को लेकर मांग रखी। उसके बाद सभी श्रमिकों को मजदूर दिवस पर मिठाई वितरित की गई एवं खुशी जाहिर करते हुए कार्यक्रम के अन्त में मुखर्जी पार्क से रैली निकाल कर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया।

# राजस्थान में छह जगह सी.बी.आई. की छापेमारी

## एचपीजेड टोकन ऐप के माध्यम से क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों पर शिकंजा कसा

**जयपुर** (कासं)। एचपीजेड टोकन एप के माध्यम से क्रिप्टो करेंसी में निवेश की योजना बताकर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ देशभर में सीबीआई की टीमों ने दबिश दी है। राजस्थान समेत 10 राज्यों में 30 से ज्यादा ठिकानों पर सीबीआई ने छापेमारी की है। राजस्थान में 6 जगहों पर सीबीआई ने छापेमारी की है। इस दौरान सीबीआई ने मोबाइल फोन, कंप्यूटर की हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड, ईमेल अकाउंट और विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेजों सहित महत्वपूर्ण डिजिटल सबूत जब्त किए हैं।

- **सीबीआई ने मोबाइल फोन, कंप्यूटर की हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड, ईमेल अकाउंट और विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेजों सहित महत्वपूर्ण डिजिटल सबूत जब्त किए हैं।**

सीबीआई ने बुधवार को दो निजी कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66 डी के तहत एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि एचपीजेड टोकन ऐप से संबंधित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना में आरोपी संलिप्त थे। इस योजना में ये आरोपी आम लोगों से क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करते थे। एचपीजेड एक ऐप-आधारित टोकन है, जो यूज करने वालों को बिटकॉइन एवं अन्य क्रिप्टो करेंसी में निवेश करके बड़े फायदे का सपना दिखाकर धोखाधड़ी करते हैं। अब तक की जांच से पता चला है कि इन आरोपियों ने इस धोखाधड़ी में 150 बैंक खातों का इस्तेमाल किया और निवेशकों से पैसा लेकर इन बैंक में लिया गया। शुरुआत में इस पैसे का उपयोग विश्वास बढ़ाने के लिए किया गया यानी इन लोगों ने कई निवेशकों को पैसा भी इन बैंक खातों के माध्यम से लौटाया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लालच में आकर निवेश करें। आरोपियों ने बैंक खातों में आए पैसों को क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर निवेश किया है।

## पुनर्मतदान के लिए मतदान दल रवाना

**जयपुर**, (का.सं.)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत अजमेर लोकसभा क्षेत्र में नान्दसी गाँव में एक पोलिंग बूथ पर गुरूवार को होने वाले पुनर्मतदान के लिए मतदान दल रवाना हो गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मसूदा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 195, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नान्दसी के कमरा संख्या 1 में स्थित बूथ पर दोबारा मतदान गुरुवार 2 मई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। मतदान करवाने के लिए मतदान दल बुधवार को अजमेर कलेक्ट्रेट से रवाना हुए।

गुप्ता ने बताया कि रवानगी से पूर्व मतदान दलों को तृतीय एवं अन्तिम प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मतदान प्रक्रिया के लिए नियुक्त सेक्टर ऑफिसर एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद मतदान सामग्री मतदान दल को सुपुर्द की गई। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी, पोलिंग ऑफिसर-1,2,एवं3 को प्रशिक्षित किया गया।

# गौरवमयी संस्कृति और परम्पराओं से जुड़े प्रदेश हैं गुजरात व महाराष्ट्र : मिश्र



गुजरात और महाराष्ट्र के स्थानीय लोगों से राज्यपाल कलराज मिश्र ने संवाद किया।

**जयपुर**, (का.सं.)। राजभवन में बुधवार को गुजरात और महाराष्ट्र राज्य का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस दौरान दोनों राज्यों के लोगों से संवाद कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और गुजरात के भाषायी आधार पर अलग राज्य बनने के बाद से ही दोनों ने राष्ट्रीय प्रगति में निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने गुजरात और महाराष्ट्र को स्वाधीनता आंदोलन की उर्वर भूमि बताते हुए सरदार पटेल, महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक आदि का भी स्मरण किया।

राज्यपाल ने कहा कि गुजरात भगवान श्री शिव का पवित्र धाम सोमनाथ है तो यही भगवान श्री कृष्ण की द्वारिका भी है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के साथ गुजरात ने देशभर में अपनी उत्सवधर्मी सांस्कृतिक, सामाजिक परम्पराओं से भी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने महाराष्ट्र को अध्यात्म, दर्शन और संत परम्पराओं की धरती बताते हुए कहा कि संत तुकाराम, स्वामी समर्थ रामदास जी जैसे संतों की इस धरती पर ही छत्रपति शिवाजी, सावरकर, डॉ. भीमराव आम्बेडकर जैसे व्यक्तित्वो ने समाज में सकारात्मक बदलाव की पहल की।

मिश्र ने भारतीय संविधान की उद्देशिका के आरंभिक वाक्य "हम भारत के लोग" की चर्चा करते हुए कहा कि संविधान ने हमे अधिकार दिए हैं तो कर्तव्य भी प्रदान किए हैं। इनके संतुलन से ही जीवन के उदात मूल्यों से भारत आगे बढ़ा है। उन्होंने संविधान को पवित्र मानते हुए सबको संवैधानिक मूल्यों के लिए कार्य करने का आहवान किया।

उन्होंने संविधान की मूल प्रति पर उकेरे चित्रों की चर्चा करते हुए समरसता की भारतीय संस्कृति के लिए सबको मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अंर्तगत राज्यों के स्थापना दिवस विविधता में एकता की हमारी अनूठी संस्कृति के संवाहक है। उन्होंने अतीत की परम्पराओं को सहेजते हुए दोनों ही प्रदेशों की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आरंभ में उन्होंने संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए। इस मौके पर राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंदराम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

# रोडवेज में निःशुल्क चिकित्सा शिविर शुरू




राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम में सात दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर शुरू हुआ। निगम की अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्रेया गुहा ने बुधवार को जयपुर जोन स्थित डीलक्स एवं जयपुर आगार के शिविरों का निरीक्षण किया।

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम में सात दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का शुरू हुआ। निगम की अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्रेया गुहा ने बुधवार को जयपुर जोन स्थित डीलक्स एवं जयपुर आगार के शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपस्थित चिकित्सकों से कार्मिकों के स्वास्थ्य से सम्बन्धी फीड बैक भी लिया।

- **पहले दिन कुल 621 कार्मिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण**

गुहा ने कहा कि निगम के चालक-परिचालकों के कंधो पर स्वयं के साथ-साथ बस में सवार यात्रियों की सुरक्षा की भी जिम्मेदारी होती है। अत: यह बेहद जरुरी है कि वे तनाव रहित जीवनशैली को अपनाने के साथ चिकित्सकों द्वारा दी गई सलाह को माने। उन्होंने रोडवेज प्रबन्धन को निर्देश दिए कि ड्यूटी के बाद चालक-परिचालको को नियमित विश्राम दे जिससे वे पर्याप्त नींद ले सकें। शिविर में कार्मिको के नेत्र परीक्षण, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज की जॉच कर मौके पर दवाईया उपलब्ध करवायी गई। बुधवार को जयपुर जोन में कुल 425 व बीकानेर जोन में 196 कार्मिकों सहित कुल 621 कार्मिकों ने अपनी जॉच करवायी।

# देवनानी राजकीय निवास में शिफ्ट हुए

**जयपुर**। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी राजकीय निवास सिविल लाइन्स स्थित बंगला संख्या 48 में शिफ्ट हो गये है। देवनानी ने राजकीय निवास में परिवारजन सहित विधि विधान से हवन, पूजन और मंगलाचार कर शुभ मुहूर्त में बंगले में प्रवेश किया। देवनानी ने शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। देवनानी के राजकीय निवास का दूरभाष संख्या 2220784 है।

# आकस्मिक चैंकिग में वन विभाग के कार्मिकों से 1.5 लाख रुपये की नगदी बरामद

## पांचों कार्मिक बूंदी से जयपुर अरण्य भवन आए थे

**जयपुर**। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने जयपुर के झालाना इलाके में बुधवार को कार से अरण्य भवन में आए वन विभाग के पाँच कार्मिकों से आकस्मिक चैकिंग के दौरान तलाशी में 1 लाख 5 हजार रुपये से अधिक की नगद बरामद की है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि ए.सी.बी. की जयपुर नगर द्वितीय इकाई को गोपनीय सूचना मिली थी कि वन विभाग के कुछ कार्मिक रिश्वत की बड़ी राशि लेकर कार में बूंदी से जयपुर अरण्य भवन आ रहे हैं।

- **एसीबी को सूचना मिली थी कि कुछ कार्मिक रिश्वत की बड़ी राशि लेकर कार में बूंदी से जयपुर अरण्य भवन आ रहे हैं।**
- **एसीबी सभी से पूछताछ करने में जुटी है।**

जिस पर एसीबी जयपुर के पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ. रवि के सुपरवीजन में एसीबी के पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक पारीक के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन करवाया। शिकायत सही मिलने पर बुधवार को पुलिस निरीक्षक छोटीलाल के नेतृत्व में एसीबी की टीम ने आकस्मिक चैकिंग की कार्रवाई की। इस दौरान अरण्य भवन पर संदिग्ध कार को रूकवाया कर उसकी तलाशी ली। कार में रामगढ़ विषधारी टाईगर रिजर्व बूंदी का वन रक्षक राजकुमार शर्मा, वरिष्ठ सहायक कार्यालय शक्ति प्रकाश, वरिष्ठ सहायक कार्यालय उपवन संरक्षक भैरूलाल गोस्वामी, वरिष्ठ सहायक कार्यालय उपवन संरक्षक राम सागर गुर्जर और रामगढ़ विषधारी टाईगर रिजर्व के सहायक वनपाल महावीर प्रसाद रैगर मिले। जिनकी तलाशी ली गई तो राजकुमार शर्मा के पास 1 लाख 5 हजार रुपये की संदिग्ध नगद राशि मिली। इस राशि के संबंध में कार्मिक से स्पष्टीकरण लिया गया तथा मौके पर ही उसकी सत्यता की जाँच की गई। प्रथमदृष्टया सही नहीं पाये जाने पर संदिग्ध राशि को जब्त कर लिया गया। मामले में संदिग्ध कार्मिकों से पूछताछ की जा रही है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।


## खोया पाया

मेरे भूखण्ड संख्या 130 योजना खुसर विस्तार जेडीए स्कीम का मूल आरक्षण पत्र रास्ते में कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सूचित करें। सांवल राम-9214531626

निजी खातेदारी की योजना-उपासना संगम सिटी-Ist गांव महाराजपुरा, जयपुर के भूखण्ड संख्या 100 का जे.डी.ए. द्वारा जारी मूल पट्टा, साइड प्लान, मूल स्टाम्प पेपर गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें। नेहा सेठी-मो. 9252775782


# ना राहुल-प्रियंका का रहा असर, ना नरेंद्र मोदी की अपील रही दमदार

**जयपुर**, (का.प्र.)। चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों में स्टार प्रचारक इसलिए बनाया जाता है कि लोग उन स्टार प्रचारक को को सुनने आए और पार्टियां उन बड़े नेताओं की लोकप्रियता को भुना सके, लेकिन इस बार के चुनाव में ऐसा बिल्कुल नहीं लगता कि स्टार प्रचारकों को लेकर लोगों में कोई रुचि नजर आई हो। यही कारण है कि कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुलगांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी के राजस्थान में प्रचार के बावजूद मतदान का प्रतिशत नहीं बढ़ा। यह नेता जिन क्षेत्रों में आकर गए, वहां मतदान प्रतिशत पिछली बार के मुकाबले कम जरूर हो गया। इतना ही नहीं देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सबसे लोकप्रिय नेता कहा जाता है, लेकिन वह भी राजस्थान के जिन क्षेत्रों में आकर गए, उनमें से मात्र एक में वोट प्रतिशत बढ़ा, बाकी सभी जगह वोट प्रतिशत कम हुआ है।

- **ये स्टार प्रचारक जहां भी आए, वहां भी कम रहा मतदान प्रतिशत**
- **मोदी के प्रचार वाली सिर्फ बाड़मेर पर ही बढ़ा मतदान**
- **खड़गे और सोनिया के आने का भी नही रहा असर**

राजस्थान में इस बार के लोकसभा चुनाव में 61.60 प्रतिशत वोटिंग हुई है, जो 2019 के चुनाव में 66.34 फीसदी मतदान के मुकाबले 4.74 फीसदी कम है। कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी राजस्थान की दो लोकसभा सीटों श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ और जोधपुर के फलोदी में जनसभा की थी। श्री गंगानगर में 2019 के मुकाबले जहां 8:30 प्रतिशत मतदान कब हुआ वही जोधपुर में इस बार मतदान 0.50 प्रतिशत कम हुआ है। प्रियंका गांधी ने सबसे पहले सोनिया गांधी के साथ 6 अप्रैल को जयपुर में सभा को संबोधित किया। और जयपुर में इस बार 2019 के मुकाबले 5 प्रतिशत कम लोगों ने मतदान किया।

इसके बाद प्रियंका की दौसा और जालोर में जनसभा हुई। दोसा में करीब 6 प्रतिशत और जालौर में करीब 3: 50 प्रतिशत मतदान कम हुआ है। अलवर में प्रियंका ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो भी किया था, जहां करीब 6: 50 प्रतिशत से कम मतदान 2019 के मुकाबला हुआ है। लोगों ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की अपील तो नहीं सुनी लेकिन खास बात यह रही की जिस नाम पर भाजपा चुनाव लड़कर वोट हासिल करना चाहती थी, उन पीएम नरेंद्र मोदी की अपील पर भी जनता ने ज्यादा ध्यान नहीं दिया। मोदी ने राजस्थान में दोनों चरणों को लेकर कुल 9 दौरे करके 10 लोकसभा सीटों को कवर किया। इन 10 सीटों में से सिर्फ बाड़मेर में मतदान प्रतिशत 0.95 फीसदी बढ़ा है, इसके अलावा बाकी सभी 9 सीटों पर मतदान प्रतिशत एक से लेकर 8:50 प्रतिशत तक कम हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में कोटपूतली में 2 अप्रैल को, 5 अप्रैल को चूरू, 6 अप्रैल को अजमेर के पुष्कर, 11 अप्रैल को करौली, 12 अप्रैल को बाड़मेर में सभा करने के अलावा 12 अप्रैल को दौसा में रोड शो किया था। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने 21 अप्रैल को जालोर और बांसवाड़ा बांसवाड़ा के अलावा 23 अप्रैल को टोंक-सवाई माधोपुर में जनसभा की थी।

## ए.आई.जे.एस. एसोसिएशन का गठन

**जयपुर**, (का.सं.)। देशभर के न्यायिक अधिकारियों ने अखिल भारतीय न्यायिक अधिकारी एसोसिएशन (ए.आई.जे.एस.) की कार्यकारिणी का गठन किया है। एसोसिएशन में मुंबई से न्यायिक अधिकारी डॉ. अजय नथानी को अध्यक्ष, आरजेएस एसोसिएशन, राजस्थान के अध्यक्ष पवन कुमार गर्ग को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह रणवीर सिंह और देवेन्द्र जंगाला को महासचिव, नवीन कश्यप को संयुक्त सचिव, गौरव दहिया को कोषाध्यक्ष बनाने के साथ ही अनूप कुमार पाठक, फैय्याज कुरैशी, हरेन्द्र सिंह को राज्य के प्रतिनिधि के रूप में शामिल किया गया है।

एआईजेएस के कार्यकारी अध्यक्ष पवन कुमार गर्ग ने बताया कि हाईकोर्ट में जज नियुक्ति के लिए फिलहाल न्यायिक अधिकारियों का 33 फीसदी कोटा है। इसे बढ़ाकर 50 फीसदी करने के लिए एसोसिएशन प्रयास करेगी।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान शुरू

**जयपुर**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयपुर प्रांत द्वारा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। इस प्रेस वार्ता मे अभाविप के पदाधिकारियों द्वारा सदस्यता अभियान का पोस्टर विमोचन किया गया। जिसमें होने वाली सदस्यता की योजना बताई गई।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रांत मंत्री अभिनव सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद 9 जुलाई 1949 से प्रारंभ होकर लगातार 75 वर्षों से राष्ट्रिहत में कार्य कर रही है। पिछले सत्र 2023-24 में विद्यार्थी परिषद की देशभर में कुल सदस्यता 50,65,264 थी। जिसमे जयपुर प्रांत की कुल सदस्यता 1,20,347 थी।

प्रांत मंत्री अभिनव सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूरे जयपुर प्रांत में 6 मई से सदस्यता अभियान की शुरुआत करने जा रही है। विद्यार्थी परिषद सदस्यता अभियान हर वर्ष चलती है। विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। जिसका मूल कारण है परिषद की सदस्यता है। इस सत्र में विद्यार्थी परिषद की 2,34,600 नए सदस्य बनाएगी। जिसमे परिषद के 22 जिलों में कुल 2500 से अधिक निजी एवं राजकीय 10 2 की विद्यालयों में नए सदस्य बनेगी। सदस्यता तीन चरणों में होगी। प्रथम चरण में विद्यालय सदस्यता 06 मई से 15 मई तक, द्वितीय चरण में व्यवसायिक छात्र सदस्यता 20 जुलाई से 30 जुलाई तक और तृतीय चरणा में सदस्यता में शेष सभी महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय मे सदस्यता 1 अगस्त से 10 अगस्त तक सम्पन्न होगी। इस प्रेस वार्ता में प्रान्त सह मंत्री अंजलि चोरसिया, प्रान्त सह मंत्री राजेन्द्र प्रजापत उपस्थित रहे। सदस्यता अभियान के पोस्टर का विमोचन किया।


## कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकद्मा नम्बर 31/2024

(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री राम बाबू अग्रवाल प्रन्यासी पंजीकृत प्रन्यास अग्रसेन विकास ट्रस्ट 59, गोविन्दम देवी नगर न्यू सांगानेर रोड सोडाला जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 38 जयपुर 2008 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास के चुनाव करा निर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों के नाम प्रन्यास अभिलेख में दर्ज रिकार्ड कराने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 12.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 16.05.2024

मोहर अदालत

आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

## हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना

(साधारण प्रारूप)

व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय गोपाल विरूद्ध तहसीलदार वगै. स्थान पावटा
प्रार्थना पत्र :- पत्थरगढी
प्रार्थना-पत्र संख्या 15 सन् 2023

1. नाम कमलेश पुत्र छाजुराम जाति यादव पता कुनेड तहसील पावटा, जिला जयपुर, हाल जिला कोटपूतली-बहरोड, राजस्थान
2. नाम रजनी पुत्री छाजुराम पत्नि अमित यादव जाति यादव पता मौहल्ला पीच बिहाली, पवाना, तहसील कोटपूतली, जिला जयपुर, हाल जिला कोटपूतली-बहरोड, राजस्थान।
3. नाम कैलाश पुत्र जम्मन जाति यादव पता कुनेड़ तहसील पावटा, जिला जयपुर, हाल जिला कोटपूतली-बहरोड, राजस्थान
4. नाम हजारी पुत्र भूरा जाति यादव पता ढाणी भौमिया जी की, पावटा, तहसील पावटा, जिला जयपुर, हाल जिला कोटपूतली-बहरोड, राजस्थान
5. नाम बनवारी पुत्र बंशी जाति यादव पता ढाणी भौमिया जी की, पावटा, तहसील पावटा, जिला जयपुर, हाल जिला कोटपूतली-बहरोड, राजस्थान

उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि पत्थरगढी हेतू

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 03 माह मई सन् 2024 को 10:00 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

अतः आज तारीख 24 माह अप्रेल सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

दिनांक 24.04.2024

उपखण्ड अधिकारी
पावटा (जिला-कोटपूतली बहरोड)



## तीये की बैठक



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड रहा है कि हमारे पिताजी

**श्री राम सहाय शर्मा**

पुत्र स्व. श्री मोतीलाल शर्मा (सीमावत) का स्वर्गवास, दिनांक 30.04.2024 को हो गया है। बैठक दिनांक 02.05.2024 को सायं 5 से 6 शिव मन्दिर गोपालबाडी, जयपुर है।

**शोकाकुल-** महेन्द्र, प्यारे लाल, राकेश (भ्राता), जितेन्द्र शर्मा (पुत्र), मृदुल, शौर्य (पौत्र) संपर्क-9829063554

## नम्बर मिलाइए 9587884433




सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस

**जयपुर**। प्रदेश में जनस्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बुधवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम एवं द्वितीय तथा संयुक्त निदेशक जयपुर जोन के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

डॉ. माथुर ने तीनों कार्यालयों के सभी कक्षों में जाकर कार्मिकों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। औचक निरीक्षण में 44 चिकित्सा कार्मिक अनुपस्थित मिले।

डॉ. माथुर ने बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय पर कार्यालय नहीं आने वाले एवं बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्वाई की जाएगी।

उन्होंने इस दौरान विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति एवं क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने तीनों कार्यालयों में ई-फाइल एवं ई-डाक के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि फाइलों का निस्तारण समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए।


## नाम परिवर्तन

मैं मेरा नाम सुनील कुमार डिडवानिया से बदलकर सुनील डिडवानिया पुत्र श्री राजकुमार डिडवानिया रख लिया है। आगे से मुझे सुनील डिडवानिया के नाम से जाना व पहचाना जावे पता-डी-156, अछ्त स्प्रींग दुर्गा मार्ग बनीपार्क जयपुर

I Sobhag Kanwar W/o Gopal Singh R/o Village Post-Jalsu Kalan, Teh. Degana, Nagore, Rajasthan Pin 341514. MySon's army No. 15145412P Hav. Bhanwar Singh service record my name Sobag Kanwar Date of Bith 28.09.1961 wrong recorded. Correct My name Sobhag Kanwar and Date of Birth 01.01.1965. Vide Affidavit Dated 20.04.2024 Jaipur.



## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031, फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**परिशिष्ट-IV-ए**
**(नियम 8 (6) व 9 (1) का प्रावधान देखें)**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 18.05.2024 को "जहाँ है जैसी है" "जो कुछ है यह हैं" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर जैसा नीचे वर्णित है, कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता (ओं) और सह-ऋण ग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड) को बकाया राशी की वसूली के लिए की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात www.idfcfirstbank.com

**निलामी का विवरण**

| क्र. सं. | (i) डिमांड नोटिस राशि | (ii) नाम ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं) | (iii) सम्पत्ति का पता | (iv) आरक्षित मूल्य राशि | (v) ईएमडी राशि | (vi) निलामी की तिथि व समय | (vii) ईएमडी निलामी की तिथि व समय | (viii) सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | (ix) अधिकृत अधिकारी का नाम व मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रूपये 1208365.89/- डिमांड नोटिस दिनांक 11 अप्रैल 2021 | रवि शर्मा, नारंगी देवी और रामबाबू शर्मा | यूनिट नं. एस-1, क्षेत्रफल 800.00 वर्गफिट, दूसरी मंजिल, प्लाट नं. ए-73, मंगलम सिटी, ब्लाक-ए, ग्राम हाथोज, कालवाड रोड, जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमाये है पूर्व-प्लाट नं. ए-62, पश्चिम-रोड 30 फिट चौडी, दक्षिण-प्लाट नं. ए-72, उत्तर-रोड 30 फिट चौडी | रूपये 1080000.00/- | रूपये 108000/- | 18.05.2024 प्रातः 11.00 से दोपहर 1.00 तक | 17.05.2024 प्रातः 10.00 से सायं 5.00 तक | 09.05.2024 दोपहर 1.00 से सायं 4.00 तक | नाम-सरदीप राठौड, मोबाइल नम्बर-9887772255 नाम-आंचल शर्मा, मोबाइल नम्बर-7737204242 |
| 2 | रूपये 6217608.45/- डिमांड नोटिस दिनांक 18 मार्च 2023 | राजकुमार एण्ड कम्पनी राजकुमार ताम्बी मोहन लाल | दुकान नं. 74, क्षेत्रफल 14.89 वर्गमीटर अर्थात 160.21 वर्गफिट नागतलाई, सूरजपोल गेट, जयपुर के सामने, जयपुर नगर, चौकडी हवेली, जयपुर, राजस्थान 302003 का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमाये है पूर्व- रोड 30 फिट चौडी, पश्चिम-बेचने वाले का मकान प्लाट नं. 5, उत्तर-दुकान नं. 73, दक्षिण-पैसेज | रूपये 2916000.00/- | रूपये 291600.00/- | 18.05.2024 प्रातः 11.00 से दोपहर 1.00 तक | 17.05.2024 प्रातः 10.00 से सायं 5.00 तक | 09.05.2024 दोपहर 1.00 से सायं 4.00 तक | नाम-पुष्पेन्द्र सैनी मोबाइल नम्बर-9772306344 नाम-आंचल शर्मा, मोबाइल नम्बर-7737204242 |

**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

दिनांक- 02.05.2024
स्थान- जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

# दस हजार रुपए की रिश्वत लेते ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर गिरफ्तार

## कार्यभार ग्रहण कराने की एवज में ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर ने एएनएम से 18 हजार की रिश्वत मांगी थी

**घड़साना, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के घड़साना बीसीएमओ कार्यालय में कार्यरत ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर की ओर से एक संविदा कार्मिक को कार्यभार ग्रहण कराने के एवज में 10 हजार की रिश्वत लेते एसीबी अधिकारियों ने गिरफ्तार किया है। श्रीगंगानगर एसीबी चौकी के प्रभारी पवन कुमार मीणा के निर्देशों के तहत डिप्टी एसपी वेदप्रकाश लखोटिया तथा सीआई विजेन्द्र सीला के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

- **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के घड़साना बीसीएमओ कार्यालय में एसीबी ने कार्रवाई की**

चौकी प्रभारी डिप्टी एसपी लखोटिया ने बताया कि ग्राम पंचायत 2 आरकेएम कुण्डल में पूर्व में एएनएम पद कार्य कर चुकी महिला कार्मिक किरणदीप कौर पत्नी संदीप सिंह को अनुबंध पूरा होने पर कार्यमुक्त कर दिया गया था। मार्च माह में राज्य सरकार ने स्वास्थ्य केन्द्रों पर कार्यरत एएनएम पदों को पुन: पदभार ग्रहण करने के आदेश दिए गए। इन आदेशों के तहत किरणदीप कौर ने ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर अजय कुमार सोनी से सर्म्पक किया।

पदभार ग्रहण कराने के आदेश जारी करने के एवज में किरणदीप कौर से बीपीएम अजयकुमार सोनी ने 18 हजार रुपए की मांग की। किरणदीप कौर ने गरीब होने का कहकर आर्थिक संकट की मजबूरी भी जताई, लेकिन बीपीएम नहीं माना। बिना रिश्वत काम नहीं होने की स्थिति बनने पर किरणदीप कौर के पति ने श्रीगंगानगर एसीबी कार्यालय से सम्पर्क किया। जिस पर 25 अप्रेल को ब्यूरो कार्यालय की ओर से उसी रोज परिवादिया के पति संदीप सिंह को आरोपी के पास भिजवाकर रिश्वत मांग का सत्यापन करवाया गया। सत्यापन के दौरान आरोपी अजय कुमार ने 18 हजार रुपए रिश्वत लेना तय कर परिवादी से 8 हजार रुपए रिश्वत के प्राप्त कर लिए तथा 10 हजार रुपए बाद में लेना तय किया।

रिश्वत मांगने तथा लेने का सत्यापन होने के बाद एसीबी ने आरोपी अजय कुमार सोनी को गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछाया। एसीबी अधिकारियों ने परिवादिया के पति संदीप सिंह को रंग लगे दस हजार रूपए के नोट बीपीएम अजय सोनी को देने के लिए भेजा। बीपीएम के रिश्वत राशि लेते ही कार्यालय में बैठे अजय सोनी को घेरा डालकर गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी पेंट की जेब से रंग लगे दस हजार रुपए के नोट भी बरामद करने के बाद हाथ धुलाए तो रंग घुल गया।

## ग्राम विकास अधिकारी को 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

**दौसा, (निसं)।** जिले में बुधवार को जयपुर एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) को 15 हजार की रिश्वत के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया।

मामला सिकंदरा पंचायत समिति क्षेत्र की ब्राह्मण बैराड़ा ग्राम पंचायत का है। जहां हुए निर्माण कार्यों के बिल भुगतान की एवज में वीडीओ ने परिवादी से रिश्वत राशि मांगी थी। इस सम्बन्ध में परिवादी ने जयपुर एसीबी ऑफिस पहुंचकर शिकायत की। शिकायत का सत्यापन के बाद बुधवार को एएसपी के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। एसीबी टीम के अचानक पहुंचने से वहां खलबली मच गई। जयपुर मुख्यालय से एसीबी के एएसपी संदीप सारस्वत ने बताया परिवादी ने शिकायत दी थी। उसने ग्राम पंचायत क्षेत्र की सरकारी स्कूल में कमरों व नालों का निर्माण कार्य किया था। जिसके बिलों के भुगतान की एवज में ग्राम विकास अधिकारी नितेश शर्मा 32 हजार पांच सौ रुपए रिश्वत की डिमांड कर रहा है। शिकायत के सत्यापन करने के कार्रवाई को अंजाम दिया गया। एसीबी आरोपी वीडीओ से पूछताछ में जुटी है, जिसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।



आरोपी वी.डी.ओ.।

- **ग्राम विकास अधिकारी ने बिल पास करने की एवज में 32 हजार की रिश्वत मांगी थी**
- **सिकंदरा पं. समिति क्षेत्र की ब्राह्मण बैराड़ा ग्राम पंचायत का है मामला**

# कांग्रेसी प्रत्याशी करणसिंह उचियारड़ा सहित 16 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## आचार संहिता व धारा 144 का उल्लंघन माना गया

**जोधपुर, (कासं)।** लोकसभा चुनाव के दिन बैंगटीकला व अन्य मतदान केन्द्रों पर हुई झड़प के बाद 28 अप्रेल को कांग्रेसी नेताओं द्वारा पुलिस थाना फलोदी के आगे धरना प्रदर्शन और जोधपुर में पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय तक रैली निकालना भारी पड़ गया। जिला मजिस्ट्रेट ने इसे आचार संहिता व धारा 144 का उल्लंघन माना है। ऐसे में जोधपुर लोकसभा सीट से कांग्रेसी प्रत्याशी करणसिंह उचियारड़ा सहित 16 के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

- **लोकसभा चुनाव के दौरान फलोदी के बैंगटीकला व अन्य पोलिंग बूथ पर हुई झड़प के मामला**

लोकसभा चुनाव के दौरान फलोदी जिले के बैंगटीकला व अन्य पोलिंग बूथ पर हुई झड़प के मामले में 11 लोगों को पकड़ने के मामले को लेकर रविवार को फलोदी में कांग्रेस का धरना दिया गया था। इस बीच कुछ कांग्रेसी नेताओं के साथ करण सिंह फलोदी पहुंचे और थाने के आगे जमकर विरोध प्रदर्शन कर कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट करने वाले दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की मांग की। करणसिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर 307 आईपीसी की धारा में प्रकरण दर्ज करने व 151 सीआरपीसी की धारा में गिरफ्तार करने वाले दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस नेता प्रकाश छंगाणी, पूर्व विधायक किशनाराम विश्नोई, कुम्भसिंह पातावत की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ताओं मौजूद थे। धरने को संबोधित करते हुये उचियारड़ा ने कहा मैंने जिला कलेक्टर, एसपी, आईजी व आला नेताओं से बात की मगर कोई रास्ता नहीं निकला। इसलिए हमें धरना देना पड़ा।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के तहत गत 17 मार्च को आचार संहिता लगी थी, जिसके तहत जिला मजिस्ट्रेट ने आगामी दो माह के लिए धारा 144 सीआरपीसी लागू की गई थी, जिसमें नियम व शर्तें भी तय की गई, लेकिन गत 28 अप्रेल को फलोदी-जोधपुर चौराहे पर पुलिस थाना फलोदी पर दर्ज मामले के विरोध में लोकसभा क्षेत्र जोधपुर से कांग्रेसी प्रत्याशी करणसिंह उचियारड़ा की अगुवाई में कई समर्थकों ने फलोदी थाने का घेराव व प्रदर्शन किया था। आरोप है कि करण सिंह उचियारड़ा के फलोदी आने पर उनके समर्थकों ने रोड जाम कर दी । इससे पहले वृताधिकारी कार्यालय का घेराव किया।

थानाधिकारी फलोदी ने लोकसभा प्रत्याशी करणसिंह उचियारड़ा, प्रकाश छंगाणी पुत्र पूर्व विधायक दीपचन्द, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इलमदीन निवासी होपारडी, उपसभापति सलीम नागौरी, पंचायत समिति प्रधान उमरदीन, वकील श्रीगोपाल व्यास, महेश व्यास, प्रवीण सिंह एडवोकेट, इस्लाम खां, मेहबूब खां, लोहावट के पूर्व विधायक किशनाराम विश्नोई, गोरधन जयपाल एडवोकेट, कुम्भसिंह पातावत, इनायत अली सरपंच जुनेजों की ढाणी, प्रवीण मदेरणा एडवोकेट और किरण मेघवाल के खिलाफ नामजन प्रकरण दर्ज किया गया है।

## रविंद्र सिंह भाटी को सुरक्षा देने की मांग

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शिव विधायक व बाड़मेर जैसलमेर लोकसभा सीट के निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी की सुरक्षा की मांग को लेकर शाहपुरा में राजपूत समाज ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर राजेन्द्र सिंह शेखावत को ज्ञापन दिया एवं भाटी को जेड श्रेणी सुरक्षा देने की मांग की। जय राजपूताना संघ के प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह कानावत का कहना है कि पहले गोगामेड़ी ने भी सुरक्षा मांगी नहीं मिली और फिर उनकी हत्या हो गई थी। समाज अपना और कोई बेटा खोना नहीं चाहता है। चंद्रवीर सिंह बामणिया का कहना है कि भाटी की राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता से राजनेतिक लोग उन पर फर्जी मुकदमे दर्ज करवाकर भाटी की आवाज को दबाना चाहते हैं, अगर सरकार समय रहते मुकदमे वापस नहीं लेती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# अज्ञात युवकों ने होटल संचालक पर हमला किया

## घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जयपुर रैफर

**भीलवाड़ा, (निसं)।** हनुमान नगर थाना क्षेत्र में घर से होटल जाते हुए होटल संचालक पर अज्ञात युवकों ने हमला कर दिया। जिसमें वह गम्भीर घायल हो गया। लोगों की सूचना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को देवली हास्पीटल में भर्ती करवाया जहां प्रथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गम्भीर होने पर जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

जहाजपुर उप अधीक्षक अजित सिंह मेगवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि हनुमान नगर थाना क्षेत्र के इमानुल स्कूल के पास घर से होटल जा रहे होटल संचालक दिनेश ऊर्फ लाला राम घोसी पर अज्ञात युवकों ने चाकू से हमला कर दिया जिसके बाद घायल को देवली हॉस्पीटल पहुंचाया और जहां गम्भीर होने पर जयपुर रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी और घटना के बाद घायल युवक के परिजन, समाज व ग्रामीणों की हॉस्पीटल परिसर के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई। जिसको देखते हुये पुलिस ने चार थानों का जाब्ता मौके पर तैनात करवाया और लोगों से पुलिस ने समझाइश की।



घायल युवक को देवली अस्पताल में भर्ती करवाया।

# मजदूरी मांगने पर मजदूर को बंधक बनाकर पीटा

## कमठा श्रमिक के खाते से 50 हजार रूपए ट्रांसफर किये

**जोधपुर, (कासं)।** एक तरफ दुनियाभर में बुधवार को इंटरनेशनल लेबर डे मनाया गया। वहीं जोधपुर में एक कमठा श्रमिक को उसकी मजदूरी की राशि नहीं देकर कमरे में बंधक बनाकर मारपीट करने के साथ खाते से 50 हजार रूपए ट्रांसफर कर लिए गए। पीड़ित ने इस बारे में बनाड़ थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस ने भवन मालिक, उसके पुत्रों एवं पत्नी को नामजद करते हुए अब जांच आरंभ की है।


- **पीड़ित ने इस बारे में बनाड़ थाने में रिपोर्ट दी है, जांच शुरु**

बनाड़ पुलिस ने बताया कि नांदड़ाकलां स्थित श्रीयादे नगर निवासी फूसाराम पुत्र गिरधारीलाल प्रजापत ने मामला दर्ज कराया है। इसमें बताया कि उसने शिव विहार कॉलोनी निवासी बाबूलाल विश्नोई के यहां पर प्लास्टर एवं फर्श कार्य का ठेका लिया था। जिसके लिए बाबूलाल की तरफ से 3.65 लाख रूपए उसे दिए गए। काम 29 अप्रेल को खत्म होने पर एरिया का नाप किया गया तो 19 हजार रूपए बाबूलाल से बकाया मिले। इस पर वह अपने परिचित के माध्यम से रूपए लेने गया। तब बाबूलाल और उसके पुत्रों एवं पत्नी ने उसे कमरे में बंधक बनाकर मारपीट की और कुछ रूपए छीन लिए। इन लोगों ने काम सही नहीं होना बताकर वापिस रूपयों की मांग की। फिर उसका मोबाइल छीनकर खाते में 50 हजार रूपए ट्रांसफर कर डाले। बनाड़ पुलिस ने बताया कि प्रकरण दर्ज किया गया है।

## मजदूर ने आत्महत्या की

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र की बापूनगर कॉलोनी में अज्ञात कारणों के चलते एक फैक्टरी मजदूर ने घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

फैक्ट्री में कार्यरत बापूनगर निवासी श्रवण पुत्र मदन गोपाल प्रजापत (26) ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर के कमरे में फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद जब उसकी पत्नी कमरे में पहुंची तो पति को फंदे से झूलता देख उसकी चित्कार फूट पड़ी। पत्नी की चीख पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके की और दौड़े और युवक को फंदे से उतारकर एमजी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां प्राथमिक परीक्षण के बाद चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में कार्य करके अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू की है।



मृतक मजदूर

## पूर्व सरपंच पर नकाबपोश अज्ञात व्यक्तियों ने किया हमला, मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** बदनोर थाना अंतर्गत भोजपुरा गांव के पूर्व सरपंच जगदीश मेवाड़ा पर अज्ञात नकाबपोश लोगों ने हमला कर दिया, जिससे पूर्व सरपंच जगदीश मेवाड़ा घायल हो गए। वहीं घायल पूर्व सरपंच को जिला चिकित्सालय ब्यावर ले जाया गया जहां पर स्थिति गंभीर होने पर उन्हें अजमेर चिकित्सालय में रेफर किया गया। इलाज के दौरान पूर्व सरपंच जगदीश मेवाड़ा की मौत हो गई। वहीं परिजनों ने बदनोर थाना पहुंचकर मामला दर्ज करवाया है।

जानकारी मिलने पर आसींद हुरडा क्षेत्रीय विधायक जब्बर सिंह सांखला बदनोर पहुंचे एवं बताया कि बदनोर क्षेत्र में इस प्रकार की अमानवीय घटना की कड़ी निंदा करता हूं तथा प्रशासन से आग्रह है कि शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए। वहीं पुलिस उपाधीक्षक मसूदा सज्जन सिंह ने बताया कि भोजपुरा पूर्व सरपंच पर जानलेवा हमले की जानकारी मिली है कुछ व्यक्तियों को डिटेन करके पुलिस के द्वारा पूछताछ कर अनुसंधान जारी है। वहीं घटना के दौरान बीच बचाव करने गए जगदीश चांदावत ने बताया कि झगड़े के दौरान में बचाव करने गया था तो अज्ञात हमलावरों ने मुझ पर भी हमला कर दिया जिससे मेरे हाथों की चारों उंगलियां चोटिल हो गई। वही संबंधित घटना को लेकर आपसी रंजिश का मामला बताया जा रहा है।

- **आपसी रंजिश का मामला बताया जा रहा है**

# बंदियों ने जेलर के साथ बेरहमी से मारपीट की

## तीनों कैदियों पर राजकार्य में बाधा का मुकदमा दर्ज

**बीकानेर, (निसं)।** बीकानेर जेल में कैदियों ने ही जेलर की जमीन पर पटक कर लात-घूंसों से बेरहमी से पिटाई कर दी। यह मामला सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है। पीड़ित जेलर सूरज नारायाण जोशी ने बीछवाल पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है।

जिसमें बताया कि जब वो जेल में गश्त कर रहे थे। तभी तीन बंदियों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। जेलर ने पुलिस को बताया कि बंदियों ने उन्हें जमीन पर पटक दिया। जब तक वो कुछ समझ पाते, उससे पहले ही बंदियों ने उन पर लात-घूसों की बरसात कर दी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जेलर का मेडिकल करवाया। एसपी तेजस्विनी गौतम ने कहा कि तीनों कैदियों के खिलाफ राजकार्य में बाधा का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल, पूरे मामले की जांच की जा रही है। इधर, इस घटना के बाद जेल में सुरक्षा बढ़ाई दी गई है।

जेल में बंद कैदी मोहम्मद समीर, अफरीद उर्फ गोली खान और साले मोहम्मद ने जेलर सूरज नारायण सोनी पर हमला किया था। इस घटना से जेल में अफरा-तफरी मच गई। इस घटनाक्रम के बाद जेल प्रहरी और अन्य कैदी दौड़कर आए और जेलर को हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया। जेल के अंदर गड़बड़ी की शिकायत आने के बाद से ही जेलर का सख्त रुख देखने को मिल रहा है। वो आए दिन जेल में गश्त कर व्यवस्थाओं को जायजा लेते हैं। ऐसे में कुछ कैदियों में नाराजगी है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि इसी वजह से कैदियों ने जेलर पर हमला किया।

# राजस्थान के कई नेताओं ने अन्य राज्यों में प्रचार में ताकत झोंकी

## हरियाणा में जुटे भाजपा के दिग्गज नेता, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश भी पहुंचे कई नेता

**जयपुर।** राजस्थान में दो चरणों में सभी लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो चुका है। अब यहां से सरकार और भाजपा के दिग्गज नेता अन्य राज्यों में जा रहे हैं। कई राज्यों में पूरी ताकत झोंक दी है। पश्चिम बंगाल की मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद के लिए तीसरे चरण में वोटिंग होगी। जिसके लिए राजस्थान सरकार के कई मंत्री और पदाधिकारी वहां पर जा रहे हैं। राजस्थान सरकार के मंत्री और भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों समेत भाजपा नेता जयपुर से पश्चिम बंगाल के गए हैं।

- **पश्चिम बंगाल की मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद के लिए तीसरे चरण में वोटिंग होगी**

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि एक मई को राज्य सरकार के मंत्री झाबर सिंह खर्रा, गौतम दक, प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, भूपेन्द्र सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष विष्णु चेतानी, राजेन्द्र शर्मा और राजेश कुमार पश्चिम बंगाल में प्रवास के दौरान भाजपा प्रत्याशियों की चुनावी सभाओं और रैलियों में शामिल होंगे। तेलंगाना में 13 मई को 17 सीटों के लिए चौथे चरण में मतदान होंगे, उसके लिए राजस्थान से भाजपा के दिग्गजों की टीम जा चुकी है। राजस्थान से वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी, देवनारायण बोर्ड के चेयरमैन ओमप्रकाश भड़ाना, भाजपा प्रदेश मंत्री विजेंद्र पुनिया, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रनवाँ तेलंगाना पहुंच चुके हैं। वहीं आंध्रप्रदेश में भी चौथे चरण में लोकसभा की सभी 25 सीटों के लिए मतदान होंगे जिसमें विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़, प्रदेश महामंत्री आदरणीय श्रवण सिंह बगड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक हीरेंद्र कौशिक, आईटी के प्रदेश संयोजक अविनाश और विनोद सिंह वहां पर हैं।

हरियाणा में छठें चरण के तहत 25 मई को लोकसभा की सभी 10 सीटों के लिए मतदान होंगे। जिसके लिए भाजपा हरियाणा प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां, प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक सुभाष बराला, प्रदेश संगठन महामंत्री फनीन्द्रनाथ शर्मा ने हरियाणा भाजपा प्रदेश कार्यालय रोहतक में राजस्थान प्रदेश के जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों के साथ हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की रणनीति पर मंथन किया। जिसमें हरियाणा भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, राजस्थान के कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा, विधायक बाबा बालकनाथ, किसान आयोग अध्यक्ष सीआर चौधरी, प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, सांसद सुमेधानंद सरस्वती, सांसद भागीरथ चौधरी, एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मेघवाल, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता अशोक सैनी, ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री निर्मल कुमावत, युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, पूर्व विधायक विश्वनाथ मेघवाल ने बड़ी प्लानिंग बनाई है।

# मसूदा में नांदसी के मतदान केंद्र सं. 195 पर दोबारा मतदान आज

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान का अजमेर एकमात्र ऐसा संसदीय क्षेत्र है जहां एक पोलिंग केंद्र नांदसी गांव पर पोलिंग पार्टी ने मतदान के आवश्यक दस्तावेज ही खो दिए। उस केंद्र पर आज दो मई को पुनर्मतदान होगा। जिला प्रशासन ने दोबारा मतदान के लिए दल रवाना कर दिए हैं। वहीं यह विचारणीय हो गया है क्या पोलिंग पार्टी के पांच कार्मिकों को निलंबित कर देने से इतना गंभीर मामला रफा-दफा हो जाएगा। मजेदार बात तो यह है कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने चार दिन तक इस घटना को छुपाए रखा।

लोकसभा चुनाव के अब तक दो चरण हुए हैं। 19 अप्रैल को पहले चरण में 102 तथा 26 अप्रैल को द्वितीय चरण में 88 सीटों पर मतदान हुआ। द्वितीय चरण की 88 सीटों में राजस्थान का अजमेर संसदीय क्षेत्र भी शामिल रहा। 26 अप्रैल को मतदान हो जाने के बाद जिला निर्वाचन विभाग की ओर से दावा किया गया कि पूरे संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान हो गया है। कहीं से भी गड़बड़ी की कोई शिकायत नहीं मिली है, लेकिन 30 अप्रैल को अचानक जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित की ओर से कहा गया कि अजमेर संसदीय क्षेत्र के मसूदा विधानसभा के नांदसी गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मतदान केंद्र संख्या 195 पर 2 मई को पुनर्मतदान होगा।



नादंसी में मतदान करवाने के लिए अजमेर से पोलिंग पार्टी रवाना हुई।

- **पोलिंग पार्टी कर्मचारियों के रजिस्टर 17-ए गुम होने का है मामला**

बताया गया कि 26 अप्रैल को जब पोलिंग पार्टी मतदान करवा कर लौट रही थी, तब मतदान से जुड़े आवश्यक दस्तावेज गुम हो गए। इसमें निर्वाचन विभाग द्वारा जारी रजिस्टर 17-ए शामिल हैं। इस रजिस्टर में ही मतदान के दौरान मतदाता का मतदाता सूची क्रमांक, मतदाता का पहचान पत्र, हस्ताखर या अंगूठा आदि दर्ज होते हैं। पोलिंग पार्टी ईवीएम और वीवीपैट मशीन के साथ साथ रजिस्टर आदि दस्तावेज भी जमा करवाती है। अजमेर संसदीय क्षेत्र की मतगणना अजमेर स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में होगी, इसलिए सभी दस्तावेज इसी कॉलेज में जमा किए गए। अब जब सच्चाई सामने आई है तो पता चला कि मतदान केंद्र संख्या 195 के दस्तावेज 26 अप्रैल की रात को जमा नहीं हुए। आखिर इतने गंभीर मामले को चार दिनों तक क्यों छुपाए रखा गया। इस बीच निर्वाचन अधिकारी ने विस्तृत रिपोर्ट राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने देश के चुनाव आयोग को रिपोर्ट भेजी। इसमें आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट भी शामिल रही। अब चुनाव आयोग के निर्देश पर ही 2 मई को पुनर्मतदान करवाया जा रहा है।

आवश्यक दस्तावेज खो देने के मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग पार्टी के पीआरओ राम किशोर, पीओ प्रथम विश्वेंद्र बैरवा, पीओ द्वितीय राजेंद्र सिंह तथा पीओ तृतीय गोपाल व ब्रदी को निलंबित कर दिया है। मसूदा के नांदसी के मतदान केंद्र संख्या 195 पर 750 मतदाता दर्ज है। पुनर्मतदान होने से मतदाताओं को परेशानी होगी।

मसूदा एसडीएम कुलदीप सिंह शेखावत ने बताया कि रजिस्टर 17-ए को गुम कर दिया था और जिला निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर पोलिंग पार्टी पर कार्रवाई भी की गई, इस पूरे मामले को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने गंभीरता से लिया है। तो वहीं रजिस्टर 17-ए गुम होने के कारण वापस मतदान करवाना पड़ रहा है, बूथ पर 753 मतदाताओं को फिर से वोट डालने पडेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मसूदा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 195, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नांदसी के कमरा संख्या 1 में स्थित बूथ पर दोबारा मतदान गुरुवार 2 मई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। पोलिंग पार्टी दोबारा मतदान केंद्र पर पहुंच गई हैं।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान**

आबकारी भवन 2-गुमानियावाला, पंचवटी, उदयपुर-313001

क्रमांक-प.23(1)आब/लेखा/भांग बन्दोबस्त/2024-25/548 दिनांक-01.05.2024

**भांग समूहों हेतु निविदा सूचना-07**

आबकारी एवं मद्य संयम नीति वर्ष 2024-25 के प्रावधान अनुसार राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 तथा उसके अन्तर्गत बने राजस्थान आबकारी नियम 1956 के अन्तर्गत पडत रहे 8 भांग समूहों के थोक एवं खुदरा विक्रय के लिये अनुज्ञापत्र (Licence) स्वीकृत करने हेतु निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में बन्द लिफाफे में दिनांक 06.05.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक कार्यालय आबकारी आयुक्त 2-गुमानियावाला, पंचवटी, उदयपुर में आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अपरान्ह 4.00 बजे खोली जाएगी। निविदा की मुख्य शर्ते एवं अन्य विवरण विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in एवं https://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाएं वार्षिक आरक्षित राशि के आधार पर आमंत्रित की गई है। निविदा में प्रस्तुत वार्षिक राशि स्वीकृति दिनांक से आनुपातिक देय होगी। समूह में आवश्यकतानुसार भांग की अतिरिक्त दुकाने अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा स्वीकृत की जाएगी। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

आबकारी आयुक्त
राजस्थान, उदयपुर

DIPR/C/3454/2024

# चौराहों पर एल्युमिनियम शीट के टुकड़े जोड़कर घटिया गेन्ट्री व साइन बोर्ड लगवा रहा ग्रेटर निगम

## अंधड़ के मौसम में शीट के यह टुकड़े अगर सड़कों पर गिरे तो कई लोगों को चोटिल करेंगे




- **सूत्रों की मानें तो 99.80 लाख रु. के इस टैंडर को निगम ठेकेदार ने करीब 36 प्रतिशत कम रेट पर लिया है, इसलिए लागत बचाने के लिए सस्ती कीमत पर एल्युमिनियम शीट के टुकड़े खरीदकर लाये जा रहे हैं।**
- **अधिशाषी अभियंता महेश मिश्रा का कहना है कि ''अगर ठेकेदार तय शर्तों के मुताबिक काम नहीं करेगा तो उसे भुगतान नहीं किया जायेगा। कार्य की एम.एन.आई.टी. से थर्ड पार्टी जांच करवाएंगे।**

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर की सबसे वी.आई.पी. रोड माने जाने वाले जे.एल.एन. मार्ग के चौराहों पर घटिया गेन्ट्री और साइन बोर्ड लगाने का काम चल रहा है। ओ.टी.एस. चौराहे पर निगम ठेकेदार ने जो गेन्ट्री बोर्ड लगाया है, उसमें एल्युमिनियम शीट एक रखने के बजाय करीब 12 शीट के टुकड़े जोड़कर लगाए हैं। गर्मी और अंधड़ के मौसम में अब यहां पर हादसे का खतरा बढ़ गया है, अगर एल्युनियम शीट नीचे गिरती है तो इस रास्ते से गुजरने वाले लोगों को चोटिल करेगी।

सूत्रों की मानें तो ग्रेटर निगम के अधिशाषी अभियंता मुख्यालय ने 15 फरवरी को करीब एक करोड़ रु. की लागत से गेन्ट्री व साइन बोर्ड लगाने के लिए 99.80 लाख रु. की निविदा जारी की। इस निविदा के मुताबिक नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में जगह-जगह गेन्ट्री व साइन बोर्ड लगाने का कार्य करना था। यह बोर्ड 2 एम.एम. मोटी एल्यूमिनियम शीट में लगने थे।

इस शीट को नीले अथवा हरे रंग से ढककर उस पर उच्च गुणवत्ता की रिफलेक्टिव शीट लगानी थी, ताकि आमजन को हर मौसम में रास्तों और उचित दूरी की जानकारी मिल सके। इसके अलावा करीब 1 वर्गमीटर से छोटे और बड़े साइन बोर्ड, पुराने साइन बोर्ड्स पर रंग-रोगन तथा स्टील से जुड़ा हुआ काम कना था।

सूत्रों के मुताबिक करीब एक करोड़ के इस टैंडर में 6 से ज्यादा फर्मों ने भाग लिया। जिसमें प्रिंस एंटरप्राइजेज, कुलदीप कंस्ट्रक्शन्स, श्री सांई कृपा कंस्ट्रक्शन्स, ताज कंस्ट्रक्शन्स, कृष्णा कंस्ट्रक्शन्स कंपनी और क्लासिक फर्म शामिल थी।

चूंकि प्रिंस एंटरप्राइजेज की दरें सबसे कम करीब 36 प्रतिशत थी, इसलिए यह ठेका उसे दिया गया। इसके अलावा कंपनी को करीब 18 प्रतिशत जी.एस.टी. का भुगतान भी करना होता है। ऐसे में इस फर्म को यह काम करीब 50 प्रतिशत कम लागत पर यानि कि करीब 45-50 लाख रु. में ही करना है। अपनी लागत घटाने और मुनाफा कमाने के लिए प्रिंस एंटरप्राइजेज़ ने जो गेन्ट्री और साइन बोर्ड शहर में लगवाने शुरू किए हैं, उनमें तय शर्तों और गुणवत्ता से विपरीत काम किया जा रहा है। हाल ही में जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित ओ.टी.एस. चौराहे पर गेन्ट्री व साइन बोर्ड लगाया गया है, इस बोर्ड में करीब एल्यूमिनियम शीट के करीब 12 टुकड़े जोड़कर चिपकाए हुए है। यानि कि जो शीट पूरी एक लगनी थी, वह स्क्रैप के भाव सस्ती बिकने वाली शीट खरीदकर चिपका दी गई। यहां तक कि साइन बोर्ड पर लगाए गए ग्रेटर निगम का लोगो और रिफलेक्टिव अक्षर भी ऊपर-नीचे खिसक रहे हैं।

इस घटिया काम के बारे में जब अधिशाषी अभियंता महेश मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने तुरंत इंजीनियर्स की टीम मौके पर भेजकर काम की गुणवता जांच करवाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि एम.एन.आई.टी. से थर्ड पार्टी जांच करवाने के बाद ही किसी भी फर्म को भुगतान किया जाता है, अगर ठेकेदार द्वारा घटिया काम किया जा रहा है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# 'रामचंद्र कुल्फी वाला' पर खाद्य टीम का छापा

## फैक्ट्री से एक्सपायरी डेट का कलर और एसेंस बरामद हुआ, इसका इस्तेमाल आइसक्रीम बनाने में हो रहा था

**जयपुर** (कासं)। चिकित्सा विभाग की फूड सिक्योरिटी टीम ने बुधवार को जयपुर के नामी कुल्फी विक्रेता ''रामचंद्र कुल्फी वाला'' के यहां छापा मारा। इस दौरान वहां एक्सपायरी डेट के कलर और एसेंस बरामद हुए, जिनको नष्ट करवाया। वहीं कुल्फी निर्माता के आउटलेट से कुल्फी, रबड़ी दूध और शेक के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भिजवाए।

फूड सेफ्टी कमिश्नर के निर्देश पर एडिशनल कमिश्नर पंकज ओझा के नेतृत्व में टीम ने त्रिपोलिया बाजार स्थित रामचंद्र कुल्फी वाला के यहां छापा मारा, जबकि एक टीम सुभाष नगर शॉपिंग सेंटर स्थित इस कुल्फी सेंटर की फैक्ट्री पर भी छापा मारा। इस फैक्ट्री से ही माल तैयार करके आउटलेट पर बेचा जाता है। फैक्ट्री पर छापा मारने पर टीम को वहां से एक्सपायरी डेट के कलर (आइसक्रीम में उपयोग होने वाले) मिले। इसके अलावा एक्सपायरी डेट के एसेंस भी मौके से बरामद हुए, जिनको नष्ट करवाया गया। ये एसेंस आइसक्रीम के अलावा फ्लेवर्ड मिल्क और अन्य फ्रोजल डेजर्ट में उपयोग किया जाता है। एक्सपायरी डेट का सामान मिलने पर विभाग ने कंपनी संचालक को नोटिस जारी किया। इसके साथ ही त्रिपोलिया बाजार स्थित आउट लेट से कुल्फी, रबड़ी दूध और अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल भी लेकर उन्हें जांच के लिए लैब भिजवाए।

# स्कूटी और कार को टक्कर मारते हुए डिवाइडर से जा टकराई बेकाबू कार

## करधनी क्षेत्र में हुए इस हादसे में कार की टक्कर से सड़क पर घिसटती चली गई स्कूटी सवार महिला हैड कांस्टेबल

- **इसके बाद बेकाबू कार डिवाइडर से टकराई, जहां धमाके से टायर ब्लास्ट हो गया**

**जयपुर** (कासं)। करधनी इलाके में आज सुबह एक बेकाबू कार ने दो वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज रफ्तार में कार ने पहले स्कूटी को टक्कर मारी। इसके बाद भी बेकाबू कार नहीं रूकी और आगे जा रही एक कार को पीछे से टक्कर मारी। उसके बाद भी कार नहीं रूकी और तेज रफ्तार में दौड़ती रही और आगे जाकर बेकाबू कार डिवाइडर पर चढ़ गई।

यह हादसा इतना भयावह था कि मौके पर जिन्होंने देखा, वह घबरा गए। कार इतनी स्पीड में थी कि जब आगे जाकर डिवाइडर से टकराकर रूकी तो उसके आगे का टायर फट गया। मौके पर टायर ब्लास्ट का धमाका हुआ। इस हादसे में कार में बैठा ड्राइवर बेहोश हो गया। सूचना मिलने पर करधनी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस जब पहुंची तो कार में चालक बेहोश हालत में मिला। जिसे पुलिस ने अस्पताल में पहुंचाया। जहां कार चालक का इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार महिला हेड कांस्टेबल सरिता अपनी ड्यूटी पर जा रही थी। प्रताप सर्किल से 200 फीट बाइपास की तरफ वाली रोड पर महिला हेड कांस्टेबल अपनी स्कूटी लेकर आ रही थी। तभी उसके पीछे से तेज रफ्तार में कार ने उसके टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार महिला हेड कांस्टेबल सड़क पर घिसटती चली गई। मौके पर लोगों ने महिला हेड कांस्टेबल को उठाया और पास में निजी अस्पताल में भेजा। जहां उसका इलाज चल रहा है।

प्रताप सर्किल निवासी धनसिंह ने बताया कि उनकी भाभी अल्टो कार में अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने के लिए निकली थी। घर से थोड़ी दूर निकली ही थी कि उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया। हालांकि कार तो दुर्घटना में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। लेकिन गनीमत यह रही कि भाभी और उनका बच्चा सकुशल है। मौके पर पुलिसकर्मियों ने बताया है कि संभवत यह हादसा चालक को नींद की झपकी आने की वजह से हुआ है। हादसे के अन्य कारण भी हो सकते है। जिनकी जांच की जा रही है। बहरहाल, पुलिस ने बेहोश हालत में मिलने पर कार चालक को अस्पताल में भर्ती कराया है। अब उसे होश आने पर उसके बारे में जानकारी ली जाएगी। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महिला सुरक्षा जन जागरूकता अभियान के लिए पुलिस ने बाइक रैली निकाली



**पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट से यातायात नियमों की पालना और महिला सुरक्षा अभियान के लिए आयोजित बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट जयपुर में यातायात नियमों की पालना एवं महिला सुरक्षा जन जागरूता अभियान सुरक्षा मान सम्मान के तहत बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन रैली गवर्नमेंट हॉस्टल से संसार चंद्र रोड, संजय सर्किल चांदपोल, छोटी चौपड़, अजमेरी गेट, यादगार तिराहा, अशोका टी पॉइंट, अशोका मार्ग, गवर्नमेंट प्रेस एमईएस होते हुए गवर्नमेंट हॉस्टल पहुंची। इस दौरान जयपुर पुलिस कमिश्नरेट, जयपुर ट्रैफिक पुलिस और निर्भया स्क्वॉड की टीम मौजूद रही।

कमिश्नर जोसफ ने बताया कि अभियान के तहत यातायात पुलिसकर्मी सभी मोहल्लों, गलियों में जाकर रैली और मीटिंग कर लोगों को यातायात नियमों की पालना करने और नशा करके वाहन नहीं चलाने के बारे में जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। महिला सुरक्षा के बारे में कहा कि पुलिस कमिश्नरेट में महिला हेल्प लाइन है जो 24 घंटे काम करती है। इस महिला हेल्पलाइन पर शिकायत मिलते ही उनके खिलाफ विशेष महिला हेल्पलाइन विंग कार्रवाई करती है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रीति चन्द्रा, कुंवर राष्ट्रदीप और पुलिस उपायुक्त यातायात सागर ने भी बाइक पर बैठकर विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया।

# मोबाइल एप आधारित अटेंडेंस सिस्टम से 5436 ने की हाजिरी

**जयपुर** । जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक त्वरित गति से पहुंचाने और सुशासन के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्यस्थल पर समय की पाबंदी सुनिश्चित करने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग द्वारा राज एसएसओ- ए.एम.एस. प्रणाली के माध्यम से बुधवार से उपस्थिति दर्ज करने की शुरुआत की है। अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम के पहले दिन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 4 हजार 863 एवं भूजल विभाग के 573 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित दर्ज की है।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि अधिकारियों एवं कार्मिकों की उपस्थिति को डिजीटल माध्यम से दर्ज किये जाने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा मोबाइल एप विकसित कर इसका संचालन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत जिओ फेंसिंग तकनीकी के माध्यम से कार्यालय एवं कार्यस्थल परिसर के दायरे में मोबाईल एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने का प्रावधान किया गया है। मोबाईल एप गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

सूचना प्रौद्योगिकी आधारित इस आधुनिकतम उपस्थित प्रणाली के संचालन के लिए स्टेट लेवल के माध्यम से जिला स्तरीय कार्यालयों की एसएसओ आईडी को (अक्षांश एवं देशांतर) के साथ मैप किया गया है। शासन सचिव ने बताया कि जिला कार्यालयों के द्वारा अधीन कार्यालयों को मैप किया गया है । कार्यालयाध्यक्ष को द्वारा अपने अधीन कार्यरत अधिकारियों एवं कार्मिकों को ऐप पर मैप किया जाता है, इसके पश्चात कार्मिकों द्वारा जिओ फैंस एरिया में मोबाइल एप के माध्यम से प्रतिदिन उपस्थित की जाती है। जिओ फैंस तकनीक में ऑफिस की जीपीएस लोकेशन पर पहुंचने पर ही सही ''मार्क इन'' किया जा सकता है, कार्य समय समाप्त होने के पश्चात इसमें ''मार्क आउट'' का भी ऑप्शन है । बाहर टूर पर होने पर ''आउट ऑफ ऑफिस'' और छुट्टी पर होने पर ''ऑन लीव'' भी मार्क करने की सुविधा है।

# सफाई कर्मचारी की लापरवाही से हाथी गांव में आग

**जयपुर** । हाथी गांव में बुधवार हथनियों के बाड़े में अचानक से आग लग गई। जिसके बाद घटना स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही आग लगने से दो हथनिया दिलरूबा और लक्ष्मी की जान बच गई। लेकिन इस आगजनी में कमरे में रखी करीब डेढ़ लाख रुपए की कड़बी और गन्ना आग की भेंट चढ़ गया।

महावत समिति के अध्यक्ष बल्लू ने बताया कि हाथी गांव में सफाई कर्मचारी ने कचरा इकठ्ठा करके आग लगा देते है। बुधवार सुबह भी हाथी की लीद और प्लास्टिक को इकठ्ठा कर उसमें आग लगा दी। जो पास ही में बने कमरे में तक फैल गई और देखते ही देखते हथनियों के बाड़े तक फैल गई। बताया जा रहा है कि जिस गोदाम के लाग लगी वहीं पर महावतों के तीन परिवार निवास करते है। जहां पर सिलेंडर भी रखा हुआ था। अगर आग सिलेंडर तक पहुंच जाती थी तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# नेहा गिरि ने एस.एम.एस. अस्पताल के औषधि भंडार व दवा वितरण केंद्र जांचे



**जयपुर** । प्रदेश के अस्पतालों में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत दवाओं की समुचित उपलब्धता, मांग एवं आपूर्ति के बेहतर प्रबंधन, नियमित मॉनिटरिंग एवं समयबद्धता को लेकर गाइडलाइन तैयार की जा रही है, ताकि रोगियों को दवाओं की उपलब्धता में किसी तरह की बाधा नहीं आए।

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने यह जानकारी बुधवार को सवाई मानसिंह चिकित्सालय में केन्द्रीय औषधि भंडार गृह, लाइफ लाइन ड्रग स्टोर, सब स्टोर एवं दवा वितरण केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान दी। उन्होंने कहा कि आवश्यक दवा सूची में शामिल शत-प्रतिशत दवाओं की उपलब्धता के लिए एक ऑनलाइन मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया जा रहा है। इससे दवाओं के उपभोग एवं उपलब्धता की रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी।

एसएमएस अस्पताल में केन्द्रीय औषधि भंडार गृह के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि दवाओं के उपभोग पैटर्न का नियमित रूप से विश्लेषण करते हुए दवाओं की वास्तविक मांग का प्रस्ताव तैयार किया जाए। गाइडलाइन के अनुसार भंडार गृह एवं सब स्टोर में दवाओं का बफर स्टॉक रखा जाए। दवाओं की अनुपलब्धता से पहले ही इंडेंट जनरेट करने की कार्यवाही की जाए। साथ ही भंडार गृह से दवा वितरण केन्द्रों पर दवाओं की आपूर्ति सुचारू रूप से की जाए। उन्होंने निकट भविष्य में अवधिपार होने वाली दवाओं का उपयोग पहले करने तथा अवधिपार हो चुकी दवाओं का नियमानुसार डिस्पोजल करने के निर्देश दिए। गिरि ने निरीक्षण के दौरान कम्प्यूटर पर ई-औषध सॉफ्टवेयर के माध्यम से दवाओं की मांग, आपूर्ति एवं अनुपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने फार्मासिस्ट एवं कम्प्यूटर कर्मियों को निर्देश दिए कि दवाओं की उपलब्धता के संबंध में डाटा नियमित रूप से अपडेट किया जाए। साथ ही जिन दवाओं का स्टॉक एक माह के बफर स्टॉक से कम रह जाए तभी उनका इंडेंट जारी करने की कार्यवाही करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दवाओं की आवश्यकता के संबंध में अस्पताल के विभिन्न विभागों के बीच भी उचित समन्वय रहे। प्रबंध निदेशक ने ओपीडी में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी सहित अन्य विभागों में निःशुल्क दवा वितरण केन्द्रों का निरीक्षण किया और दवाओं की उपलब्धता के बारे में गहनता से जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान रोगियों एवं उनके परिजनों से भी संवाद कर दवाओं की उपलब्धता के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि औषधि भंडार गृहों एवं दवा वितरण केन्द्रों पर दवाओं का रख-रखाव नियमानुसार किया जाए।

# भांकरोटा से युवक को अगवा कर ले गए कार सवार बदमाश

- **परिजनों से 50 हजार रु. फिरौती वसूलने के बाद युवक को अजमेर में ब्यावर के नजदीक छोड़ा**
- **भांकरोटा थाना पुलिस अब पीड़ित की शिकायत पर अपहरणकर्ताओं की तलाश में जुटी**

**जयपुर** । भांकरोटा थाना इलाके में देर रात कार सवार चार बदमाश एक युवक को अगवा कर ले गए और उसके परिजनों से 50 हजार रुपये की फिरौती मांगी। इस पर परिजन थाने पर पहुंचे, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। सुबह बदमाशों ने फिर परिजनों को फोन किया और कहा कि रुपये नहीं डाले तो उसे जान से मार देंगे। इस पर परिजनों ने बदमाशों के बताए नम्बरों पर रुपये डाल दिए। इसके बाद बदमाश युवक को ब्यावर अजमेर के पास छोड़कर भाग निकले। पीडित ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। इस पर परिजन पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को दस्तयाब किया।

पुलिस के अनुसार हनुमान नगर भांकरोटा निवासी अरबाज खान ने मामला दर्ज करवाया कि उसके जीजा शिवदासपुरा निवासी रहीस खान शादी में शरीक होने आए थे। इसके बाद वे परिवार के साथ मौजमाबाद दूदू बारात में शामिल हुए। वापस भांकरोटा लौट कर वे 29 अप्रैल की रात करीब 2 बजे अपने घर के लिए रवाना हो गए। अजमेर रोड पर कार सवार चार बदमाशों ने गाड़ी आगे लगाकर उसे रोका और मारपीट कर गाड़ी में डालकर ले गए। इसके बाद बदमाशों ने उसके फोन से परिजनों को फोन किया और पचास हजार रुपये की फिरौती मांगी। इस दौरान बदमाशों ने पीडित के दोस्त के एक्सीडेंट की बात कहीं थी। रुपये नहीं डालने पर आरोपितों ने फिर परिजनों कॉल किया। इस पर परिजन पूरे मामले को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। सूचना के बाद भी पुलिस सक्रिय नहीं हुई। गत 30 अप्रेल को बदमाशों ने फिर फोन किया और रुपए नहीं देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। इस पर परिजनों ने 50 हजार रुपये बदमाशों के बताए नम्बरों पर डाल दिए। इस पर बदमाश उसे ब्यावर के पास छोड़कर चले गए।

पुलिस ने बताया कि रहीस की बाइक घटना स्थल के पास पड़ी मिली। उसके इंडिकेटर सहित अन्य सामान टूट गए थे। एक युवक को अगवा कर 50 हजार रुपये की फिरौती लेकर छोड़ने का मामला सामने आया है। मामला दर्ज कर घटना स्थल और आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। फिलहाल बदमाश पकड से दूर है। पीडित ने बताया कि बदमाशों ने चेहरे पर नकाब बांध रखा था इस कारण वह उनका चेहरा नहीं देख पाया।

## सार-समाचार

### हनुमान चालीसा के लिये निमंत्रण



**जयपुर**, (का.सं.)। सांगानेरी गेट स्थित श्री पूर्व मुखी हनुमान जी मंदिर में 13 मई को श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के संरक्षक एवं अध्यक्ष अमरनाथ महाराज एवं मंदिर महंत मदन लाल शर्मा के सानिध्य में जयपुर सीरियल बमब्लास्ट के निर्दोष मृतकों को श्रदांजलि हेतु श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होने किया जायेगा। कार्यक्रम का निमंत्रण श्री मोती डूंगरी गणेश जी को दिया गया एवं भक्तों द्वारा पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक पूर्व पार्षद अजय यादव त्रिलोक खंडेलवाल अरुण खटोड़, सरदार राजन सिंह भवंर लाल शर्मा कैलाश मित्तल चेतन कुमावत महिला संयोजक एवं पार्षद कुसुम यादव कैलाश कुमावत माधव कुमावत महेश गुप्ता अक्षय यादव मनीष बिवाल संपत बिसला सहित अन्य भक्त उपस्तिथ रहे।

### कलाकारों ने साधे विभिन्न रागों के सुर



**जयपुर** । शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान की ओर से संस्थान परिसर में ही चल रहे दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह के आखिरी दिन बुधवार को 15 से अधिक कलाकारों विभिन्न राग-रागिनियों के सुर साधे। तमाम कलाकारों ने खूबसूरत सुर लगाव, ठहराव और पकड़ का उम्दा प्रदर्शन कर प्रशंसा बंटोरी। वरिष्ठ संगीत निर्देशक अमित अनुपम के निर्देशन में सजी शास्त्रीय संगीत सभा कार्यक्रम में कलाकार वनिता हीरानी ने राग मियां की मल्हार में निबद्ध रचना गरज गरज धन गरजे..., मिन्टु मंडल ने राग तिलक कामोद की रचना नीर भरन कैसे जाऊं सखी..., पुष्पेन्द्र व विमर्श स्वामी ने राग जौनपुरी की रचना कैसे के धीर धरुं..., गर्विता मंगल ने राग नंद में निबद्ध रचना पायल मोरी बाजे झनन झन..., निकिता दुगड़ ने राग बहार में निबद्ध रचना कैसी निकसी चांदनी... को पूरे मनोयोग से पेश कर सुर, लय और ताल की खूबसूरती बानगी दर्शायी। इसके अलावा कलाकार जीनस कंवर ने राग मारु बिहाग, रजनी कुमावत ने राग मेघ मल्हार, ममता शर्मा ने रागेश्री, जयति कुमारी ने राग हंसध्वनि, वरुण व लक्ष्य शर्मा ने राग केदार, गोपाल सिंह ने राग भीमपलासी, अंजलि शर्मा ने राग भूपाली और खुशबू कंवर ने राग बागेश्री और तन्विका दीक्षित ने राग मियां की मल्हार में निबद्ध रचना को प्रस्तुत किया। संचालन वनिता हीरानी ने किया। तबले पर इदरीश खान व वत्सल अनुपम और हारमोनियम पर हरीश नागौरी ने प्रभावी संगत की। अंत में संस्था सचिव अमित अनुपम ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

### सिंघल ई.एन.टी. के विभागाध्यक्ष बने


**जयपुर** । राजधानी जयपुर में स्थित सवाई मानसिंह चिकित्सालय के नाक, कान एवं गला विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. पवन सिंघल को विभागाध्यक्ष बनाया गया है। डॉ. पवन सिंघल ने 2007 में सहायक आचार्य के रुप में ज्वाइन किया था। वह ईएनटी में रोगियों का उपचार के साथ मरीजों को तंबाकू एवं अन्य नशों से दूर रहने के लिए भी प्रेरित करते है। वहीं इनके द्वारा अब तक 60 शोधपत्र लिखे जा चुके है, जो कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पढ़े जा चुके है। इनको गोल्ड मेडल, राज्य स्तरीय नागरिक सम्मान के साथ चिकित्सा के क्षेत्र में कई फैलोशिप भी मिल चुकी है। डा. सिंघल को विभागाध्यक्ष बनाये जाने पर पूर्व विभागाध्यक्ष डा. रेखा हर्षवर्धन ने उन्हें गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया वहीं एसएमएस स्टाफ ने भी माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

### सेंट्रल जेल में फिर मिला मोबाइल

**जयपुर** । जयपुर सेंट्रल जेल में एक बार फिर तलाशी के दौरान मोबाइल मिला है। इस सम्बंध में सेंट्रल जेल प्रबंधन ने लाल कोठी थाने में एक कैदी के खिलाफ मोबाइल रखने और उसका इस्तेमाल करने की एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। लाल कोठी थाना पुलिस ने जेल से मिली शिकायत के आधार पर कैदी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पिछले 15 दिन में दूसरी बार जेल में कैदी के पास मोबाइल मिला है। उप कारापाल हेमराज वैष्णव ने बताया कि 30 अप्रैल को सुबह सवा 8 बजे से 8.50 बजे के दौरान मुख्य जेल प्रहरी भैरूलाल शर्मा को जानकारी मिली कि वार्ड नंबर 9 के बैरक नंबर 3 में कैदी रामपाल पुत्र गिरधारी के पास कुछ संदिग्ध वस्तु है। जेल के वॉकी-टॉकी से सूचना मिलने पर मुख्य प्रहरी विरेन्द्र सिंह भाटी के साथ वह मौके पर पहुंचे और वार्ड नंबर 9 के बैरक नंबर 3 की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बंदी रामपाल पुत्र गिरधारी के पास एक छोटा केचेडा कंपनी का सिल्वर कलर का मोबाइल मिला। साथ ही एक बैटरी के साथ डाटा केबल मिली, जिसे जब्त कर लिया। इसके बाद जेल प्रशासन की ओर से कैदी रामपाल के खिलाफ राजस्थान प्रिजन्स एक्ट (संशोधन 2015) की धारा 42 के तहत लालकोठी थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। यह रिपोर्ट जेल प्रहरी मंजू की ओर से लाल कोठी थाने में दर्ज कराई गई है।

### शातिर दुपहिया वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर** । शास्त्री नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से दो दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि शास्त्री नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक वाहन चोर शोएब निवासी गलता गेट को गिरफ्तार किया है और उसके पास से दो दुपहिया वाहन बरामद किया है। आरोपी नशा करने को आदि है और नशा पूर्ति के लिए वाहनों की चोरी की उन्हे औने-पौने दामों में बेच कर नशा करता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की संभावना है। वहीं शास्त्री नगर थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से सात ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत शास्त्री नगर इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक तस्कर असलम उर्फ लादेन को गिरफ्तार कर सात ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है।




## International Harry Potter Day

Though the *Harry Potter series of books* dates back to 1998 and the films got their start in 2001, it wasn't until a decade later, after the books and films were both done and dusted, that *International Harry Potter Day* was officially announced. In fact, it was in 2012 that then prime minister of the United Kingdom made a declaration that the day would be celebrated on May 2 of each year. So, put on your robes, grab your wand, and celebrate with potions, spell-casting and Hogwarts-inspired fun.

#TECHNOLOGY

# New 3-D Printed Skin

Creating an artificial skin isn't as simple as growing cells in a petri dish



A new bioengineered skin model could improve testing of skin care products and lead to better ways to heal damaged skin.

University of Oregon researchers teamed up with scientists of the French personal care company L'Oréal to develop the 'multi-layered artificial skin' that more accurately mimics real human skin and can be grown in just 18 days.

The advance relies on a novel '3D printing' technique invented by Paul Dalton, an associate professor in the Phil and Penny Knight Campus for Accelerating Scientific Impact at the University of Oregon.

"This is the first known case of replicating quality skin tissue at full thickness, using different kinds of cells separated by a membrane," says Ievgenii Liashenko, a research engineer in Dalton's lab.

Creating an artificial skin isn't as simple as growing cells in a petri dish. Real skin has multiple layers with different kinds of cells that perform distinct functions. And in the body, cells are supported by an external network of proteins and other molecules. Called the extracellular matrix, this system helps cells stay in position and communicate with their neighbours, which is key to keeping all systems working properly.

To replicate this complex environment, the researchers designed a two-layered artificial skin, with the layers separated by a membrane.

Researchers from Dalton's lab and L'Oréal co-developed plastic scaffolds that mimic the extracellular matrix via a network of finely structured 3D printed threads. Then, L'Oréal researchers grew cultured cells in those scaffolds to create the artificial skin, with different cell types growing in each layer. The membrane prevents the cells in the different layers from mixing as they develop.

"Other attempts don't have the same layering. It actually looks like real skin," says Dalton, a research professor in Transformational Science and Mathematics.




The underlying scaffolds resemble a mesh material, made of many spaghetti-like threads, each much thinner than a human hair. To make the porous scaffold, members of Dalton's team used a 3D printing technique that they've developed called 'melt electrowriting.' In that technique, an electric field pulls the molten printing plastic from a nozzle into a thin thread, enabling very precise control over the printing.

"Some 3D printing techniques can create very fine details, but only small objects," Dalton says. Other techniques allow easy fabrication of larger pieces, but at the expense of resolution. Melt electrowriting bridges that gap, allowing engineers to create relatively large objects with fine details.

The 'new skin model' can be grown in just 18 days, the researchers found, rather than the 21 to 35 days it took to create previous scaffold-based artificial skin models. That makes it more viable to use in commercial lab testing.

L'Oréal is currently using the artificial skin to test cosmetics and skincare products. Going forward, both Dalton's team and L'Oréal researchers plan to explore the many other potential uses for the underlying scaffolding in skin tissue engineering.

Other potential skin-related applications include healing diabetic foot ulcers and creating skin grafts for burn patients. Beyond skin, the scaffolds, developed by Dalton's team, could support myriad biomedical applications such as artificial blood vessels and structures to help regrow damaged nerves.



# A 'GENTLEMAN' BIRD







In Rajasthan, *Blue Rock Pigeon* is considered more or less like a 'holy' bird and they are offered food grains (*chugga*) regularly, near religious and other common places. Thousands of pigeons can be seen on road near Albert Hall in Ram Niwas Garden, Jaipur. They are regularly feed there by the local people, every morning. Such *community feed sites* can be seen throughout Rajasthan, both in rural and urban areas. In Rajasthan, it is one of the most familiar birds, which is known by many names like *Kabutar*, *Kapot*, *Parewa* etc.


Dr. Satish K. Sharma
*Retired Assistant Conservator of Forests*


The *Columbidae*, the family of pigeons and doves, comprises about 43 genera and 255 species. This family is typified by the *Blue Rock Pigeon*, which in its numerous domestic breeds, is universally known. Except polar zone and adjacent areas, pigeons and doves are pan-world species in distribution. The Blue Rock Pigeon or *Rock Dove Columba livia* is the forefather of all the domestic pigeons of the world. Our common pigeon, the Blue Rock pigeon is not a bonafide Indian species but it is a European origin bird. This species was introduced in Car Nicobar Island in 1898 but has apparently failed to become established. Since it is abundantly present and not an Indian element, no legal protection is given to this species by the Wildlife (Protection) Act, 1972, one of the central acts of India. However, all the fruit-eating pigeons and doves are protected by the law in India. *Nicobar Pigeon* (Caloenas nicobarica pelewensis) is a threatened pigeon of India, hence, included in schedule I of Wildlife (Protection) Act, 1972. Our common *Blue Rock Pigeon* is kept out of all the schedules but rest of pigeons and doves are included in scheduled IV, hence, all are protected.

Blue Rock Pigeon is well-known species in India. It is a cool, innocent and non-attacking bird. Truly, it is a 'gentleman' of avian kingdom. Since it is cool, calm and gentle in behavior, it is being kept by humans as pet since pre-historic time. Many breeds of this species have been developed by the man through selective breeding during last few centuries. Homing pigeon, Racing Homer, Fantail Pigeon, Indian Fantail, 'War pigeons' etc. are some famous breeds of Rock Pigeons.

In Rajasthan, Blue Rock Pigeon is considered more or less like a 'holy' bird and they are offered food grains (*chugga*) regularly, near religious and other common places. Thousands of pigeons can be seen on road near Albert Hall in Ram Niwas Garden, Jaipur. They are regularly fed there by the local people, every morning. Such *community feed sites* can be seen throughout Rajasthan, both in rural and urban areas. In Rajasthan, it is one of the most familiar birds, which is known by many names like *Kabutar*, *Kapot*, *Parewa* etc.



Pigeons, drinking water.

#NATURE



Thousands of pigeons on road, near Albert Hall in Ram Niwas Garden, Jaipur.

### Characteristic Drinking Method

Pigeons drink water in a manner 'unusual' among other birds. Most of other birds dip their bills in the water, sip, raise their heads up, swallow the water and repeat this action again and again till the thirst is quenched. But, pigeons drink in a different way. It immerses its bill and then, instead of lifting the head and tipping the water down the throat, it keep on sucking. Same habit is seen in Sand grouses and Button quails.

### Living and Nesting Sites

Blue Rock Pigeon is a resident bird and locally abundant in all parts, throughout the Indian Union. It affects rocky cliffs and gorges in the hills, old ruins, ancient forts and palaces on the countryside, factory and warehouse shades, residential and public buildings, temples, mosques, railway stations etc. in populous cities. A good population of Blue Rock Pigeon can be seen in gorges of *Vindhyas* in *Hadoti* area of South-Eastern Rajasthan. After harvesting of crop, flocks of pigeons can be seen in the fields, feeding there silently.

Pigeons build a simple, platform like nest on house cornices, holes in wall, fissures of cliffs, or on rafters and ceilings of dwelling houses, deserted or occupied. It commonly nests in deserted buildings and ruins of historical buildings. If a suitable hole is available in the wall of a well, bird occupies it for nesting. In whole Rajasthan, pigeons are commonly seen living and nesting in well and stepwells, which are out of use. Sometimes, dozens of pigeons are seen in a well or stepwell. Due to their droppings, not only walls become shabby but water also starts stenching. Unplastered wells and old buildings are much prone to be occupied by the pigeons. Nesting season is undefined in this species. They are prolific breeders. Practically, they breed round the year. Two white, smooth- textured, elliptical eggs are laid in a clutch. Male and female, both sexes, share nest-building, incubation and tending the young. Incubation period is about 16 days.

### Pigeon's Milk



After hatching, most of the birds bring insects to feed their chicks. They go outside in search of proper sized insects and caterpillars, capture in their beaks like a forceps, return to nest to feed the chicks. Hungry chicks make begging calls and keep mouth wildly open to grab the food from the parents. But this method is not adopted by the pigeons.

Pigeons produce a nutritive liquid called 'pigeon's milk' from their crop. Chicks are fed by both parents for the first few days on 'pigeon's milk,' a curd- like liquid secreted by special cells, making lining of inner wall of the crop. This is scooped up by the broad, soft bill of the young inserted deeply into the parent's bill to obtain regurgitated material. As chicks grow, they demand more food and now partially digested food is also regurgitated by the parents for their chicks.

Chicks of pigeon are prone to attack of house cats, snakes, mongoose, crows etc. To minimize this threat, nestlings grow rapidly. If eggs or young are lost through predation or other causes, the female will usually lay again. In a successful season, two or three broods may be produced. The fast 'Breeding rate' contributed significantly to the success of pigeon as group. When some raptors are near them or attacking them, they start flying in a group in a circular way, relatively at a faster pace. When in group, they get more safety from the raptorial predators. Isolated individuals are prone to be attacked by a raptor.

The typical vocalization of pigeon is a *cooing* sound, usually produced while inflating the neck. Sometimes, a 'dancing' circular movement is exhibited by the bird. This arrogant posture and movement is seen on the ground, when neck is inflated.

Pigeons are famous for *pigeon racing*. Racing *Homer breed* is used in this activity. This breed is a fast flyer one. The average speed of this breed is about 97 kms/ hour and maximum speed is up to 160 kms/ hour. Pigeon racing is the sport of releasing specially trained homing pigeons, which then return to their homes, over a carefully measured distance. The time taken by a pigeon to cover the specific distance is measured and pigeon's rate of travel is calculated and compared with all of the other pigeons in the race to determine which bird returned at the highest speed.

Racing homers were ones used in as 'messenger pigeon' also. Because of this skill, domesticated pigeons were used to carry messages as 'messenger pigeons.' They are usually referred to as 'pigeon post,' if used in post-service or 'war pigeon' during wars. Until the introduction of telephones, homing pigeons were used commonly to deliver communication.

The 'white pigeons' are considered as a symbol of peace and love also. They are developed from common Blue Rock Pigeon only. During many festive and auspicious occasions, white pigeons are released in the sky as a symbol of peace.

Pigeons are parts of many food chains in the nature. Their eggs are much liked by the house crows, house rats and house cats. Their nestlings are devoured by the snakes, house cats, mongoose and raptors. Adult birds are captured by house cats, jungle cats, desert cats, snakes, raptors, mongoose, jackals, foxes etc. for getting their food. Thus, they help in biological control of fast breeding pigeons in the nature.


rajeshsharma1049@gmail.com





Homing pigeon, feeding crop milk to new born pigeon in home nest.

#PET-FRIENDLY

# Bark Air, First Airline for Dogs

The first-class experience for dogs features calming music, warm towels, noise-cancelling earmuffs, treats and more





### Who let the dogs out?

*Bark Air*, a new luxury airline for dogs, will launch its first flights, this May. Experience VIP treatment for your pooch, with in-flight meals prepared by staff chefs. Tired of leaving your furry best-friend behind when you travel? *BARK Air* has arrived, the world's first doggy jet service, designed to pamper your pooch on their next adventure. In a move that's as adorable as it gets, *Bark*, the company renowned for monthly subscription boxes of dog treats, has partnered with a charter airline to make every pet owner's life easier. Here's everything you need to know about the airline!

### What is BARK air?

*Bark Air* aims at a 'white-glove experience,' typical of a human's first-class experience and redirected all that pampering to pooches. The company proudly calls its '*fur-st class*.' Taking your dog on a plane is one of the most stressful things that you can do as a pet parent. It's a time-consuming process that requires a lot of planning and preparation. American and United Airlines, for example, allow small dogs to be carried under the seat while adhering to all safety guidelines, while larger dogs must be carried in the cargo area. The airlines consider this a safe procedure, but it's a stressful one for many pet owners, who often avoid planning trips for their pets. Co-founder and Chief Executive Officer at BARK, Matt Meeker, in a statement, said, "We are excited to take the insights that we've learned over years to create an experience that is truly *dog-first*, which is drastically different from just accepting dogs, from the ground to the skies."

### How much one-way ticket for a dog cost on BARK?

Seeking luxury for your furry friend? But it won't come easy as you have to pay a hefty sum to to have your pet fly with you. So far, a one-way ticket for one dog and one person will cost you around $6,000.

### Route of BARK air

The inaugural flight, featuring several dogs and their owners, is all set to take off on May 23rd. As of now, only two routes are available, both departing from New York's Westchester County Airport. You will pay $8,000 for a one-way ticket from New York to Stansted Airport in London and $6,000 for a one-way ticket to Van Nuys Airport in Los Angeles. Sales of tickets begin on April 11.

### The VIP treatment




BARK Air is a jet service that pampers dogs during their travels, living up to its name by providing a VIP experience. The airline's press release states that BARK Air passengers can breeze through TSA checkpoints and security lines and enjoy a hassle-free check-in process while mingling with other furry friends. To make the experience even more enjoyable for humans, the airline's staff chefs prepare in-flight meals onsite.

Bark, the company behind the popular *BarkBox* and other pet services and products, says that the canines will travel with a 'dogs fly first' mentality, complete with beverage choices like water or bone broth, warm calming towels scented with lavender, and treats and snacks.

A Bark Air concierge will be at the gate to help socialize canines with fellow doggy passengers and prep them for their cabin experience. Before boarding, dogs will be treated to calming pheromones, music and colours that they like best. All dogs will have access to calming treats, noise-cancelling earmuffs and calming jackets. 'Just in case' bags will be provided at the gate, which include items like poop bags and leashes. Flights will not be filled to capacity to ensure that dogs and their parents have a comfortable amount of space. Bark Air is launching with limited destinations to start. The airline will kick off with routes between New York's Westchester County Airport, the Los Angeles area's Van Nuys Airport, and London's Stansted Airport. Flights, in May between New York and Los Angeles, will cost $6,000 per dog and human pair, and $8,000 for flights, between New York and London for each pooch and parent couple. New routes will launch in the summer.





## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, दुकानों के बाहर लगे तिरपाल व सामान जला

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के मुख्य चौपड़ बाजार में रात्रि में करीब साढ़े बारह बजे के लगभग बाजार में रखे बिजली के ट्रांसर्फर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। वहीं आग ने बिजली ट्रांसफार्मर के चारदीवारी के बाहर सटाकर लगी पटवों की हाथ ठेलियां तथा उनमें रखा सामान तिरपाल तथा पास की दुकानों के बाहर लगे तिरपाल आगजनी की चपेट में आ गए। जैसे ही मुख्य चौपड़ बाजार में आसपास के लोगों को सूचना लगी तो मौके पर दौड़कर आए और नगरपालिका में अग्निशमन को सूचना दी और वहीं स्वयं के संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास करने लगे।

इधर विद्युत विभाग के कर्मचारियों के फोन नहीं उठाने पर ग्रामीण कनिष्ठ अभियंता संदीप द्विवेदी को आगजनी का समाचार लगते ही उन्होंने ने तत्काल अपने अन्य कर्मचारियों को सूचना देकर तत्काल बिजली सप्लाई को बंद करवाया। नगरपालिका कर्मचारी प्रकाश यादव तथा कनिष्क अभिंयता की तत्परता के कारण बड़ा हादसा टल गया और अग्निशमन ने विकराल रूप से लगी आग पर काबू पा लिया। आगजनी की सूचना के बाद पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों की भीड़ को हटाया। आगजनी की घटना के बाद दुकानदार मौके पर पहुंचे और अपनी दुकानों के शटर खोलकर देखने के बाद चैन की सांस ली। वहीं आगजनी की घटना में ट्रांसफार्मर लगे दीवारी के बाहर पटवों की लगी हाथ ठेलियां, तिरपाल, सामान तथा दुकानों के बाहर लगे तिरपाल सहित अन्य सामान जलने से करीब लाखों रूपयों का नुकसान हो गया।



श्रीमाधोपुर कस्बे के मुख्य चौपड़ बाजार में रात्रि में बिजली के ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई।

- **कनिष्ठ अभियंता ने आगजनी की सूचना मिलते ही कर्मचारियों से बिजली सप्लाई को बंद करवाया**
- **नगरपालिका कर्मचारी तथा कनिष्क अभिंयता की तत्परता के कारण बड़ा हादसा टल गया**


आगजनी की घटना के बाद मौकै पर पालिकाध्यक्ष हरिनारायण महंत भी पहुंचे। वहीं यदि समय पर विद्युत सप्लाई बंद नहीं होती और अग्निशमन नहीं पहुंचती तो बड़ा हादसा घटित हो सकता था, लेकिन पालिका कर्मचारियों तथा कनिष्क अभिंयता द्विवेदी की सजगता के चलते बड़ी घटना घटित होने से टल गई।

# सोना-चांदी के जेवर चोरी का आरोपी गिरफ्तार, माल बरामद

**बांसवाड़ा, (निसं)।** कसारवाड़ी थाना पुलिस ने व्यापारी की दुकान से सोना, चांदी व नगदी से भरा बैग चोरी करने वाले शातिर चोर को दो दिन में गिरफ्तार करते हुए जेवर एवं नगदी बरामद की।

थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि 26 अप्रेल को प्रार्थी भरत कुमार पुत्र नाथु सिंह निवासी डूंगरा छोटा ने थाने में रिपोर्ट दी कि 25 अप्रेल को सायं साढे सात बजे वह हर रोज की तरह डूंगरा छोटा में स्थित अपनी दुकान बंद कर रहा था। एक शटर बंद करके दूसरा शटर बंद करने शटर के पास गया तो शटर के पास रखी उसकी थैली जिसमें सोने-चांदी के जेवरात के साथ ही नगदी से भरा बैग था जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गये।

थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश भारद्वाज एवं कुशलगढ़ वृत्ताधिकारी शिवन्या सिंह के मार्गदर्शन में टीम गठित कर घटनास्थल के पास मौजूद सीसीटीवी कैमरे चैक कर वीडियो फुटेज प्राप्त किये गये। जिनके आधार पर कोमन सिंह पुत्र जवान सिंह कटारा थाना कुशलगढ़ की तलाश कर 28 अप्रेल को गिरफ्तार कर सोने की चैन, चांदी की दो सांकली, चांदी के दो भोंरीये कड़ा तथा चांदी के पायजेब सहित 1.6 किलो ग्राम चांदी व 28 हजार 800 रुपये की नगदी बरामद की। पुलिस टीम में थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह शक्तावत, हेड कांस्टेबल दिव्यजीत, कांस्टेबल हरिओम, मदनलाल, मयूर व जनक शामिल रहे।




बांसवाड़ा के कसारवाड़ी पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया।

# लूट का आरोपी जयपुर से गिरफ्तार

**सुजानगढ़, (निसं)।** नानी के साथ लूट के आरोप में पुलिस ने दोहिते को गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाना प्रभारी धर्मेन्द्र मीणा ने बताया कि गत चार अप्रेल को सिंघी प्याऊ के पास वार्ड नं. 21 में रहने वाली जेबुनिशा पत्नी मो. हुसैन भाटी अपने घर में अकेली थी। इसी दौरान एक युवक ने घर में प्रवेश कर महिला के साथ मारपीट कर उसके पहने हुए जेवरात लूट कर भाग गया।

पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज एवं आस-पड़ौस के लोगों से पूछताछ करने के बाद आरोपी मोहम्मद जावेद अली पुत्र मोहम्मद अली निवासी वार्ड नं. 20 सुजानगढ़ को जयपुर से गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसे तीन दिन के पुलिस रिमाण्ड पर सौंपा गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए थानाप्रभारी धर्मेन्द्र मीणा के नेतृत्व में गठित टीम में हैड कांस्टेबल रमेश कुमार, कांस्टेबल महावीर प्रसाद, विद्याधर, साइबर सेल चूरू के हैड कांस्टेबल भागीरथ व सुरेन्द्र शामिल थे।



पुलिस ने लूट के आरोपी को गिरफ्तार किया।

## ट्रेलर में आग लगी, ड्राइवर जिंदा जला

**पाली, (निसं)।** पाली के निकट नेशनल हाईवे पर गुड़ाएंदला थाना के रामपुर ढाणी के पास बुधवार सुबह ड्राइवर को झपकी आने के कारण ट्रेलर सड़क किनारे पलट गया और उसमें आग लग गई। जिससे उसमें बैठ ड्राइवर पूरी तरह जल गया। जानकारी के अनुसार मृतक ड्राइवर अजमेर जिले के मसूदा निवासी 35 वर्षीय आमिर खान बताया जाता है, जोकि गुजरात से जयपुर सीमेंट बनाने का सामान लेकर ट्रेलर में जा रहा था। अचानक हुए इस हादसे में जलकर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसकी बॉडी बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवा कर उसके परिजनों को सूचना दे दी गई।

# बेटी की शादी के आठ दिन बाद पिता की हत्या

## पड़ौसी ने चाकू से वार कर एक जने की हत्या की

**डूंगरपुर, (निसं)।** चौरासी थाना क्षेत्र के भीलवा पंचेला बीच का फला गांव में एक व्यक्ति की चाकू से वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी पडोसी युवक मौके से फरार हो गया। मृतक के बेटे ने आरोपी युवक पर आए दिन शराब के नशे में लड़ाई झगड़ा करने और जान से मारने की धमकियां देने के भी आरोप लगाए हैं। फिलहाल पुलिस हत्या की वारदात को लेकर जांच कर रही है।

चौरासी थानाधिकारी ने बताया कि वाडीलाल ढोली निवासी भीलवा पंचेला बीच का फला की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। इसमें वाडीलाल ने बताया कि उसके पिता बैंड बजाने का काम करते थे। मंगलवार रात के समय उसके पिता

- **शराब के नशे में जान से मारने की धमकी देता था पड़ौसी**

भगवानलाल ढोली, मां लासा, बहन चंद्रिका, मौसी संगीता, नाना लक्ष्मण रात 10 बजे खाना खाकर घर में बातें कर रहे थे। उसी समय पड़ौसी गौरीशंकर पुत्र कुरा रोत हंगामा करते हुए उसके घर आया। गाली-गलौच करते हुए दरवाजे पर लात मारी। जिस पर पिता भगवानलाल ने लाइट जलाकर दरवाजा खोला। इसके बाद भगवानलाल घर के बाहर आया। गौरीशंकर ने उसके पिता के पेट में चाकू से हमला कर दिया। जिससे भगवानलाल की मांसपेशियां बाहर आ गई और लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। इसके बाद हमलावार गौरीशंकर मौके से भाग गया। घटना के बाद घायल भगवानलाल को सीमलवाडा अस्पताल लेकर गए। जहां हालत खराब होने पर उसे गंभीर हालत में रेफर कर दिया। इस पर परिजन उसे गुजरात के मोडासा अस्पताल लेकर रवाना हुए। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस पर परिजन शव लेकर वापस डूंगरपुर पहुंचे। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची। शव को डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने मामले में आरोपी गौरीशंकर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने आरोपी गौरीशंकर की तलाश शुरू कर दी है।

**बेटी की शादी के 8 दिन बाद पिता की हत्या :-** मृतक भगवानलाल ढोली की बेटी चंद्रिका की शादी 23 अप्रैल को हुई थी। शादी के 8 दिन ही हुए थे कि भगवानलाल की चाकू से वार कर हत्या कर दी। भगवानलाल के 2 बेटे वाडीलाल और विष्णु हैं जबकि एक बेटी चंद्रिका है। शादी के बाद बेटी वापस अपने पिता को मिलने घर आई हुई थी। शादी संपन्न होने को लेकर परिवार के सभी लोग मिलकर बात कर रहे थे। व्यक्ति की हत्या के बाद परिवार में मातम छा गया।

# युवक की तालाब में डूबने से मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के पाल देवल गांव के कोलरा फला तालाब में बुधवार को डूबने से एक युवक की मौत हो गई। सदर थाना प्रभारी गिरधारी सिंह ने बताया कि बलेवडी ओबरी तलाफला थाना कल्याणपुर जिला उदयपुर निवासी संजय (40) पुत्र समायल कोटेड तथा उसकी पत्नी दोनों बुधवार को तालाब पर गए थे।

- **पालदेवल गांव के कोलरा फला तालाब की घटना**

संजय तालाब में नहाने उतरा वहीं उसकी पत्नी तालाब किनारे कपड़े धो रही थी। नहाने के दौरान संजय गहरे पानी में चला गया तथा डूब गया। उसकी पत्नी के चिल्लाने पर आसपास के ग्रामीण वहां एकत्र हो गए तथा संजय की खोजबीन में जुट गए। सूचना पर थाना प्रभारी मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। डूंगरपुर से गौताखोर ललीत श्रीमाल एवं कमलेश कटारा को मौके पर बुलाया गया। दोनों गौताखोरों ने काफी मशक्कत कर शव को तालाब से बाहर निकाला। सदर पुलिस ने शव को जिला अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम व अन्य कार्रवाई गुरूवार को होगी।

## नगदी छीनने का मामला दर्ज

**पाटन, (निसं)।** कोटपूतली रोड स्थित बाइक शोरूम के सुपरवाइजर से मारपीट कर रूपये छीन ले जाने का मामला पुलिस थाना पाटन में दर्ज हुआ है। थानाधिकारी नेकीराम ने बताया कि सौरभ वर्मा पुत्र गजानंद निवासी नीमकाथाना ने रिपोर्ट दी है कि वह बाइक शोरूम में सुपरवाइजर की नौकरी करता है। मंगलवार शाम लगभग चार बजे नृसिंहवाला निवासी रामनिवास गुर्जर पुत्र भगवानाराम, सतीष गुर्जर पुत्र रामनिवास, सचिन रावत समेत 3-4 लोग शोरूम पर आये व आते ही जातिसूचक गालियां देकर मारपीट की व जेब से 850 रूपये निकाल लिये। बाद में जाते समय मारने की धमकियां दी व शोरूम में तोड़फोड़ करने की धमकी देकर वहां से चले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# नाबालिग से रेप का आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** चितरी थाना पुलिस ने नाबालिग से रेप करने और अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने के मामले में आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट भी की। वहीं उसका मोबाइल भी छीन लिया।

चितरी थानाधिकारी ने बताया कि 25 अप्रैल को थाना क्षेत्र निवासी एक नाबालिग ने अपनी चाची के साथ थाने में आकर रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया कि वह कंप्यूटर सीखने एक कोचिंग सेंटर जाती थी। वहां पर अजहर शेख नाम का युवक कंप्यूटर सिखाता था। जिससे उसकी जान पहचान हो गई थी। एक दिन अजहर उसके घर आ गया। उस दौरान

- **अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी**

घर पर कोई नहीं था। अजहर ने उसके साथ रेप किया। वहीं उसके अश्लील फोटो भी खींच लिए। इसके बाद अजहर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ रेप करता रहा। 24 अप्रैल को फोटो वायरल करने की धमकी देकर बुलाया और उसके साथ मारपीट की। उसका मोबाइल भी छीन लिया। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की। पुलिस ने बुधवार को आरोपी अजहर शेख को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## आयोग ने एक अभ्यर्थी को दो वर्ष के लिए डिबार किया

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आरएएस (प्रारंभिक) परीक्षा 2023 के एक अभ्यर्थी को दो वर्षों के लिए आयोग द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं से डिबार किया गया है।

आयोग सचिव द्वारा इस संबंध में 30 अप्रेल 2024 को आदेश जारी किए गए। आयोग सचिव ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आरएएस (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 का आयोजन 1 अक्टूबर 2023 को किया गया। इस परीक्षा का परिणाम 20 अक्टूबर 2023 को घोषित किया गया।

ग्राम अजाड़ी खुर्द जिला झुंझुनू निवासी अभ्यर्थी दीपक जोशी द्वारा इस परीक्षा में प्रश्न-पत्र के कुल 150 प्रश्नों में से 55 प्रश्नों में किसी भी विकल्प का चयन नहीं किया गया था। 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों में किसी भी विकल्प का चयन नहीं किए जाने के कारण परीक्षा परिणाम में अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित किया गया था। अयोग्य घोषित किए जाने पर अभ्यर्थी ने स्वयं के पास उपलब्ध ओएमआर शीट की कार्बन प्रतिलिपि में खाली छोड़े गए 55 प्रश्नों के विकल्पों में से 49 प्रश्नों के विकल्पों को भरकर फर्जकारी करते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की।

# बाइक को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत, साथी घायल

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के पुराना हाईकोर्ट के पीछे आबकारी भवन के पास में रात को एक कार चालक ने बाइक सवार दो युवकों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों नीचे गिर गये और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। एक युवक को चेक कर डॉक्टर ने मृत बता दिया। मृतक के पिता की तरफ से अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया है।

उदयमंदिर पुलिस ने बताया कि उदयमंदिर हाल शिप हाउस नागौरी गेट निवासी मोहम्मद हनीफ की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया उसने बताया कि उसका पुत्र आदिल और उसका दोस्त अजय उर्फ सुधीर वाल्मिकी रात को अपनी बाइक से घर की तरफ आ रहे थे। तब पुराना हाइकोर्ट के पीछे आबकारी विभाग भवन के पास में पीछे से आई एक सफेद रंग की कार ने उन्हें चपेट में ले लिया। कार चालक बाद में तेजी से भाग गया। हादसे में दोनों नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए एमजीएच लाया गया। मगर यहां उसके पुत्र आदिल को डॉक्टर ने मृत बता दिया। उदयमंदिर पुलिस अब कार चालक का पता लगाने में जुटी है। शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं घायल का उपचार जारी है।

**हादसे में बाइक सवार दो मजदूरों की मौत :-** जिले के बालेसर तहसील क्षेत्र में खनन के पास में बुधवार की सुबह क्रेन की टक्कर से बाइक सवार दो मजदूरों की मौत हो गई। वहीं एक अन्य घायल हो गया। हादसे के बाद क्रेन चालक मौके से फरार हो गया है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मृतकों और घायल को बालेसर अस्पताल पहुंचाया गया।

बालेसर पुलिस ने बताया कि शेरगढ़ तहसील के करणीसर भांडू चारणान निवासी 28 साल का रमेश पुत्र गुमानपुरी गोस्वामी, शिवपुरी सिहान्दा शेरगढ़ निवासी 30 साल का मालाराम पुत्र रावतराम मेघवाल और एक अन्य आज सुबह बाइक लेकर बालेसर के सोमानाडा क्षेत्र से निकल रहे थे। तब एक क्रेन चालक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रमेशपुरी और मालाराम की मौत हो गई, जबकि साथ वाला युवक घायल हो गया। बाद में पुलिस के पहुंचने पर शव और घायल को बालेसर सीएचसी भेजा गया। मामले में बालेसर पुलिस तफ्तीश में जुटी है। क्रेन चालक का तलाशा जा रहा है।

# मांगों को लेकर वकीलों का धरना जारी

**तारानगर, (निसं)।** तारानगर के अभिभाषक संघ व उपखंड अधिकारी के बीच चल रहे विवाद के चलते तारानगर उपखंड अधिकारी रवि कुमार को हटाने की मांग को लेकर वकीलों का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। धरने पर बैठे अधिवक्ताओं ने उपखंड अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। धरने के दौरान अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट महेन्द्र यादव, निर्मल कुमार, ओमप्रकाश सहारण, अनिल स्वामी राजपुरा, प्रभु दयाल सहारण, पवन योगी, देवकीनंदन शर्मा, जितेन्द्रसिंह, साजिद खान, रविन्द्रसिंह, छत्तीस कुमार सांसी, इसपाक अली, देवकरण प्रजापत, मुकेश शर्मा, विकास सोनी, आशीष दाधिच, अनुराग चोधरी, चेतन्य स्वामी, मोहित शर्मा, राजेश सांकरोत, मो.आदिल, अमित चारण, ललित देव नैण, नौरंग पूनियां, धर्मपाल स्वामी, अमित कुकणा सहित काफी अधिवक्तागण मौजुद रहे।

## विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रस्तावित परीक्षा दिनांक जारी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा बुधवार को 6 विभिन्न परीक्षाओं के आयोजन की प्रस्तावित परीक्षा दिनांक जारी की गई। इन परीक्षाओं का आयोजन वर्ष 2025 में 19 जनवरी से 1 जून तक किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

आयोग सचिव ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार सहायक अभियोजन अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का आयोजन 19 जनवरी 2025 तथा पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-द्वितीय परीक्षा-2024 का आयोजन 16 फरवरी 2025 को किया जाना प्रस्तावित है। जनसंपर्क अधिकारी परीक्षा-2024 का आयोजन 23 मार्च 2025 एवं कृषि अधिकारी परीक्षा-2024 का आयोजन 20 अप्रेल 2025 को किया जाना प्रस्तावित किया गया है। संस्कृत शिक्षा (कॉलेज विभाग) हेतु शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक तथा पुस्तकालय अध्यक्ष के पदों के लिए परीक्षा का आयोजन 4 से 6 मई 2025 एवं सहायक अभियोजन अधिकारी (मुख्य परीक्षा)-2024 का आयोजन 1 जून 2025 को किया जाना प्रस्तावित है। उक्त परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम यथा समय जारी कर दिया जाएगा।

# राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसो. जोधपुर की बैठक आयोजित

**जोधपुर, (कांस)।** राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेटस एसोसियेशन, जोधपुर के पदाधिकारियों की बैठक एसोसियेशन के अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित की गई।

अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया ने बताया कि आयोजित बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उच्च न्यायालय के हेरिटेज परिसर में महिलाओं के लिए टॉयलेट्स की कमी हैं तथा जो टॉयलेटस् हैं, उनकी भी न तो मरम्मत हुई है व न ही नियमति रूप से साफ सफाई हो रही हैं । जिससे न्यायालय परिसर में न्यायिक कार्यों हेतु आने वाली महिलाओं ओर विशेषकर महिला अधिवक्ताओं को भारी परेशानी उत्पन्न हो रही हैं। वर्तमान में प्रशासन द्वारा मात्र एक ही महिला टॉयलेट्स बनाया हुआ हैं जो कि डीआरडीए हॉल के पीछे स्थित सुलभ काम्पलेक्स के पास हैं। लेकिन उसकी पिछले काफी वर्षो से मरम्मत नहीं हुई हैं तथा न ही नियमित रूप से साफ सफाई होती है, न ही पानी की व्यवस्था हैं।

- **बैठक में विभिन्न मुद्दों व उच्च न्यायालय के हेरिटेज परिसर में महिलाओं के लिए टॉयलेट्स की कमी को लेकर चर्चा**

इस प्रकार हेरिटेज भवन में पीछे स्थित महिलाओं के टॉयलेट्स की भी यह हॉलत है। इस संदर्भ में महिला अधिवक्ताओं द्वारा एसोसियेशन के समक्ष भारी रोष प्रकट किया है। इधर महिला अधिवक्ताओं एवं आम मुवक्किल महिलाओं हेतु निर्मित टॉयलेट्स की मरम्मत का कार्य एवं नियमित साफ सफाई का कार्य किये जाने की मांग को लेकर बुधवार को प्रात: 10 बजे जिला कलेक्टर को प्रतिवेदन दिया गया। इस अवसर पर अनेक महिला अधिवक्ता भी उपस्थित रही।

अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया ने बताया कि जिला कलेक्टर को प्रेषित प्रतिवेदन में निवेदन किया गया कि राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेटस एसोसियेशन, जोधपुर द्वारा दायर जनहित याचिका पर राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा जिला कलेक्टर को दिए निर्देश की तरफ भी ध्यान आकर्षित किया गया है। बैठक में अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया, उपाध्यक्ष धीरेन्द्र दाधीच, महासचिव शिवलाल बरवड़, सहसचिव विजेन्द्र पुरी, पुस्तकालय सचिव सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित थे।

# आचार संहिता में शाहपुरा सी.एम.एच.ओ. ने निजी गाड़ी पर जज की फर्जी नेम प्लेट लगाई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** आमजन द्वारा निजी वाहनों पर पुलिस व प्रेस लिखने पर पुलिस व परिवहन विभाग आए दिन त्वरित कार्यवाही करता है। हाईकोर्ट द्वारा भी राज्य सरकार को गैरकानूनी नेम प्लेट लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के आदेश जारी कर रखे हैं, लेकिन शाहपुरा जिले के एक बड़े अफसर जो कि आमजन में रोब दिखाने के लिए अपनी निजी गाड़ी पर न्यायाधीश की पट्टी लगाकर बेखौफ घूम रहे हैं।

भाजपा ओबीसी मोर्चा पूर्व महामंत्री भगत सेन ने बताया कि शाहपुरा जिला मुख्यालय पर पदस्थ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी घनश्याम चावला द्वारा आचार संहिता में अपने पद की गरिमा व सरकारी नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। उक्त अधिकारी की कार्यशैली से आमजन में नाराजगी व्याप्त है।




स्वास्थ्य विभाग कार्यालय में गाड़ी दिनभर खड़ी रहती है।

- **राज्यपाल व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की**
- **स्थानीय निवासियों ने इस पर आक्रोश व्यक्त किया**

भाजपा नेता भगत सेन ने आरोप लगाया है कि इस लोकसेवक द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपनी निजी गाड़ी के आगे न्यायाधीश की पट्टी लगा रखी है। ये गाड़ी सीएमएचओ मुख्य कार्यालय में दिन भर खड़ी रहती है। यही नहीं उक्त अधिकारी द्वारा अपने अधीनस्थ विभागों का निरीक्षण भी इसी गाड़ी में बैठकर किया जा रहा है। यह गाड़ी, स्वास्थ्य विभाग कार्यालय में दिनभर खड़ी रहती है। जो कि वहा आने वाले आमजन में कोतूहल का विषय बना हुआ है। स्थानीय निवासियों ने इस पर आक्रोश व्यक्त किया है। इस संदर्भ में भाजपा नेता भगत सेन के नेतृत्व में शाहपुरा जागरूक मंच सदस्यों ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन प्रेषित कर उक्त अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

# नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष विक्रम यादव ने पदभार ग्रहण किया


अलवर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष विक्रम यादव को साफा पहनाकर पदभार ग्रहण कराया।

**अलवर।** कांग्रेस प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया कि नगर निगम में आयोजित पदभार ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा थे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष विक्रम यादव को साफा व माला पहनाकर पदभार ग्रहण करवाया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा की नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के पार्षदों को निगम में आमजन की जनसमस्याओं को प्रभावशाली तरीके से रखना है एवं आमजन को राहत पहुंचाने के कार्य प्राथमिकता से करवाने है। नेता प्रतिपक्ष विक्रम यादव ने कहा कि निगम संबंधित कार्य और सेवाओं का लाभ आमजन को मिले इसके लिए सभी को साथ लेकर सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने उपस्थित सभी कांग्रेसजनों का पधारने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री योगेश मिश्रा, पीसीसी महासचिव अजीत सिंह यादव, अशोक शर्मा, रामबहादुर तंवर, श्रीनिवास मीणा, नरेन्द्र शर्मा, श्वेता सैनी, हीरेन्द्र शर्मा, मुकेश सारवान, अमर सिंह यादव, अशोक कुद्दल, रिपु दमन गुप्ता, शहर अध्यक्ष जयदीप आर्यन, प्रीतम सिंह मेहँदीरत्ता , जीतकौर सांगवान,बीना

■ विक्रम यादव का साफा पहनाकर स्वागत किया

नरूका, लीली यादव, राजेश कृष्ण सिद्ध, प्रकाश गंगावत, दीपेंद्र सैनी, अजय मेठी, नारायण साईंवाल, पंकज शर्मा, सोनू गोपालिया, रवि मीणा, देवेंद्र कौर, कुसुमलता गोपालिया, मूर्ति देवी, राजेश सैनी, शशिकला बैरवा, महेन्द्र सैनी, मिंटू सरदार, अंशुल सैनी, मानवेंद्र सिंह, रामस्नेही शर्मा, निरंजन सैनी, अंशुल सैनी, ज्योति जाटव,राहुल खान, गोरी शंकर विजय, ओमप्रकाश सैनी, कुलदीप माथुर, कमला सैनी, रामादेवी, वैभव नरूका, कमल सैन, गुरुदयाल सैनी, किशोर सैनी, धर्मेंद्र शर्मा, मनोज पालीवाल, रेखा चौधरी, अनिल वशिष्ठ, रामकिशन, महंत भरत लाल, राकेश शर्मा सहित कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### वाटर प्वाइंट पर टैंकरों से पानी पहुंचाया

**बौंली, बामनवास ।** क्षेत्र के वनों में स्वच्छंद विचरण करने वाले वन प्राणियों के लिए प्राकृतिक जल स्त्रोत सूख जाने के कारण वन विभाग ने वाटर प्वाइंटों में टैंकरों में भरकर पेयजल डाला। बौंली रेंज के वनपाल भूपेंद्र सिंह ने बताया कि अरावली पर्वत श्रृंखला, जयगढ़ किले व आसपास के वनों में पैंथर, सियार, लोमड़ी, खरगोश, नीलगाय, शैली, व बंदर सहित अनेको वन प्राणी निवास करते हैं गर्मी के दिनों में प्राकृतिक जल स्त्रोत सूख जाने के कारण वन प्राणियों को अपनी प्यास बुझाने के लिए गांव की ओर जाना पडता है इस कारण कई बार वह दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं इस समस्या को देखते हुए बौंली वनक्षेत्र के थडौली जयलालपुरा, बांसटोरडा, खेडा, लाखनपुर, खिरकडी, कुशलपुरा,व जयगढ किले के आसपास सहित अनेको स्थानो पर किसानों के ट्यूबवेल का सहयोग लेकर टैंकरों के माध्यम से पानी डलवाकर पेजजल की व्यवस्था की गई है ।

### कार्यकारिणी के सदस्यों का स्वागत

**दूदू ।** मालपुरा रोड स्थित विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल दूदू में विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति की बैठक प्रधानाचार्य रेखा यादव की अध्यक्षता में की गई । बैठक के दौरान नवगठित कार्यकारिणी के सदस्यों का स्वागत किया गया बैठक के दौरान समिति द्वारा क्लिक योजना लागू करने भवन मरम्मत एवं सौंदर्य करण सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने का विचार विमर्श कर कार्य योजना बनाई गई बैठक में सदस्य श्रीमती सुनीता शर्मा तरुण कुमावत भवरलाल चौधरी अरविंद जैन सुरेंद्र मीणा महेंद्र बेरवा राजेंद्र पवार एवं विद्यालय कर्मचारी मौजूद रहे।

### हादसे में दर्जनों मुर्गियां मरी

**पावटा।** प्रागपुरा थाना इलाके के पावटा बस स्टेंड पर बीती रात मुर्गियों से भरी पिकअप सडक किनारे खडे ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में दर्जनों मुर्गियों की मौत हो गई। टक्कर के बाद पिकअप क्षतिग्रस्त हो गई और सडक पर मुर्गियां फैल गई। इस दौरान हाईवे पर यातायात बाधित हो गया। बताया जा रहा है कि मुर्गियों से भरी पिकअप जयपुर से कोटपूतली की ओर जा रही थी। पावटा बस स्टेंड के पास पहुंचने पर पिकअप अनियंत्रित होकर सडक किनारे खडे ट्रेलर से टकरा गई। इस दौरान दर्जनों मुर्गियों की मौत हो गई। साथ ही पिंजरा खुल जाने से कई मुर्गियां बाहर आकर सडक पर इधर उधर भागने लगी।

### झाबर सिंह खर्रा से शिष्टाचार भेंट

**कोटपूतली।** भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा से शिष्टाचार भेंटकर कोटपूतली की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। जिसमें शहर के बीचों बीच मुख्य मार्गों पर लगे डिवाडर जो की शहर के यातायात को बाधित कर रहे हैं। शहर में सुलभ शौचालय की कमी, नगर परिषद के पूर्व में व्याप्त भ्रष्टाचार की जाँच और विकास कार्यों को गति देने पर चर्चा की। जिस पर मंत्री खर्रा ने शीघ्र समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रवीण बंसल, पार्षद प्रमोद गुरुजी, रमन सैनी, अमित सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

### राशन की दुकान सील की

**दूदू ।** निकटवर्ती मोजमाबाद उपखंड मुख्यालय पर वार्ड संख्या 7 से 13 में संचालित राशन की दुकान के डीलर द्वारा गेहूं में मुर्गी का दाना एवं मिट्टी मिलाकर बेचने के प्रकरण में उपखंड अधिकारी बलबीर सिंह के निर्देश द्वारा जिला रसद अधिकारी सौरभ जैन ने कार्रवाही कर राशन की दुकान को सील कर दिया । उपभोक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन पेश कर शिकायत दर्ज कराई थी के बाद जैन ने पहुंच कर देखा तो दुकान बंद मिली डीलर से मोबाइल पर संपर्क नहीं हो पाया तो जिला रसद अधिकारी ने दुकान सील कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना आवश्यक

कोटपूतली। 01 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी वाहनों पर अब एचएसआरपी लगाना आवश्यक किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी अमित शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 01 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत हुए सभी श्रेणी के वाहनों पर 30 जून तक एचएसआरपी लगाया जाना आवश्यक कर दिया गया है।

## वाहन रजिस्ट्रीकरण प्लेट 30 जून तक लगवाएं

**अलवर ।** ऐसे वाहन जो 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत हैं और अति सुरक्षा रजिस्ट्रीकरण प्लेट (एचएसआरपी) लगे हुए नहीं है के वाहन स्वामी अविलम्ब निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर अपने वाहन पर 30 जून तक अति सुरक्षा प्लेट लगवाएं।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि भारत सरकार के सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना एवं परिवहन एवं सडक विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार 1 अप्रैल 2019 के पूर्व विनिर्मित वाहनों पर तीसरे रजिस्ट्रेशन चिह्न सहित अति सुरक्षा रजिस्ट्रीकरण प्लेट (एचएसआरपी) लगाये जाने हेतु वाहन विनिर्माता एवं उनके द्वारा अधिकृत डीलर्स को प्राधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने हेतु विभाग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया है ।

# जिसके नाम ई-रिक्शा हो वहीं चलाए


खाटूश्याम जी में पार्किंग व्यवस्थाओं को सुधारने को लेकर उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह भींचर की मौजूदगी में बैठक हुई।

**खाटूश्यामजी ।** प्रसिद्ध धार्मिक नगरी खाटूश्यामजी में बाबा श्याम के वार्षिक लक्खी मेले के बाद बेपटरी हुई व्यवस्थाओ को सुधारने को लेकर उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह भींचर ने बुधवार को मेला मजिस्ट्रेट कार्यालय में बैठक ली। बैठक ई रिक्शा संचालकों को हिदायत दी गई कि जिसके नाम से ई-रिक्शा रजिस्टर्ड है वहीं व्यक्ति रिक्शा का संचालन करेगा तथा ई-रिक्शा पर रेट लिस्ट लगानी होगी। ई-रिक्शा संचालक इन बातों का पालन नहीं करेगा तो उस पर कानूनी कार्रवाई कर रिक्शा जब्त किया जाएगा।इसके साथ ही मुख्य बाजार में हो रहे अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर पालिका व पुलिस सामंजस्य स्थापित कर प्रतिदिन दो बार अभियान चलाकर कार्रवाई करेंगे।इसके साथ ईओ व थानाधिकारी भी लगातार बाजार का दौरा करेंगे।मुख्य मार्गों में ई-रिक्शा व ठैले रोकने के लिए तीन स्थानों अस्पताल चौराहा,शिव मंदिर के सामने वाली गली व मस्जिद के पास इंगल व चैन लगाई जाएगी।इसके साथ ही मुख्य मार्गों में बेतरतीब ढंग से खड़ी होने वाली गाड़ियों को नगरपालिका द्वारा क्रेन से उठाया जाएगा वहीं जब तक नवीन टेंडर नहीं होता है तब तक नगरपालिका द्वारा शनिवार, रविवार, एकादशी, द्वादशी को पार्किंग व्यवस्था का संचालन किया जाएगा।शहर के अंदर ई रिक्शा नहीं जाएगा।इसके अलावा तोरणद्वार के पास नो वैंडिंग जोन बनाया जाएगा। उपखंड अधिकारी ने बताया कि बसें स्टेंड के बजाय सड़क के किनारे खड़ी रहती है।जिस पर कार्रवाई की जाएगी। उपखंड

■ यातायात, अस्थाई अतिक्रमण,वैंडिग जोन, पार्किंग सहित विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चलते मेले के बाद अधिकारियों के व्यस्त होने से अव्यवस्थाओं का आलम हो गया।अब इन व्यवस्थाओं को सुधारा जाएगा और आठ मई को जिला कलेक्टर रिव्यू बैठक करेंगे। इससे पहले कस्बे में हो रही अव्यवस्थाओं को सुधारा जाएगा।इसके लिए सभी को निर्देश दिए गए हैं। बैठक में तहसीलदार महिपाल सिंह,ईओ अरूण शर्मा, आरटीओ रींगस सुभाष चन्द्र,स्वास्थ्य निरीक्षक वीरेंद्र सिंह चंदेलिया,श्री श्याम मंदिर कमेटी के व्यवस्थापक संतोष शर्मा,मनीष शर्मा सहित अनेक मौजूद रहे। बैठक के बाद पुलिस प्रशासन हुआ मुस्तैद ,17 वाहनों के कांटे चालान 35000 रुपए का जुर्माना वसूला।

# शिविर में 125 मरीजों के आंखों की जांच


श्रीमाधोपुर जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ।

**श्रीमाधोपुर।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज, श्री मेहंदीपुर बालाजी की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में "56 वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन हुआ।

सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुए शिविर में 125 मरीजों के आंखों की जांच की गई तथा इनमें से चयनित 49 मरीजों का मोतियाबिंद

■ आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में "56 वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन हुआ

ऑपरेशन व लैंस प्रत्यारोपण के लिए निजी बस से शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर रेफर किया गया। जहां चयनित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।साथ ही चयनित मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था से लेकर खानपान व रहने की व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी। तथा चश्मे भी निःशुल्क दिये जायेगें। इस मौके पर शंकरा आई होस्पिटल से डॉक्टर प्राची दवे, अजीत सिंह तंवर, कुलदीप, सिमरन,नीरु, आरती, क्षमा, पूर्व सप्रांतपाल डा. माधव सिंह, पूर्व सप्रान्तपाल गिरिराज कयाल, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार चोटिया, दिलीप सिंह शेखावत, शांति लाल सोनी, सेक्रेटरी सुशील सैनी, संतोष कुमार सोनी, सागर मल शर्मा, भीवांराम देवंदा, निखिल कुलवाल तथा अन्य सदस्यों ने उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दी। आज के कैंप में पिछले कैंप के आपरेशन हो चुके मरीजों के अलावा 10 अन्य लोगों को भी निशुल्क नजर के चश्मे दिये गये।इससे पहले आयोजित 55 शिविरों में 5207 पंजीकरण,जिनमें से 1467 मरीजों की आंखों के सफल ऑपरेशन हो चुके है। ये आई कैंप क्लब द्वारा प्रत्येक महीने के पहले बुधवार को आयोजित किया जाता है। अगला 57 वां कैंप 5 जून, 2024 को आयोजित किया जाएगा।

# संस्कृत शिक्षा आयुक्त को 31 सूत्री सुझाव पत्र भिजवाए

**पावटा।** विश्व मजदूर दिवस पर कई संस्थाओं संगठनों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान वक्ताओं ने मजदूरों के अधिकारों कर्तव्यों के बारे में जागरूक करते हुए पावटा स्थित घंटाघर चौक पर समाजसेवी ओ पी बायला के मुय आतिथ्य एवं पंडित सुरेश शर्मा की अध्यक्षता मे सत्ताईसा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों एवं मजदूरों की मौजूदगी मे विश्व मजदूर दिवस मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पावटा घंटाघर चौक पर सभी मजदूरों का माला पहनाकर स्वागत समान करते हुए मिठाई खिलाई गई। मुय अतिथि ओ पी बायला ने कहा कि एक मई एक ऐतिहासिक दिन है। यह दिन लाखों मजदूरों की अधिकारों के लिए जारी संघर्ष कुर्बानियों का प्रतीक है। उन्होंने मजदूरों को उनके अधिकार कर्तव्यों की जानकारी देते हुए कहाँ कि मजदूर एकता बनी रहे इसके लिए हम सबको एकजुट रहकर संघर्ष करना होगा। वही पंडित सुरेश शर्मा ने कहा कि मजदूर के योगदान के बिना किसी भी निर्माण का पूरा हो पाना असंभव है। मजदूर केवल पत्थर तोडने वाला, ईंटें ढोने या किसी फैक्ट्री में मजदूरी करने वाला व्यक्ति नहीं है, बल्कि जो शारीरिक या मानसिक श्रम के जरिये अपना जीवन यापन करता है, वही मजदूर की श्रेणी में शामिल है। कार्य छोटा या बडा नहीं होता। देश की प्रगति के लिए हम सबको मिलजुलकर कार्य करना चाहिए। हमारा कर्म क्षेत्र ही हमारा विजय क्षेत्र है। हमें सेवाएं प्रदान करने वाले सभी सदस्यों का समान करना चाहिए। इस दौरान यात्रा संयोजक एवं सुखाड बाढ विश्व जन आयोग सदस्य दीप सिंह शेखावत ने संबोधित करते हुए कहा कि आज मजदूर के साथ अन्याय हो रहा है। मजदूरों के हितों के लिए संघर्ष समिति बनानी चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस दौर में श्रम शक्ति पर संकट के बादल छाए हुए हैं। इस दौरान ओ पी बायला, सुरेश शर्मा, ओमप्रकाश गौड, वस्त्र व्यापार संघ प्रवक्ता संतोष गुप्ता, ठेकेदार महावीर चावला, सुभाष शर्मा, राजेश गोयल प्रागपुरा, दौलतराम ठीकरिया, बलवीर खजोतिया, सीमा, गीता देवी, मंजू देवी, मुकेश मीणा, सुभाष, रामकिशन, राकेश, सतवीर, सुरज्ञानी, अशोक वर्मा, रमेश चंद, विष्णु, बिरजू वर्मा, प्रहलाद मीणा, रतन सिंह, बजरंग सिंह, हरिराम बुनकर, दयाराम कारीगर, मालीराम, गोवर्धन वर्मा सहित सैकडो मजदूर उपस्थित रहे।

# राजगढ़ मेरा गौरव पुस्तक का विमोचन



समाजसेवी एडवोकेट सुरेंद्र माथुर किट्टू की पुस्तक राजगढ़ मेरा गौरव का विमोचन न्यायाधीश पवन कुमार अग्रवाल ने किया।

**राजगढ़ ।** मन में कुछ करने की ललक एवं दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो काटी से कठिन कार्य को पूरा करने में उम्र भी बाधक नहीं होती। कला प्रेमी एवं समाजसेवी एडवोकेट सुरेंद्र माथुर किट्टू ने 73 वर्ष की आयु में राजगढ़ मेरा गौरव पुस्तक का लेखन कर अनुकरणीय मिसाल कायम की।

माथुर की ओर से लिखित पुस्तक राजगढ़ मेरा गौरव का बुधवार को तुषार गार्डन में अपर जिला में सेशन न्यायाधीश पवन कुमार अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। न्यायिक अधिकारियों के साथ राजगढ़ एवं रेणी उपखंड अधिकारी मौजूद रहे। बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश पवन कुमार अग्रवाल ने कहा कि राजगढ़ मेरा गौरव पुस्तक क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी के लिए वरदानदायक साबित होगी। इस कार्यक्रम में एसीजेएम नवीन झरवाल, शांतनु सिंह,न्यायिक मजिस्ट्रेट हर्षित शर्मा, अन्य न्यायाधीशों के अलावा उपखंड अधिकारी सुश्री सीमा खेतान, रेणी उपखंड अधिकारी नवनीत कुमार, एवं बार के सदस्य हजारीलाल मीणा, मोहनलाल जैमन, सीताराम वशिष्ठ, भूपेंद्र शर्मा एवं अन्य वक्ताओं ने विचार व्यक्त किया। पुस्तक के लेखक सुरेंद्र माथुर किट्टू ने कहां की जो देखा सुना एवं समझा के आधार पर पुस्तक में

■ कला प्रेमी एवं समाजसेवी एडवोकेट सुरेंद्र माथुर किट्टू ने 73 वर्ष की आयु में राजगढ़ मेरा गौरव पुस्तक का लेखन कर अनुकरणीय मिसाल कायम की

उपयोगी तथ्यों का संकलन है। पुस्तक की सफलता के पीछे वीरेंद्र शर्मा, सतीश मित्तल, संजय सैनी , कैलाश भारद्वाज सहित अन्य सदस्यों का अविस्मरणीय योगदान रहा। इस अवसर पर खेम सिंह आर्य, अध्यक्ष बार अशोक शर्मा, नरेंद्र गुप्ता, सूरजभान सिंह नरूका, एवं आसपास के गणमान्य जन मौजूद रहे। बार एसोसिएशन के प्रदीप भारद्वाज ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र तिवाडी ने किया।

## एस.डी.एम.ने किया सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण

**पावटा।** उपखंड अधिकार पावटा कपिल उपाध्याय ने बुधवार को आयुर्वेदिक चिकित्सालय, उप स्वास्थ्य केंद्र टोरडा गुजरान, ग्राम पंचायत, स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, सहायक कृषि अधिकारी कार्यालय टसकोला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों मे उपस्थित कर्मचारियों अधिकारियों को समय पर उपस्थित रहकर अपने कर्तव्यों का पूर्ण ईमानदारी से निर्वहन करने की हिदायत दी। वही कार्यालयों मे साफ सफाई रखने के निर्देश दिये। वही चिकित्सकों के उपस्थिति रजिस्टर, दवा वितरण, जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता और रख रखाव की जांच की। वही निरीक्षण के दौरान ओपीडी, वार्डो, लेबर रूम, और परिसर की जांच की गयी, अस्पताल स्टाफ से मरीजों को दी जाने वाले सुविधाओं और अस्पताल मे अन्य व्यवस्थाओं पर जानकारी प्राप्त की व साथ ही वार्डो मे उपस्थित मरीजों से भी जांचों और इलाज के संबध मे फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान सहायक कृषि अधिकारी से तारबंदी, फार्म पौंड, बीज वितरण की जानकारी ली गई।

## सार-समाचार

### मजदूर दिवस मनाया



**बौंली, बामनवास, ।** केंद्रीय श्रमिक संगठन सनिर्माण मजदूर यूनियन के नेतृत्व में सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय के बजरिया स्थित मजदूर चौपाटी पर बुधवार 1 मई को मजदूर दिवस को त्यौहार के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर उपस्थित मजदूरों को केंद्रीय श्रम संगठन एटक के सवाई माधोपुर जिला सचिव रामगोपाल गुणसारिया, अध्यक्ष छोटू लाल बैरवा, रोडवेज से सेवानिवृत कर्मचारी नेता देवीलाल बैरवा, राजस्थान किसान सभा के जिला अध्यक्ष कांजी मीणा, रामकेश बैरवा, महिला नेता अंजना करण, एवं तबस्सुम सहित अनेको मजदूर नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि श्रम कानून का पालन नहीं होने से मजदूरों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है श्रम विभाग मजदूरों को राहत देने में विफल रहा है । इस कारण सभी मजदूरों को संगठित होकर संघर्ष करना है। बौंली नगर पालिका मुख्यालय पर नरेगा मजदूरों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए बकाया भुगतान करने की मांग की।

### सामोता ने गो सेवा कर मनाया जन्मदिन

**पावटा।** भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रागपुरा राकेश सामोता ने अपने 28वें जन्मदिन के अवसर पर प्राचीन कालीन गणेश मंदिर विराटनगर पहुंचकर गणेश जी महाराज के दर्शन किए और लोगों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। वही जोधपुरा में स्तिथ बाबा रामदास गौशाला, पावटा श्री कृष्ण गौशाला में हरा चारा, गुड और बंदरों को फल खिलाकर सेवा कार्य किया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रागपुरा राकेश सामोता ने बताया कि गौ माता की सेवा से बढकर कोई पुण्य नहीं है। जन्मदिन पर फिजूल खर्चा नहीं करने की अपील करते हुए कहाँ कि जन्मदिन पर हजारों रुपयों पार्टी पर खर्च करने की जगह गौ वंश के लिए दान करना चाहिए। इससे पशुओं को भोजन मिलता है एवं हमें पुण्य प्राप्त होता है। गौ सेवा करने से मानव जीवन को सुख-शांति और समृद्धि मिलती है। हर मानव को गौसेवा करने से बेहतर फल की प्राप्ति होती है। हिंदू धर्म में गौसेवा करना हमारा परम धर्म माना जाता है। इस दौरान सरपंच प्रहलाद मांठ, भरतमल यादव, महावीर सिंह, रोहिताश मीणा, अमरसिंह मौर्य, अजय कपूरिया, संजू कपूरिया, रोहित शर्मा, राजा राव, प्रमोद शर्मा, सकील खान, अभिषेक स्वामी, राहुल जाट सहित बडी संया मे भाजपा पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ ने युवा नेता राकेश सामोता को जन्मदिन की बधाई दी।

### पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कंवरपुरा स्थित कृषि महाविद्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। अधिष्ठाता डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने प्रदर्शनी का फिता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष की इस पहल का स्वागत किया एवं विद्यार्थियों में पुस्तकों के प्रति रूझान बढ़ाने वाला कदम बताया। किताबें हमारी सबसे अच्छी दोस्त व ज्ञानवर्धक होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को किताबें पढ़ने व नियमित रूप से पुस्तकालय जाने के लिये प्रेरित किया। प्रदर्शनी में सुमन बुक स्टोर, कल्याणी पब्लिशर्स एवं एस्ट्रल इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा कृषि से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न विभागों के अध्यक्षों ने पुस्तकालयें के लिये क पुस्तकों की अनुशंषा की। विधार्थियों ने प्रकाशकों से उपयोगी पुस्तकें खरीदी। कॉलेज के शिक्षकों ने -ला ब्रेरी पर भी विभिन्न प्रकाशकों से चर्चा की। सहायक पुस्तकालाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि पुस्तकालय नियमित रूप से इन पुस्तक प्रदर्शनियों का आयोजन करता रहता है। इस दौरान डॉ. डी. के. बैरवा, डॉ. विष्णु शंकर, डॉ. पार्वती दीवान, डॉ. नीरज मीणा, डॉ. सुशीला ऐचरा, ओमेश कुमार, विजय सिंह, दीपक सैनी, दुलाराम, अजय, कुंदन, अंकित व सरजीत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### प्रतिभाओं का सम्मान

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मोरदा के अजय कुमावत व अजीतपुरा के सोनू कुमावत के आ आ टी-जे प्रतियोगिता परीक्षा में चयनित होने पर दक्ष छात्रावास कार्यकारिणी की ओर से स्थानीय प्रजापति छात्रावास पर अध्यक्ष बस्तीराम प्रजापत की अध्यक्षता में छात्र अजय कुमावत व सोनू कुमावत का छात्रावास कार्यकारिणी व कुम्हार समाज की ओर से माल्यार्पण व साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि अजय कुमावत के पिता सुभाष कुमावत टैम्पों चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते है। जबकि सोनू कुमावत के पिता मालीराम कुमावत जो कि मार्बल -टाल मिस्त्री का कार्य करते हैं। अजय ने 99.07 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ओबीसी वर्ग में अखिल भारतीय स्तर पर 3612 वीं रैंक प्राप्त की है। वहीं सोनू ने 88.32 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ओबीसी वर्ग में अखिल भारतीय स्तर पर 59011 वीं रैंक प्राप्त की है।

### आवेदन की अन्तिम तिथि 8 मई

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में परीक्षा आवेदन पत्र बुधवार से ऑनला न प्रारम्भ हो गये है। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्नात्तक द्वितीय सेमेस्टर (नियमित) परीक्षा म -2024 के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन माध्यम से 01 से 08 मई तक भरे जा सकते है। विधार्थी अन्तिम तिथि से पहले ही अपने परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरकर आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी जमा करवा देवें।

## संगठन ने संस्कृत शिक्षा आयुक्त को भिजवाया 31 सूत्री सुझाव पत्र

**श्रीमाधोपुर ।** राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ ने संस्कृत शिक्षा राजस्थान की तबादला नीति में शामिल करने के लिए 31 सूत्री सुझाव पत्र संस्कृत शिक्षा आयुक्त को भिजवाया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ एवं प्रदेश महामंत्री दयाल सिंह काजला ने बताया कि निदेशालय संस्कृत शिक्षा द्वारा संगठन से स्थानांतरण नीति में शामिल करने हेतु सुझाव मांगे गए थे। जिस पर राज्यभर के शिक्षकों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर सुझाव पत्र तैयार कर आयुक्त संस्कृत शिक्षा को भिजवाया गया है। सुझावों में मुख्य रूप से स्थानांतरण ठीष्मावकाश में हों, प्रक्रिया ऑनलाईन हो, सॉफ्टवेयर विकसित किया जावे, स्थानांतरण करने से पूर्व नियमानुसार सभी श्रेणी के पद विद्यालयों को आवंटित किया जावे, संस्कृत शिक्षा के लिए समर्पित कार्मिकों को स्थानांतरण में प्राथमिकता, स्थानांतरण रिक्त पद ही हो, परिवीक्षा काल में स्थानांतरण नहीं किया जावे, स्थानांतरण में राजनैतिक दखल सीमित हो तथा गंभीर शिकायत में दोषी पाए जाने पर ही प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरण किया जावे, जनप्रतिनिधियों की तरह शिक्षक संघ के शीर्ष नेतृत्व की सिफारिशों को भी स्थानांतरण में प्राथमिकता दी जावे,शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का स्थानांतरण उनकी इच्छा के विरुद्ध नहीं किया जावे, वीरांगना, भूतपूर्व सैनिक शिक्षकों, शहीद आश्रित परिवार के सदस्य शिक्षकों, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत शिक्षकों, उत्कृष्ट खिलाड़ियों, स्काउट सचिव एवं संयुक्त सचिव का स्थानांतरण स्वेच्छिक हो, परस्पर स्थानांतरण का विकल्प हमेशा खुला रहे,पद विरुद्ध स्थानांतरण नहीं किया जावे, 30 सितंबर के नामांकन को आधार मानते हुए अधिशेष शिक्षकों का समानीकरण स्थानांतरण से पहले किया जावे,अनुकम्पा नियुक्त कार्मिक का स्थानांतरण स्वेच्छिक हो, गंभीर बीमारी, अविवाहित, विधवा, परित्यक्ता, एकल, विशेष योग्यजन, दोनों हाथों में बैसाखी के सहारे चलने वाले, बेहतर परीक्षा परिणाम देने वाले, नवाचारी शिक्षक, ठामीण क्षेत्र में 10 वर्ष से ज्यादा सेवा देने वाले एवं स्काउट प्रभारी के वरीयता अंक तय कर स्थानांतरण में प्राथमिकता मिले,पति-पत्नी का एक ही स्थान पर स्थानांतरण हो, मंत्रालयिक कार्मिकों का स्थानांतरण गृह जिले में हो,सेवानिवृत्ति में 2वर्ष ही बाकी हो तो स्थानांतरण नहीं किया।

## संक्षिप्त

### श्रमिकों को दी कानूनी जानकारी

**सांभरझील, (निसं)।** हिरनोदा रेलवे स्टेशन पर दैनिक रेल यात्रियों व असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को एडवोकेट कानाराम कुमावत ने विधिक जानकारी दी। भवानी निकेतन विधि महाविद्यालय की ओर से आयोजित विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, बताया कि श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के बच्चों की पढाई हेतू छात्रवृत्ति, काम करते हुए किसी श्रमिक की मृत्यु पर विभाग द्वारा सहायता, श्रमिकों के बच्चों के विवाह में आर्थिक सहायता सहित कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए कानूनी रूप से सभी श्रमिकों को ईपंजियन करवाने के लिए प्रेरित किया लोकअदालत के माध्यम से प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए भी बताया। दैनिक रेल यात्री संघ हिरनोदा महामंत्री कल्याण सहाय द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### उद्योग विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई

**भिवाड़ी/खैरथल।** परिवहन और उद्योग विभाग की संयुक्त गठित टीम ने जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री से निकलने वाले दुषित पानी को भिवाडी की खुली नालियों में छोड़ने पर दो टैंकरों सहित एक गाड़ी को भी जब्त किया है। महाप्रबंधक उद्योग एवं वाणिज्य विभाग भिवाड़ी एस एस खोरिया ने बताया कि संयुक्त जांच दल ने टैंकर में भरे अपशिष्ट दुषित पानी का सैंपल लेकर राजस्थान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड भिवाड़ी की लैब में जांच हेतु भेजा गया। उन्होंने बताया इससे पूर्व भी औद्योगिक इकाई से निकले अपशिष्ट पानी को टैंकरों के माध्यम से खुले नालों में छोड़ती हुई एक इकाई को बंद कराया गया। अवैध तरीके से औद्योगिक अपशिष्ट को खुले नालों में छोड़ने वालों पर निरंतर कार्यवाही की जाएगी।

### आभार प्रकट किया

**फुलेरा ।** फुलेरा जंक्शन पर बुधवार को प्रातः व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा के नेतृत्व में एक शिष्टमण्डल ने जयपुर से मेड़ता जाते हुए रेल महाप्रबंधक (जीएम) से मुलाकात कर उन्हें साफा व माला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन करते हुए आभार प्रकट किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए अध्यक्ष मनोज आहूजा ने बताया कि उक्त आभार फुलेरा जंक्शन को इलेक्ट्रिक लोको शेड स्वीकृत करने, फुलेरा-जोधपुर लाईन के दोहरीकरण व विद्युतीकरण करने, अजमेरी गेट एल सी 1 पर अण्डरपास स्वीकृत करने, फुलेरा-रेवाड़ी रेल मार्ग को दोहरीकरण करने के आदेश करने पर पत्र प्रेषित कर आभार प्रकट किया। इसके अतिरिक्त रेलवे जंक्शन पर कार्यरत वेण्डर्स की अचानक चार गुणा बढ़ाई फीस के आदेशों को पुनः लेने का मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर भूपेन्द्र गुप्ता, राजू दाधीच, हरगोपाल साहू, मुकेश पारीक, मोहित धांधल, नेमी चन्द गुर्जर, संजीव गुप्ता, मुकेश गगरानी, बद्री प्रसाद, कालू सैनी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### झुलसे युवक को रेफर किया

**सांभरझील, (निसं)।** जयपुर जिला ग्रामीण के गांव त्योदा में खुद की पत्नी को लेने गया एक युवक संदिग्धावस्था में झुलसा हुआ मिला, जिस पर स्थानीय पुलिस ने सूचना मिलने पर उसे फुलेरा के उप जिला अस्पताल में एंबुलेंस से इलाज के लिए भिजवाया, युवक की गंभीर अवस्था को देखते हुए इलाज के लिए जयपुर एसएमएस रेफर कर दिया गया। सांभर थानाधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि मंगलवार को जरिए टेलीफोन इतला मिली कि ठााम त्योदा में एक व्यक्ति ने आग लगा ली है इतला पर मय जाप्ता के ठााम त्यौदा पहुंचा जहां एक व्यक्ति शरीर जला हुआ गांव में रास्ते पर खड़ा मिला जिसका नाम पता पूछा तो अपना नाम राहुल कुमार पुत्र लूणाराम जाति बलाई उम्र 24 साल निवासी सलेदीपुरा थाना रेनवाल बताया।जिसे 108 एंबुलेंस की सहायता से उप जिला अस्पताल फुलेरा भिजवाया गया जहां से उसे सवाई मानसिंह चिकित्सालय जयपुर के लिए रैफर कर दिया। राहुल ने अपने पर्चा बयान में अपनी पत्नी बबिता को लेने सुबह 8 बजे त्यौदा आना बताया व पत्नी, बुआ सास, बुआ सास के लड़के किशनलाल व सुरेंद्र द्वारा मारपीट कर पेट्रोल डालकर जला देने की रिपोर्ट दी है । जिस पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। एसएचओ वर्मा ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद लोगो ने राहुल द्वारा स्वयं ही पेट्रोल छिड़ककर स्वयं को आग लगाना बताया है।

# नाले में सड़क निर्माण का विरोध



नारायणपुर में गैर मुमकिन नाले में बनाई जा रही सड़क के विरोध में ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया।

■ उपखंड अधिकारी को ग्रामीणों ने ज्ञापन दिया

**नारायणपुर ।** ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा इन दिनों अपने निजी स्वार्थ व चहेतों लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए कृष्णा कॉलेज के पास से गुजर रहे गैर मुमकिन नाले में बनाई जा रही सड़क व समानांतर पक्की दीवार को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने उपसरपंच आकाश अग्रवाल के सानिध्य में उपखंड अधिकारी लक्ष्मी नारायण बुनकर को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा सड़क निर्माण व समानांतर पक्की दीवार का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं । जो कि गैर मुमकिन नाले में आता हैं । ग्रामीणों ने बताया कि यह गैर मुमकिन नाला कृष्णा कॉलेज से शुरू होता हैं जो की मोरडी की ढाणी की ओर जाता हैं जिसकी करीब 1 किलोमीटर की लम्बाई हैं । ग्रामीणों ने बताया कि इस गैर मुमकिन नाले में पहाड का पानी आता हैं । जिसका जल संग्रहण करने के लिए राज्य सरकार द्वारा लाखों रूपये की लागत से एनीकट बनाया गया । उसको को भी ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा जेसीबी की सहायता से तोड़ दिया गया । इस एनीकट के पानी से जंगल के जानवर अपनी प्यास बुझाते हैं और आसपास के किसानों के कुओं के पानी का जलस्तर सामान्य रहता हैं । एनीकट के तोड़ने पर बरसात के दिनों में 200 मीटर की दूरी पर बसा बलाई मोहल्ला, डाकोत मोहल्ला पहाड़ के पानी से जलमग्न हो जायेंगे । इधर एसडीएम लक्ष्मीनारायण बुनकर ने बताया कि सरपंच द्वारा गैर मुमकिन नाले में किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य को रुकवाकर पाबंद कर दिया गया हैं । जल्द तहसीलदार, पटवारी की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेंगी । इस मौके पर दिनेश जाट, मोहन गोठवाल, भगवान सहाय गोठवाल, बाबूलाल सिरोहीवाल, श्याम लाल गोठवाल, हरचंद बबेरवाल, लोकेश सैनी, मनोज सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ।

### समीक्षा बैठक आयोजित

**श्रीमाधोपुर।** ब्लॉक कार्यालय श्रीमाधोपुर के सभागार में ब्लॉक श्रीमाधोपुर एवम ब्लॉक अजीतगढ के समस्त सीएचओ ( सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी) के साथ गैर संचारी रोग व मौसमी बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण के क्रम में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता डॉ. राजेश सिंह,ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमाधोपुर द्वारा कि गई । बैठक में जिला स्तर से जिला एनसीडी समन्वयक मुकेश कुमार सैनी, एपीडोमोलॉजिस्ट डॉ. अम्बिका प्रसाद शर्मा, ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी गोविन्द शर्मा द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमो की समीक्षा कर एनसीडी पोर्टल एवम आईएचआईपी पोर्टल का पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दोरान निर्देश दिये गये कि एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं जैसे सिबेक फॉर्म, स्क्रिनिंग,स्वास्थ्य जांच, उपचार, फॉलोअप ,आभा आईडी की नियमित ऑनलाइन एंट्री तथा आईएचआईपी कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित रूप से बुखार के रोगियों की एंटी पोर्टल पर की जावे ताकि रैंकिंग में सुधार हो सके साथ ही राष्ट्रिय टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत आगामी समस्त टीकाकरण सत्रों का आयोजन यूविन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन ही किया जाना है। इस क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिये ।

# महिला से बलात्कार व हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया



महिला से बलात्कार व हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

■ खेत में मिला था गुमशुदा महिला का शव

**दौसा।** मेहन्दीपुर बालाजी थाना पुलिस द्वारा गत दिनों गर्भवती महिला का बलात्कार कर उसकी निर्मम हत्या करने के बहुचर्चित मामले के आरोपी जगराम मीणा को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। इसी के साथ इस महिला की हत्या का भी पर्दाफाश हो गया है। जिला पुलिस अधीक्षक रंजीत शर्मा द्वारा इस मामले का खुलासा करने के लिए मेहंदीपुर बालाजी थाना अधिकारी गौरव प्रधान की अगुवाई में थाने के एएसआई शीशराम हेड कांस्टेबल मगन सिंह, कास्टेबल कृष्ण कुमार, जीतेन्द्र, गोविन्द, पंकज, सोनवीर, ओमेन्द्र, कपिल, दिलीप, विश्राम, विनोद, लोकेश आदि की एक टीम का गठन किया गया था। जहा मेहंदीपुर बालाजी थाना अधिकारी गौरव प्रधान के नेतृत्व में गठित पुलिस की टीम द्वारा कारवाई करते हुए नांदरी से गुमशुदा महिला की हत्या के आरोपी जगराम मीना को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई।

थानाधिकारी प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि रामकेश पुत्र भगतराम मीणा निवासी नांदरी पुलिस थाना मेहन्दीपुर बालाजी जिला दौसा ने एक रिपोर्ट पेश की कि 27 अप्रैल रात्रि करीब 10 बजे की घटना है मेरे खेत पर तुडा पडा हुआ था जिसको मैने जगराम पुत्र बाबूलाल मीना निवासी नांदरी को मेरे खेत मे से तूडा भरने एंव घर पर डालने का ठेका दिया था। जगराम चारा भरने के लिए गया तो मेरी पत्नि को भी साथ मे पैदल पैदल ले गया व मेरी पत्नि सुबह तक घर नही आई तो हमे चिंता हुई और जगराम गांव में नहीं मिला इसके बाद हमने गुमशुदा की रिपोर्ट मेंहन्दीपुर बालाजी थाने में दर्ज करवाई। दौराने तलाश उसकी पत्नि का शव मिला व मेरी पत्नि जो 6 माह की गर्भवती थी उसके साथ जगराम ने बलात्कार करके निर्मम हत्या कर दी। इस मामले को विभिन्न सुसंगत धाराओं में पर्जीबद्ध कर अनुसंधान शुरु किया गया। गुमशुदगी को गंभीरता से लेते हुये गुमशुदा महिला की तलाश की गई। दौराने तलाश गाँव नांदरी की पहाडी की तलहटी वाले खेतो में एक महिला का शव मृत अवस्था में पडा हुआ मिला जो करीब दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा था।

जो थाने पर दर्ज एमपीआर की गुमशुदा प्रतीत होने पर उक्त मृत अवस्था में पडी हुई लाश की शिनाख्तगी गुमशुदा महिल के पति रामकेश से करवाई गई तो उक्त शव को अपनी पत्नि का होना बताया एवं परिवादी से रिपोर्ट प्राप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसके बाद मामले को लेकर थाना अधिकारी व पुलिस टीम द्वारा संपर्क कर आ सुचना संकलन व परम्परागत पुलिसिंग के माध्यम व तकनीकि संसाधनो का उपयोग कर बुधवार को वारदात के आरोपी जगराम मीना को खेडा पहाडपुर चौराहे से दस्तयाब कर बाद अनुसन्धान गिरफ्तार किया गया है।

# 'राष्ट्र निर्माण में मजदूरों की भूमिका अहम'

■ मजदूर वर्ग की मेहनत व उनकी समर्पण भावना का सम्मान करना चाहिये : सांगवान

**कोटपूतली।** कस्बे के विभिन्न विधालयों में विश्व मजदूर दिवस मनाया गया। पनियाला मोड स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने नाटक के माध्यम से देश व समाज में मजदूरों की भागीदारी को प्रदर्शित किया जो आकर्षण का केंद्र रहा।

प्रधानाध्यापिका बिंदु सांगवान ने मजदूर दिवस पर प्रकाश डालते हुए स्कूल के सहायक कर्मचारियों, बस के चालक, परिचालक व माली, सफा कर्मी, चौकीदार आदी का उनके द्वारा जिम्मेदारी से काम करने पर गिफ्ट कार्ड देकर धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सशक्त राष्ट्र निर्माण में मजदूरों की भूमिका अहम होती है। इसलिए हम सभी को मजदूर वर्ग की मेहनत व उनकी समर्पण भावना का सम्मान करना चाहिये। इस दौरान सहायक कर्मचारी के बीच रस्सा कस्सी, म्यूजिकल चेयर आदी खेलों का आयोजन भी हुआ। इसी प्रकार राजमार्ग स्थित द राजस्थान स्कूल में विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। जिसमें विधार्थियों व शिक्षकों द्वारा मजदूर दिवस की महत्ता को विशेष रूप से उद्‌घाटित किया गया। प्रधानाचार्या शालिनी चौधरी ने कहा कि मजदूर राष्ट्र का निर्माता होता है। वह कठोर परिश्रम व कर्तव्य निष्ठा के साथ राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभाता है। मजदूर समाज की व्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा है। अभावों व कष्टों का जीवन जीते हुये भी वह हर हाल में संतुष्ट रहता है। मजदूरों के प्रति हम सभी को सम्मान व सहानुभूति के भाव रखने चाहिये। बर्सर विकास चौधरी ने विधालय में कार्यरत सभी सहयोगी कर्मचारियों के कार्यो की प्रशंसा करते हुये कहा कि आप अपने अथक प्रयासों से विधालय की अनेक गतिविधियों के संचालन में सहयोग करते है। उप प्रधानाचार्य रमेश सकलानी ने सहायक कर्मचारियों का आभार प्रकट करते हुये विधार्थियों से कहा कि आप सभी को श्रमिक वर्ग का सम्मान कर उनके प्रति सहानुभूति का भाव रखना चाहिये।

### आबकारी अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**अलवर,** जयपुर । ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की अलवर-द्वितीय इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये सुरेश कुमार अहीर आर.ए.एस., आबकारी अधिकारी, जिला अलवर को परिवादी से 3 लाख रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) ने बताया कि ए.सी.बी. की अलवर-द्वितीय इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी लाईसेंसशुदा शराब की दुकान के गोदाम की लोकेशन पास करने की एवज में आरोपी सुरेश कुमार अहीर आर.ए.एस., जिला आबकारी अधिकारी, जिला अलवर द्वारा 6 लाख रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह के सुपरवीजन में एसीबी अलवर-द्वितीय इकाई के उप अधीक्षक पुलिस श्री परमेश्वर लाल के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी सुरेश कुमार अहीर आर.ए.एस को पकड़ा।

# मजदूरों, किसानों व व्यापारियों में हो सामंजस्य : कमलकिशोर

**निवाई ।** स्थानीय कृषि उपज मंडी में पल्लेदार यूनियन सीटू के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी बृजमोहन खंडेलवाल, सीटू के जिला अध्यक्ष अख्तर जंग, व्यापार मंडल के संरक्षक ताराचंद बोहरा एवं मजदूर संघ के तहसील अध्यक्ष दुर्गालाल बैरवा ने मजदूर संघ का झंडा फहराकर किया।

मुख्य अतिथि बृजमोहन खंडेलवाल ने कहा कि मजदूर दिवस पर मजदूरों के अधिकारों, सामाजिक न्याय, कामकाजी परिस्थितियों, दिक्कतों को जानने व इनकी स्थितियों में सुधार करने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाती है। मजदूर दिवस पर मजदूर वर्ग के व्यक्ति की परेशानियों को समझकर उनकी समस्याओं का हल निकालने में सहयोग प्रदान होता है। कृषि मंडी सचिव कमलकिशोर सोनी ने कहा कि मजदूर अपने परिवार के पालन पोषण करने के साथ राष्ट्र के निर्माण में भागेदारी निभाते हैं।

उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत 1 मई 1886 से हुई थी। जब अमेरिका में मजदूर यूनियनों ने 8 घंटे से अधिक काम नहीं करने की मांग को लेकर प्रथम हडताल की थी।

उन्होंने बताया कि मंडी में मजदूरों, किसानों व व्यापारियों में सामंजस्य होना जरूरी है। सीटू के जिला अध्यक्ष अख्तर जंग ने कहा कि मजदूर दिवस मजदूरों व उनके अधिकारों के प्रति आम लोगों और स्वयं मजदूरों में जागरूकता लाने के लिए मनाया जाता है। व्यापार मंडल के संरक्षक ताराचन्द बोहरा ने कहा कि मजदूर दिवस दुनिया भर में मजदूरों की एकजुटता, समानता और सामाजिक न्याय के लिए मनाया जाता है।

इस अवसर पर संघ के दुर्गालाल बैरवा, रामदयाल चौधरी, केदार बैरवा, रमेश धाबाई, भजनलाल, गोविंद नायक, कजोड बना, रामफूल लोधा, जमनालाल गुर्जर, लादूलाल बैरवा, किशन बना, श्योजीराम यादव, भगवानदास परिडवाल, नाथूलाल गुर्जर, बनवारीलाल यादव एवं सत्यनारायण गुर्जर सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# बेज़ुबान पक्षियों के लिए लगाये परिण्डे




श्रीमाधोपुर के राजकीय कन्या महाविद्यालय, मुख्य डाकघर ,दूर संचार निगम कार्यालय में बेज़ुबान पक्षियों के लिए 11 परिंडे लगाए गए।

■ 132 लुप्तप्रायः प्रजातियों के विषय में बताकर ''आपो वै जीवनम्'' जल है तो जीवन है के महत्त्व को समझाया।

**श्रीमाधोपुर ।** विनायक महिला विकास समिति के तत्त्वाधान में कस्बे के राजकीय कन्या महाविद्यालय, मुख्य डाकघर ,दूर संचार निगम कार्यालय में बेज़ुबान पक्षियों के लिए ,परिण्डा लगाओ पक्षी बचाओ अभियान के तहत 11 परिंडे लगाए गए।

प्राचार्य डॉ. सांवरमल जाट द्वारा छात्राओं को भारत में ''रेड डाटा बुक'' की सूची में शामिल पौधों एवं जानवरों की 132 लुप्तप्रायः प्रजातियों के विषय में बताकर ''आपो वै जीवनम्'' जल है तो जीवन है के महत्त्व को समझाते हुए बताया कि वैशाख महीने से भीषण गर्मी के चलते बेज़ुबान पक्षी पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते हैं एवं समय पर नीर नहीं मिलने के कारण कई पक्षी मौत के घाट उतर जाते हैं ।पर्यावरणीय संरक्षण एवं मानव जीवन को सरल एवं सहज बनाने हेतु बेज़ुबान पक्षियों के लिए परिण्डे लगाकर इस पुनीत सेवाधर्म को आधिकाधिक एवं यथासम्भव निभाकर पुण्य प्राप्त किया जा सकता है ।महाविद्यालय प्रशासनिक अधिकारी रामजीलाल ने छात्राओं को परिण्डों में निरन्तर पानी भरने हेतु प्रेरित किया समिति अध्यक्ष आशा देवी ने बताया कि यह अभियान 7 मई तक चलेगा उपस्थित महाविद्यालय संकाय सदस्य पूजा वर्मा ,अर्चना चौहान पोस्टमास्टर ,जयप्रकाश सैनी असिस्टेंट पोस्टमास्टर ,कानाराम जांगिड़ पीए ,आशुतोष शर्मा उपमंडल अभियंता बीएसएनएल ,राजेंद्र वर्मा जेटीओ ,नगर पालिका कनिष्ठ तकनीकी सहायक दिनेश सैनी, गणेश शर्मा, सीओ श्रीराम शर्मा ,बलदेव सैनी, घनश्याम वर्मा, विनायक महिला विकास समिति ब्लॉक कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार सैनी महाविद्यालय की ओर से विनायक महिला विकास समिति का धन्यावाद ज्ञापित किया।

## सार-समाचार

### विशेषज्ञ टीम ने लव कुश वाटिका का दौरा

**लालसोट ।** क्षेत्र में पर्यटन को बढावा देने के लिए जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने पपलाज माता की पहाड़ियों में विकसित की गई लवकुश वाटिका का दौरा किया गया। प्रातः 5 बजे धोन से पपलाज माता और पपलाज माता से लवकुश वाटिका तक निर्मित 6 किलोमीटर ट्रेकिंग क्षेत्र का इकोटुरिज्म कि दृष्टि से निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए।उपवनसंरक्षक वी केतनकुमार ने जिला कलेक्टर को वस्तुस्थिति से अवगत करवाया तथा वनविभाग के रेंजर को इकोटुरिज्म की संभावना को देखते हुए ट्रेकिंग एरिया को विकसित करने हेतु निर्देशित किया। पक्षी विशेषज्ञ प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया के अनुसार अरावली पर्वतमाला का यह क्षेत्र जैव विविधता से संपन्न क्षेत्र है, जिसमे सालर, तेंदू,गुर्जन, केशिया, जाल, बांस, धोक आदि वनस्पति और लेपर्ड,जंगली सुअर , हाइना, जेकाल,आदि जंगली जीव और पक्षी और तितलियों की विभिन्न प्रजातियां पाए जाते है।ऐसे में यह क्षेत्र ट्रेकिंग के लिए और विधार्थियों ,आमजन व शोधार्थियों को प्रकृति से जोड़ने के लिए एक जीवंत पाठशाला साबित हो सकता है। इसी प्रकार कांकरिया में निर्मित एनिकट क्षेत्र को वेटलैंड के रूप में विकसित करने के लिए भी जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने उपवन संरक्षक वी केतन कुमार ,मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया के साथ दौरा किया । मोरेल नदी पर ग्राम कल्याणपुरा में निर्मित इस एनिकट के क्षेत्र में प्रवासी पक्षियों के आने से यह भाग भी इकोटरिज्म और पक्षी संरक्षण के लिए उपयुक्त साबित हो रहा है।पक्षी विशेषज्ञ प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया के अनुसार इस बार शीतकालीन प्रवास पर पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों के हजारों पक्षियों ने यहां प्रवास किया। अभी भी यहां यूरेशियन कूट,स्पूंबिल , मूरहेन ,नोब्बिल्ड डक, रिवर लेपविंग आदि प्रजातियों के स्थानीय पक्षी देखे जा सकते है।

### पटवारियों को निर्देश दिये

दूदू, । आमजन एवं काश्तकारों से जुडे रोजमर्रा के कार्य समय हो , इसके लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर गोपाल परिहार ने सभी भू अभिलेख निरीक्षकों व हल्का पटवारियों को निर्देश दिए है। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बता या कि भूमि व राजस्व से संबंधि तविभि न्न का श्तका रों के का र्यों को समय पर संपादित करने के लिए जिले के सभी गिरदावर व हल्का पटवारियों को निर्देशि तकिया है। उन्होंने बताया कि काश्तकारों व आमजन को पटवारी के पटवार मुख्यालय पर उपस्थित होने की सूचना मिल सके इसके लिए सभी को कार्यालय पर नोटिस बोर्ड लगा कर मुख्या लय पर उपस्थित होने की सूचना देने,एक से अधिक पटवार मंडल का अतिरिक्त चार्ज होने की स्थिति में कार्य दिास निर्धारित कर कार्य करने, बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने तथा अपने मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने के संबंध में निर्देश दिए है।

### विश्व मजदूर दिवस मनाया

**टोंक।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी टोंक द्वारा विश्व मजदूर दिवस मनाया गया। सचिव हनुमान सिंह सोलंकी ने बताया कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी राजस्थान के स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला एवं जनरल सेक्रेटरी जगदीश जिंदल के निर्देशानुसार 1 मई 2024 को मजदूर दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा टोंक की तरफ से मजदूर एवं श्रमिक का कार्य करने वाले मजदूर एवं श्रमिकों एवं महिलाओं को स्वच्छता हाइजीन किट का वितरण किया गया इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी टोंक, जिला समिति के सचिव हनुमान सिंह सोलंकी ने सभी श्रमिक मजदूर एवं महिलाओं को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा किए जाने वाले कार्यो से अवगत कराया इस दौरान पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा, हरबंस शर्मा, चार्टर प्रेसिडेंट रोटरी क्लब रोहित कुमावत, महेश नारायण गोयल पदम कुमार जैन, रमेश सैनी अरविंद सिंह राकेश आदि उपस्थित रहे इस अवसर पर लगभग 100 से अधिक श्रमिकों को हाइजीन किट का वितरण किया गया।

### गला रेत कर दिनदहाड़े लूट

**टोंक।** हनुमान नगर थाना क्षेत्र के कुचलवाड़ा बाईपास जयपुर रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर बुधवार को अज्ञात बदमाशों ने एक होटल संचालक कों रास्ते में रोककर वारदात को अंजाम देने के लिये उनपर चाकू से वार किया जिससे होटल संचालक घायल हो गया इस सनसनीखेज मामले होने से शहर में आग की तरह खबर फैल गई जानकारी के अनुसार4-5 आसामाजिक तत्वों ने एक 55 वर्षीय व्यक्ति को पकडकर चाकू से गला रेत दिया तथा उसके साथ लूट की वारदात कौ अंजाम दिया। घटना के बाद स्वयं पीड़ित ने अपने परिचित को फोन कर मामले की जानकारी दी। उक्त व्यक्ति लालसिंह पुत्र तुलसीराम ग्वाला निवासी घोसी मोहल्ला वार्ड नं 8 देवली है। दरअसल लालसिंह का जयपुर कोटा बायपास पर कुचलवाड़ा बायपास क्षेत्र में दिनेश लाला भाई के नाम से होटल है। जिस पर वह प्रतिदिन सुबह 10 से 11 बजे जाते हैं। बुधवार सुबह करीब 11 बजे वह स्कूटी से इमानुएल स्कूल के मार्ग से बायपास अपने होटल जा रहे थे। इस बीच इमानुएल स्कूल के आगे रोड पर बैठे चार पांच जनों ने उन्हें रोक लिया तथा दबोच कर धारदार हथियार से गला रेत दिया। बदमाशों ने पीड़ित लालसिंह का गला बुरी तरह रेत दिया। जिससे खून के फव्वारे छूट पड़े। इन बदमाशों ने पीड़ित के गले की सोने की चेन व नकली लूट ली पीड़ित ने जैसे तैसे जब से मोबाइल निकाल कर अपने परिचित शिवराज गुर्जर को फोन किया। तब जाकर घटनाक्रम का पता लग सका।

### परशुराम जन्मोत्सव निकलेगी शोभायात्रा

फुलेरा। कस्बे के परशुराम भवन विप्र वाटिका में आगामी 10 मई आखातीज पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर विप्र समाज पूरी तरह से तैयारीयों में जुट गया है। इसके लिए समाज बन्धुओं ने एक मीटिंग भी आयोजित कर ली है। उपरोक्त जानकारी देते हुए राजस्थान विप्र महासभा के महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि उक्त मिटिंग के दौरान कई निर्णय लिये गये। इसके अंतर्गत परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से सभी विप्र बंधुओं के साथ मनाया जाएगा । इस अवसर पर भगवान परशुराम की प्रातः कालीन शोभायात्रा निकल जाएगी। जो कि क्षेत्र की नरेना रोड स्थित खाण्डल भवन से प्रातः 7 बजे प्रारंभ होकर परशुराम सर्किल होते हुए।

# सरकार की पेयजल योजना को फेल करने की योजना

**अलवर।** अलवर जिले में ईआरसीपी की योजना मात्र सपना बन कर रह जाएगी क्योंकि जब तक यह योजना अलवर तक पहुंचेगी तब तक अलवर में जिम्मेदार अधिकारियों की सरपरस्ती में भूमाफिया नदी नालों पर कब्जा कर प्लाट काट कर यहा लोगों को बसा देगे और अलवर में हमेशा की तरह पानी के लिए हाहाकार मचा रहेगा। वहीं बाधों की उपरा लगने के बाद रास्ता अवरूद्व होने के कारण पानी रास्ता बदलेगा और उसकी चपेट में आने से भारी जन हानि होगी उसका अंदाजा किसी को नही है। यहां पर उल्लेखनीय है कि नदी-नालों एवं बाधों की बहाव क्षेत्र की जमीन पर लगातार हो रहे अतिक्रमण और उन पर हो रही अवैध प्लाटिंग चिन्ता का विषय बन चुकी है यहां दादर -बुर्जा रोड पर राजा ईंट भट्टा के पास से नदी का बहाव क्षेत्र है।

जहां राजा ईंट भट्टा के मालिक द्वारा दीवार बना कर नदी में भरत करते हुए उस पर प्लाट काट दिए है इस मामले को जब हमारे समाचार पत्र ने जोर शोर से उठाया और मालाखेडा एसडीएम को लिखित में इस अतिक्रमण की शिकायत दी तो उन्होंने इस मामले पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पटवारी को भेजा और पटवारी ने इस पर भट्टा मालिक को पाबंद किया लेकिन राज अवज्ञा करते हुए अतिक्रमण कारी भूमाफिया ने यहां प्लाटिंग का काम जारी रखा तो इसकी लिखित शिकायत एसडीएम मालाखेडा से की गई तो उन्होंने तहसीलदार को इस अतिक्रमण को हटाने के निर्देश जारी किए तहसीलदार मालाखेडा ने भी एसडीएम के आदेश की पालना करते हुए थोडा टुकडा तुडवा कर इतिश्री कर ली और इसका फायदा उठा कर अतिक्रमण कारी ने उक्त मलबे को जमीन में बीछा कर जगह को समतल बना लिया और प्लाटिंग का काम आज भी यहां जारी है। अगर इसी प्रकार जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते रहे तो आने वाले दिनों में यहां मकान बन जाएगे और जब ईआरसीपी की योजना से जयसाबंध बांध भरेगा तो उससे निकलने वाला पानी सिंचाई के लिए किधर से जाएगा। पानी जब निकलेगा तो अपना रास्ता बनाएगा और इसमें कितनी जन-धन हानि होगी इसका किसी को अंदाजा नही है। इधर जब सिंचाई विभाग के एक्सईएन संजय खत्री से बात की तो उन्होंने कहा कि नदी-नालों व बांधों की बहाव क्षेत्र की भूमि गैरमुमकिन भूमि होती है और इस भूमि पर मालिकाना हक तहसीलदार होता है।



वापसी करते हुए मयंक यादव का पहला मैच और चोटिल हो जाना, इसकी जिम्मेदारी सीधे लखनऊ सुपर जाइंट्स के नेतृत्व समूह और मेडिकल स्टाफ पर होनी चाहिए। **– ब्रेट ली**

**ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर, मयंक यादव के बारे में बोलते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## रोहित पॉडेल




**अनुभवी** रोहित पॉडेल को अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए नेपाल टीम की कप्तानी सौंपी गई है। रोहित पॉडेल वर्तमान में वेस्टइंडीज ए के साथ चल रही टी-20 सीरीज में शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा कर रहे है और विश्वकप के लिए जो टीम चुनी गई है उसके अधिकतर खिलाड़ी लगातार नेपाल के लिए खेलते आए हैं। वेस्टइंडीज ए के खिलाफ नेपाल ने अपना पहला मैच जीता था और उसमें कप्तान रोहित ने 54 गेंदों में 112 रनों की पारी खेली थी। इसके बाद से वे दो मैच 10 और 76 रनों के अंतर से हार चुके हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** इंग्लैंड के वाल्ट हैंड पहले क्रिकेटर थे जिन्होंने 100 कैच पकड़े, उन्होंने 1939 में वेस्टइंडीज के जॉर्ज हैडली का कैच पकड़कर यह उपलब्धि हासिल की।

## पंजाब की चेन्नई पर लगातार 5 वीं जीत

### पंजाब की प्लेऑफ की उम्मीदें कायम, बेयरस्टो-रुसो की अहम पारियां, हरप्रीत बरार और राहुल चाहर को 2-2 विकेट



चेन्नई, 1 मई। पंजाब किंग्स ने -2024 के 49वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 7 विकेट से हराया। यह पंजाब की चेन्नई पर लगातार 5वीं जीत है। टीम ने मौजूदा सीजन में लगातार दूसरा मैच जीता है। इस जीत से पंजाब की प्लेऑफ की उम्मीदें कायम हैं। टीम के पास 4 जीत के साथ 8 अंक हो गए हैं।

चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में बुधवार को पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी हैं। चेन्नई ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 162 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 17.5 ओवर में 3 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। कप्तान सैम करन 26 और शशांक सिंह 25 रन पर नाबाद लौटे। के ओपनर जॉनी बेयरस्टो ने 46 और राइली रूसों ने 43 रन की अहम पारियां खेलीं। शार्दूल ठाकुर, रिचर्ड ग्लीसन और शिवम दुबे को एक-एक विकेट मिला।

कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने 48 बॉल पर 62 रन बनाए। उन्होंने सीजन में चौथा अर्धशतक जमाया। यह गायकवाड का लगातार तीसरा 50 स्कोर है। गायकवाड के अलावा, अजिंक्य रहाणे ने 29 और समीर रिजवी ने 21 रन का योगदान दिया। हरप्रीत बरार ने 2 विकेट लिए। कगिसो रबाडा और राहुल चाहर को एक-एक विकेट मिला। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (62) और अजिंक्य रहाणे (29) की शानदार पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 49वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की ऋतुराज गायकवाड़ और अजिंक्य रहाणे की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 64 रन जोड़े। हालांकि इस जोड़ी के बाद कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी। नौवें ओवर में हरप्रीत बराड़ ने पहले अजिंक्य रहाणे 24 गेंदों में (29) और इसी ओवर में शिवम दूबे (शून्य) पर आउटकर पंजाब को दोहरी सफलता दिलाई। इसके बाद रवींद्र जडेजा (2) और समीर रिजवी (21) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। मोईन अली (15), एमएस धोनी(14) रन बनाकर आउट हुये।

## सिंधु सहित सात भारतीय खिलाड़ियों ने हासिल किया ओलंपिक कोटा



नई दिल्ली, 1 मई। पूर्व वर्ल्ड चैंपियन पीवी सिंधू सहित सात भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपनी ओलंपिक खेल क्वालिफिकेशन रैंकिंग के आधार पर चार वर्ग में पेरिस ओलंपिक के खिलए आधिकारिक तौर पर क्वालिफाई किया है। सिंधू और टॉप एकल पुरुष खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने बहुत पहले ही ओलंपिक में जगह पक्की कर ली थी और इसकी औपचारिकता सोमवार को पूरी हुई जो अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन महासंघ द्वारा निर्धारित कट ऑफ तारीख थी।

पात्रता नियमों के अनुसार कट ऑफ तारीख पर ओलंपिक खेल क्वालिफिकेशन रैंकिंग के आधार पर पुरुष और महिला एकल में टॉप 16 बैडमिंटन खिलाड़ी ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करते हैं। पूर्व वर्ल्ड चैंपियन और ओलंपिक रजत और कांस्य पदक विजेता पीवी सिंधू 12वें स्थान पर रहीं जबकि पुरुष एकल में प्रणय और लक्ष्य क्रमशः नौवें और 13वें स्थान पर रहे।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ओलंपिक क्वालीफिकेशन चक्र के अंत में तीसरे स्थान पर रही और बैडमिंटन में देश के लिए सर्वश्रेष्ठ पदक उम्मीदों में से एक के रूप में ओलंपिक में जाएगी। महिला युगल में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी ने क्वालिफिकेशन च्रक के अंत में 13वें स्थान पर रहकर क्वालीफाई किया। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी हालांकि, क्वालीफाई करने से चूक गई।

## फिटनेस समस्याओं के कारण पाकिस्तान की वर्ल्ड कप टीम की घोषणा में देरी

कराची, 1 मई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कुछ खिलाड़ियों की फिटनेस और प्रदर्शन संबंधी समस्याओं के कारण अपनी विश्व कप टीम की घोषणा को मई के अंत तक टाल दिया है। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान 23 या 24 मई को अपनी टी20 विश्व कप टीम की घोषणा करेगा जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा प्रतिस्पर्धी टीमों के लिए विश्व कप तकनीकी समिति से अनुमति के बिना अपनी टीम में बदलाव करने के लिए निर्धारित समय सीमा भी है। प्रबंधन और चयनकर्ता मुहम्मद रिजवान, आजम खान, इरफान खान नियाजी और हारिस राउफ की मामूली चोटों से चिंतित हैं और आयरलैंड तथा इंग्लैंड में उनके प्रदर्शन पर नजर रखेंगे। चयनकर्ता गुरुवार को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए टीम की घोषणा करेंगे। टीम प्रबंधन और चयनकर्ता विश्व कप टीम की घोषणा करने से पहले चयनित खिलाड़ियों की फिटनेस और प्रदर्शन का आकलन करेंगे। अब तक भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड ने अपनी विश्व कप टीमों की घोषणा की है।

## पीसीबी ने भारत के क्वालीफाइंग दौर के मैच एक ही शहर में कराने का सुझाव दिया

कराची, 1 मई। पाकिस्तान क्रिकेट अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को अगले साल चैंपियन्स ट्रॉफी के दौरान भारत के क्वालीफाइंग दौर के मुकाबलों को केवल एक ही शहर में आयोजित कराने का सुझाव दिया है। चैंपियन्स ट्रॉफी 2025 के मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टूर्नामेंट के आयोजन के लिए तीन शहरों कराची, रावलपिंडी और लाहौर को चुना है। फाइनल लाहौर में होगा। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया, "आईसीसी के महाप्रबंधक वसीम खान ने भी हाल ही में लाहौर का दौरा किया था जहां उन्होंने पीसीबी के शीर्ष अधिकारियों के साथ चैंपियन्स ट्रॉफी के इंतजामों पर चर्चा की थी और यह सुझाव दिया गया था कि भारतीय टीम के यात्रा कार्यक्रम को कम से कम रखा जाए।" सूत्र ने कहा कि भारत नॉकआउट के लिए विभिन्न स्थलों पर जाने से पहले अपने क्वालीफाइंग दौर के मैच कराची में खेल सकता है। भारत और पाकिस्तान फिलहाल सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंटों में एक दूसरे के खिलाफ खेल रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने 2008 के बाद से पाकिस्तान में कोई मैच नहीं खेला है। पिछले साल भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप के लिए भी पाकिस्तान में अपनी टीम को नहीं भेजा था। इसके बाद अंततः हाइब्रिड मॉडल के तहत पाकिस्तान और श्रीलंका में मैच आयोजित किए गए थे।

## सूर्यकुमार का नं. 1 का ताज खतरे में, बाबर आजम मार सकते हैं बाजी

नई दिल्ली, 1 मई। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले आईसीसी टी20 रैंकिंग में हलचल देखने को मिली है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बाद पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम ने आईसीसी पुरुष टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में टॉप के स्थान के लिए भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव से अंतर कम कर दिया है। साफ तौर पर कहा जा सकता है कि सूर्यकुमार की नंबर 1 की बादशाहत पर खतरा मंडरा रहा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ बाबर आजम ने पांच टी20 मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाए। वहीं पहला मैच बारिश से धुल जाने के बाद सीरीज 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने सीरीज के पांचवें टी20 में जीत में अर्धशतक बनाया और चारि पारियों में कुल 125 रन बनाए। इस प्रदर्शन से बाबर को बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग की लेटेस्ट सूची में एक स्थान के सुधार के साथ चौथे स्थान पर पहुंचने में मदद की। अब उनकी रेटिंग कुल 10 अंक बढ़ कर 763 हो गए, सूर्यकुमार अब पाकिस्तान के कप्तान से सिर्फ 98 रेटिंग अंक आगे हैं।

## हार्दिक पांड्या पर धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना

मुंबई, 1 मई। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दूसरी बार टीम की ओवरगति धीमी रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर छह छह लाख रूपये या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया। मुंबई को लखनऊ ने चार विकेट से हराया। आईपीएल ने एक बयान में कहा, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के 48वें मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है।" इसमें कहा गया, यह इस सत्र में धीमी ओवर गति संबंधित टीम का दूसरा अपराध था तो पंड्या पर 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है।

## टाइगर्स और गढ़ वाल डायमंड ने अपने-अपने मुकाबले जीते

नयी दिल्ली, 1 मई। डीएसए सीनियर डिवीजन लीग के बुधवार को खेले गये दो मुकाबलों में दिल्ली टाइगर्स और गढ़ वाल डायमंड ने जीत दर्ज की है। आज यहां विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गये पहले मुकाबले में साहिल कुमार के निर्णायक गोल से दिल्ली टाइगर्स ने उत्तराखंड एफसी को 2-1 से हराया। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में गढ़वाल डायमंड ने हिंदुस्तान एफसी 2-1 से मैच गंवा दिया। गढ़ वाल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच हर्ष बर्तवाल और अनुज रावत ने गोल जमाए। डीएसए सीनियर डिवीजन लीग मुकाबले में यहां विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दिल्ली टाइगर्स ने 15 वें मिनट में अक्षय हुरिया के गोल से बढ़त बनाई, लेकिन अनुराग रावत ने गोल दागकर हिसाब बराबर कर दिया।

## टीम इंडिया 21 को अमेरिका के लिए होगी रवाना

नई दिल्ली, 1 मई। भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने के लिए 21 मई को अमेरिका के लिए रवाना होगी। आईसीसी के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार विंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में खेला जा रहा है। टीम इंडिया अपना पहला मैच आयरलैंड के खिलाफ 5 जून को अमेरिका में खेलेगी। आईपीएल 2024 के ग्रुप स्टेज के मुकाबले खत्म होने के एक दिन बाद टीम इंडिया का पहला बैच यूएस के लिए उड़ान भरेगा। पहले बैच में वो खिलाड़ी शामिल नहीं होंगे जिनकी टीमें आईपीएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाएंगी। इस बैच में टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ सहित उनका पूरा सपोर्ट स्टाफ शामिल होगा। दूसरा बैच 26 मई को खेले जाने वाले आईपीएल फाइनल मैच के बाद वर्ल्ड कप के लिए रवाना होगा। क्रिकबज के मुताबिक, भारतीय टीम इसके बाद न्यूयॉर्क जाएगी जहां उसे लीग के पहले तीन मुकाबले खेलने हैं।

टीम इंडिया 5 जून को आयरलैंड से 9 जून को पाकिस्तान से और 12 जून को मेजबान अमेरिका से टकराएगी। टीम इंडिया का शुरुआती कैंप न्यूयॉर्क में लगेगा। टीम इंडिया लगभग 6 ड्रॉप इन प्रैक्टिस पिचों पर अभ्यास करेगी। भारतीय टीम में टी20 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। इनमें 6 खिलाड़ी पहली बार टी20 वर्ल्ड कप खेलते हुए नजर आएंगे। युवा यशस्वी जायसवाल से लेकर शिवम दुबे और कुलदीप यादव व युजवेंद्र चहल की स्पिन जोड़ी वर्ल्ड कप खेलते हुए नजर आएंगे, युवा यशस्वी जायसवाल से लेकर शिवम दुबे और कुलदीप यादव व यूजवेंद्र चहल की स्पिन जोड़ी वर्ल्ड कप में तुरुप का इक्का साबित हो सकती है। शिवम दुबे आईपीएल 2024 में बल्लेब से खूब रन बना रहे हैं वहीं संजू सैमसन को दिनेश कार्तिक पर तरजीह दिया गया है जो पहली बार वर्ल्ड कप में खेलते हुए नजर आएंगे।

## आईपीएल में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहे जेक फ्रेजर मकगर्क को नहीं मिली ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह



सिडनी, 1 मई। अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले आगामी टी-20 विश्वकप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को मिचेल मार्श की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इंडियन प्रीमियर लीग ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने वाले युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मक्गर्क और स्टीव स्मिथ को टीम में जगह नहीं मिली है।

ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने बुधवार की सुबह मिचेल मार्श को स्थायी टी-20 कप्तान भी नियुक्त कर दिया है। मार्श इससे पहले तीन टी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी कर चुके हैं। उस वक्त वह तकरीबन 12 महीनों के लिए टीम के कार्यवाहक कप्तान थे।

विश्वकप के लिए टीम के तेज गेंदबाजी क्रम में पैट कमिंस, जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस के अलावा टीम में युवा गेंदबाज नाथन एलिस को भी जगह दी गई है। वहीं विकेटकीपिंग में जोश इंगलस को पहली पसंद के कीपर मैथ्यू वेड के बाद रिजर्व विकेटकीपर के तौर पर चुना गया है।

बल्लेबाजी क्रम में चयनकर्ताओं ने अनुभवी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर पर फिर से भरोसा जताया है। इसके अलावा ट्रेविस हेड भी टीम में हैं। मध्यक्रम में ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉयनिस और टिम डेविड का साथ शायद विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर मैथ्यू वेड देंगे। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बताया कि एगर और ग्रीन को अन्य खिलाड़ियों से पहले टीम में तरजीह दी गई।

बेली ने कहा, हमारा मानना है कि एश्टन इस टूर्नामेंट में मार्कस स्टॉयनिस, ग्लेन मैक्सवेल, कैम ग्रीन और मिच मार्श के साथ हमारे गेंदबाज़ी आक्रमण के विकल्पों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। साथ ही हमारे पास अभी जो बल्लेबाज़ी विकल्प हैं। वह अलग-अलग परिस्थितियों में और अलग-अलग पोजीशन में बल्लेबाजी करने में सक्षम है।

उन्होंने कहा, स्टीव स्मिथ, मैट शॉर्ट, जेसन बेहरनडॉर्फ, ऐरोन हार्डी, स्पेंसर जॉनसन और जेवियर बार्टलेट जैसे सभी खिलाड़ियों के बारे में हमने लंबी बातचीत की। इसके अलावा हमने फ्रेजर-मक्गार्क के बारे में भी बात की। उन्होंने अभी तक टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन वह प्रभावित कर रहे हैं।

## बुमराह ने जीता दिल, लखनऊ से हार के बाद नन्हें फैन को दी पर्पल कैप

मुंबई, 1 मई। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मंगलवार को मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले के बाद मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कुछ ऐसा किया जिसने सभी का दिल जीत लिया। मुंबई इंडियंस के लिए बुमराह सबसे किफायती गेंदबाज रहे, क्योंकि उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मेहमन टीम के चार ओवर में महज 17 रन दिए। हालांकि, उन्होंने मैच में एक भी विकेट नहीं लिया, लेकिन 10 मैचों में 14 विकेट के साथ, बुमराह इस समय आईपीएल 2024 के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। लखनऊ के खिलाफ हार के बाद मुंबई का आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंचे की उम्मीद लगभग खत्म हो गई है। इस हार के बाद भले ही बुमराह दुखी हों, लेकिन इकाना स्टेडियम में एक युवा फैन का दिन बनाने में कामयाब रहे। मुंबई इंडियंस द्वारा अपने एक्स हैंडल पर शेयर किए गए एक वीडियो में, तेज गेंदबाज ने एक बच्चे को अपनी पर्पल कैप उपहार में दे दी। इसके बाद उन्होंने उसे ऑटोग्राफ भी दिया।

## अफगानिस्तान ने किया टी-20 विश्वकप के लिए टीम का ऐलान

काबुल, 1 मई। अफगानिस्तान ने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए राशिद खान की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। चयनकर्ताओं ने अफगानिस्तान की टीम में केवल चार बल्लेबाजों रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, नजीबुल्लाह जदरान और बैकअप विकेटकीपर मोहम्मद इशाक को शामिल किया है। टीम में अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नईब, करीम जनत और नांगेयालिया खरोटे के रूप में छह ऑलराउंडर्स को जगह दी गई है।

अफगानिस्तान की स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी मुजीब और नूर, राशिद पर होगी। इसके अलावा टीम में नबी और खरोटे भी टीम में हैं। वहीं तेज गेंदबाज के तौर पर नवीन उल हक एकमात्र दाहिने हाथ के गेंदबाज हैं। उनके अलावा बाएं हाथ के गेंदबाज फजलहलक फारूकी और फरीद अहमद भी टीम में हैं। नूर, जनत और इशाक के लिए यह पहला टी-20 विश्वकप होगा। उन्होंने इससे पहले अंडर 19 विश्वकप में हिस्सा लिया था। वहीं एकदिवसीय विश्वकप 2023 में टीम के कप्तान रहे हशमतउल्लाह शहीदी को टीम में जगह नहीं दी गई है। इसके अलावा हजरतउल्लाह जजई भी 15 सदस्यीय टीम में नहीं हैं। सादिकउल्लाह अटल और मोहम्मद सलीम भी रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर टीम के साथ जुड़ेंगे।

## मेरा शरीर संकेत दे रहा, मैड्रिड ओपन में आखिरी बार खेलते हुए हार के बाद भावुक हुए नडाल



नई दिल्ली, 1 मई। सबसे ज्यादा 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में मिली हार के बाद भावुक हो गए। दरअसल, इस टूर्नामेंट और इस कोर्ट में वह आखिरी बार खेल रहे थे। पांच बार के मैड्रिड ओपन चैंपियन नडाल को 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने 7-5, 6-4 से हराया। हार के बाद नडाल ने कहा- यह मेरे लिए मुश्किलों भरा दिन है, लेकिन यही हकीकत है ।

मेरा शरीर और जिंदगी काफी समय से संकेत दे रहे हैं। मैं इस कोर्ट को अलविदा कह रहा हूं और मेरे लिए यह बहुत भावुक पल है। यहां की यादें हमेशा मेरे साथ रहेंगी। नडाल के हमवतन स्पेन के ही कार्लोस अल्काराज तीन घंटे तक चले मैच में जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-7, 7-6 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए। वहीं, शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने 16वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को 5-7, 6-3, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को 7-6, 6-4 से हराया।

## राजस्थान-हैदराबाद के बीच मैच आज

जयपुर, 1 मई। गुरुवार यानी 2 मई को आईपीएल 2024 के 50वें मुकाबले में सीजन की टॉपर टीम राजस्थान रॉयल्स की टक्कर सनराइजर्स हैदराबाद से उसके घर में होगी। वहीं पॉइंट्स टेबल में 9 मैच में से 8 जीतकर पहले स्थान पर हैं। राजस्थान के 16 अंक हैं। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद की टीम बेहतर प्रदर्शन के बाद पिछले कुछ मुकाबलों से भटकी नजर आ रही है। वहीं,रॉयल्स का प्लेआफ में स्थान लगभग पक्का है लेकिन सनराइजर्स के लिये इस मैच में बहुत कुछ दाव पर है। कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। इन पराजयों के बाद टीम शीर्ष चार से बाहर हो गई। चार जीत और चार हार के बाद अब दस अंक लेकर 2016 चैम्पियन टीम पांचवें स्थान पर है। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए नाकाम रहे हैं जिससे कोच डेनियल विटोरी को स्वीकार करना पड़ा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति गलत रही। सनराइजर्स ने इस सत्र में पहले बल्लेबाजी करते हुए दो बार 250 से अधिक स्कोर बनाया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए 200 से अधिक का स्कोर एक बार भी हासिल नहीं कर सकी। मुख्य कोच विटोरी ने आरसीबी से मिली हार के बाद कहा था ," हम लक्ष्य देने में कामयाब रहे हैं और अब लक्ष्य का पीछा करना भी सीखना होगा।" सनराइजर्स बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा पर काफी निर्भर है। दोनों के फ्लॉप होने पर सनराइजर्स की पारी भी चरमरा जाती है।

## रोहित ने टी-20 विश्वकप में चुने जाने के पहले ही संकेत दे दिए थे : शिवम दुबे




चेन्नई, 1 मई। अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए टीम में चुने गये भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कहा कि कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें इसके संकेत पहले ही दे दिए थे।

शिवम दुबे ने कहा, जब अफगानिस्तान के खिलाफ मेरा चयन हुआ था, तो रोहित (शर्मा) भाई ने मुझसे कहा था, 'तुम्हें गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों मिलेगी, बस हमें दिखाना कि तुम क्या कर सकते हो।' जब कप्तान स्वयं आपके पास आकर ऐसा कहता है तो आप भी अपने आपको खुलकर एक्स्प्रेस करते हो। मुझे जब लग गया कि मैं खेल ही रहा हूं तो मेरे दिमाग में बस यही विचार था कि मैं कैसे अच्छा प्रदर्शन करूं और अपनी टीम को जीत दिलाऊं।

उन्होंने कहा, जब मैं चेन्नई सुपर किंग्स की सेटअप में आया तो माही (एमएस धोनी) भाई और स्टीवन (फ्लेमिंग) ने मुझसे कहा कि तुम्हें बस हिट करना है। हालांकि उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि ऐसा पहली ही गेंद से करना है। उनको भी पता है कि ऐसा करना जोखिम भरा हो सकता है। मेरे भी दिमाग में यह था कि अगर उन्हें मुझ पर भरोसा है तो फिर मैं पहली 10 गेंदों पर गैरजरूरी जोखिम क्यों लूं।

मानसिक रूप से मैंने अपने आपको तैयार किया कि अगर कोई गेंदबाज कोई विशेष गेंद करता है तो मुझे कैसे रिएक्ट करना है। मुझे इसे मैदान पर लागू करने में थोड़ा समय लगा, लेकिन मैं अब सेट हूं। अब मैं जब हिट करता हूं तो मुझे पता चल जता है कि यह गेंद छक्के के लिए जाएगी। इसका विशेष धन्यवाद सीएसके को जाता है, जिन्होंने मुझे इसके लिए तैयार किया। दुबे ने उनकी तुलना युवराज सिंह से किये जाने पर कहा, अच्छा लगता है जब मेरी बल्लेबाजी शैली को उनसे जोड़ा जाता है। अगर मैं उनकी तरह प्रदर्शन करूं तो यह और भी बेहतर होगा।

जब मैं पहली बार भारतीय टीम में आया था तो उस समय के कोच रवि (शास्त्री) भाई ने भी कहा था कि मैं युवराज सिंह की तरह छक्के मारता हूं। मैं उनको खेलते देख बड़ा हुआ हूं और उनसे बहुत कुछ सीखता हूं। सीएसके की ओर से खेल रहे दुबे ने अपनी आईपीएल में अपनी फार्म को बरकरार रखा है। वह फिलहाल 26 छक्कों के साथ सर्वाधिक छक्के लगाने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

## भारत-पाक वर्ल्ड कप मैच की पिच तैयार

### न्यूयॉर्क के स्टेडियम में लगाई ड्रॉप इन पिचें, ऑस्ट्रेलिया की मिट्टी का इस्तेमाल

न्यूयॉर्क, 1 मई। भारत-पाकिस्तान मुकाबले सहित अगले टी-20 वर्ल्ड कप के 8 मैचों के लिए न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की ड्रॉप-इन पिचें तैयार हो गई हैं। इन पिचों को न्यूयॉर्क से करीब 2 हजार किलोमीटर दूर फ्लोरिडा में बनाया गया है। इसमें ऑस्ट्रेलिया की मिट्टी का इस्तेमाल हुआ है। न्यूयॉर्क में टी-20 वर्ल्ड कप के 8 मैच खेले जाने हैं। इनमें तीन भारत के मुकाबले भी शामिल हैं। भारत को यहां 5 जून को आयरलैंड से, 9 जून को पाकिस्तान से और 12 जून को अमेरिका से खेलना है। ये सभी मैच पहले राउंड के मुकाबले हैं।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की ओर से जारी बयान में बताया गया- न्यूयॉर्क स्टेडियम के लिए 10 पिचें तैयार की गई हैं। इनमें से 4 पिचों पर वर्ल्ड कप के मैच होंगे। बाकी प्रैक्टिस पिचें हैं। सभी पिचें एडिलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस के मार्गदर्शन में बनाई गई हैं, जिसकी अगुवाई एडिलेड ओवल के मुख्य क्यूरेटर डेमियर हॉग कर रहे हैं।

ड्रॉप-इन पिच उन पिचों को कहा जाता है जिसे ग्राउंड के बाहर बनाया जाता है और क्रेन की मदद से ग्राउंड में फिट किया जाता है। ऐसी पिचों का कल्चर ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा रहा है। इस तरह की रेडीमेड पिचों का चलन इसलिए शुरू हुआ था ताकि क्रिकेट ग्राउंड्स को दूसरे इवेंट्स के लिए भी इस्तेमाल किया जा सके। इन्हीं मैदानों पर म्यूजिक कॉन्सर्ट, रग्बी और फुटबॉल के मैच भी होते रहे हैं।

वहीं 1970 के दशक में कैरी पैकर ने वर्ल्ड सीरीज क्रिकेट शुरू की थी तब इस तरह की ड्रॉप इन पिचें यूज कीं थी क्योंकि उन्हें कई वैन्यू यूज करने की इजाजत नहीं मिली थी। उसके बाद अब जाड़े के दिनों में ऑस्ट्रेलिया में जिन मैदानों पर फुटबॉल मैच होते हैं, वहां क्रिकेट सीजन में ड्रॉप इन पिचें इस्तेमाल की जाती हैं।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वर्तमान में झारखण्ड प्रवास पर हैं। बुधवार को उन्होंने हजारीबाग में भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल की नामांकन सभा को संबोधित किया। इस मौके पर मु.मंत्री भजनलाल ने दावा किया कि, झारखण्ड की सभी 14 सीटों पर भाजपा विजयी होगी।*

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का झारखण्ड दौरा

## प्रधानमंत्री ने देश को दिलाई नक्सलवाद से मुक्ति-मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- **मु.मंत्री भजनलाल शर्मा ने हजारीबाग में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल की नामांकन सभा को संबोधित किया।**
- **मु.मंत्री भजनलाल ने कहा, कांग्रेस अफवाह फैला रही है कि, भाजपा संविधान बदल रही है और आरक्षण समाप्त कर रही है, जबकि प्र.मंत्री मोदी व अमित शाह कह चुके हैं कि, कोई ताकत आरक्षण को खत्म नहीं कर सकती है।**

हजारीबाग, 1 मई (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को झारखण्ड के हज़ारीबाग में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल की नामांकन व आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस ने लूट और झूठ की राजनीति के चलते देश को बर्बाद करने का काम किया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान और गरीब का आर्थिक सशक्तिकरण करते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। इस बार लोकसभा चुनावों में जनता फिर से झारखण्ड में एन.डी.ए. को विजयी बनाएगी और मोदी प्रधानमंत्री पद पर हैट्रिक लगाएंगे।

उन्होंने कहा कि, कांग्रेस अफवाहें फैलाकर जनता को भ्रमित कर रही है। चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने का दुष्प्रचार कर रही है। जबकि प्रधानमंत्री मोदी एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि, आरक्षण को कोई भी शक्ति समाप्त नहीं कर सकती है।

उन्होंने कहा कि, कांग्रेस का, अपने घोषणा-पत्र में गढ़े गए झूठों के दम पर लोकसभा चुनाव जीतने का सपना कभी सच नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि, कांग्रेस भ्रष्टाचार एवं तुष्टिकरण की जननी है। यह पार्टी परिवारवाद की प्रतीक है, जहां सत्ता का केंद्र एक ही परिवार है और रहता चाहता है। कांग्रेस का जनता के कल्याण और विकास से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। गरीब और किसान, जो इस मुल्क के मालिक हैं, का कांग्रेस ने शोषण किया और उन्हें सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया है। लेकिन वर्ष 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में परिस्थितियां बदलीं तथा देश विकास के पथ पर अग्रसर होता चला गया। प्रधानमंत्री ने गरीब व किसान कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक मोर्चे पर अभूतपूर्व कार्य करते हुए भारत का विश्व में मान बढ़ाया है।

आज देश को आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्ति प्रधानमंत्री की दूरगामी एवं स्पष्ट नीतियों के कारण ही मिली है। शर्मा ने कहा कि, भजनलाल राजस्थान में वर्ष 2014 तथा 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को सभी 25 की 25 सीटें प्राप्त हुई थीं। इस बार भी प्रदेश की सभी 25 सीटों पर कमल का फूल खिलेगा। उन्होंने कहा कि, झारखण्ड में भी सभी 14 सीटों पर एन.डी.ए. विजयी होगी। उन्होंने आमजन से हज़ारीबाग प्रत्याशी जायसवाल को अधिक से अधिक मतदान कर विजयी बनाने की अपील की।

# ‘प्रदेश में 20 से 24 वर्ष की विवाहित महिलाओं में से 25.4 प्रतिशत विवाह नाबालिग लड़कियों के हुए हैं’

## अदालत में जनहित याचिका पेश कर राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 की रिपोर्ट के जरिये ये चौंकाने वाले तथ्य पेश किये गये

- **“शहरी इलाकों में 15.1 प्रतिशत, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 28.3 प्रतिशत नाबालिग लड़कियों का विवाह हुआ है।”**
- **अदालत ने कहा है कि, इस संबंध में पंच और सरपंचों को जागरुक किया जाए कि, यदि वे बाल विवाह रोकने में विफल रहेंगे तो उन्हें इसके लिए जिम्मेदार माना जाएगा।**
- **अदालत ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए रजिस्ट्रार, न्यायिक, को कहा है कि, वह आदेश की कॉपी मुख्य सचिव सहित सभी जिला मजिस्ट्रेट को भेजे, ताकि बाल विवाह रोकने के लिए इसे पंच-सरपंच सहित अन्य अधिकारियों को भेजा जा सके।**

जयपुर, 1 मई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कहा है कि वह सुनिश्चित करे कि प्रदेश में कही भी बाल विवाह नहीं हो। इसके साथ ही अदालत ने कहा है कि इस संबंध में पंच और सरपंचों को जागरुक किया जाए कि यदि वे बाल विवाह रोकने में विफल रहेंगे तो उन्हें इसके लिए जिम्मेदार माना जाएगा। अदालत ने रजिस्ट्रार, न्यायिक को कहा है कि वह आदेश की कॉपी मुख्य सचिव सहित सभी जिला मजिस्ट्रेट को भेजे, ताकि बाल विवाह रोकने के लिए इसे पंच-सरपंच सहित अन्य अधिकारियों को भेजा जा सके। वहीं अदालत ने मामले में राज्य सरकार को जवाब पेश करने को कहा है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश बचपन बचाओ आंदोलन व ‘जस्ट राइट्स फोर चिल्ड्रन एलांयस’ की जनहित याचिका पर दिए। इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आर.पी. सिंह, वगीस कुमार सिंह, अनुपम भार्गव व रचना त्यागी व अन्य पैरवी के लिये पेश हुए।

मामले की सुनवाई के दौरान अदालत को इस तथ्य से अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 की रिपोर्ट के अनुसार पन्द्रह से 19 साल की लडकियों में से 3.7 फीसदी महिलाएं मां बनी चुकी हैं या गर्भवती हैं। इसके साथ ही यह बताया गया कि इसी रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 20 से 24 वर्ष की महिलाएं जिनकी शादी हो चुकी है, उनमें से 25.4 प्रतिशत महिलाओं की शादी 18 वर्ष पूर्ण होने से पहले की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार शहरी इलाकों में 15.1 प्रतिशत नाबालिग लड़कियों के विवाह हुआ है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में 28.3 प्रतिशत नाबालिग लड़कियों का विवाह हुआ है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि यह रिपोर्ट स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि बाल विवाह निषेध अधिनियम लागू होने के बावजूद भी प्रदेश में बाल विवाह हो रहे हैं।

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि हालांकि अधिकारी प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी है। अदालत ने कहा कि पंचायती राज नियम के तहत बाल विवाह रोकना सरपंच का कर्तव्य है। याचिकाकर्ताओं की अदालत से गुहार थी कि बाल विवाह निषेध अधिकारी से उनके क्षेत्र में हुए बाल विवाह व उसे रोकने के लिए किए गए प्रयासों की रिपोर्ट मांगनी चाहिए। इसके अलावा राज्य सरकार यह सुनिश्चित करे कि प्रदेश में बाल विवाह नहीं हों। याचिका में यह भी कहा गया कि पंच और सरपंचों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जाए कि वे बाल विवाह नहीं होना सुनिश्चित करें। इसके जवाब में राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता बी.एस. छाबा ने कहा कि सरकार बाल विवाह रोकने के लिए प्रयास कर रही है। कोई भी व्यक्ति 1098 नंबर पर बाल शोषण व बाल विवाह की शिकायत कर सकता है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने इस संबंध में राज्य सरकार को निर्देश जारी किए हैं।

## टी.वी. अभिनेत्री ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उन्होंने सूचित किया कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल्याणकारी नीतियों एवं विकास के लिए की गई पहल से प्रेरित थी। परिणामस्वरूप, दोनों सदस्यों ने प्रधानमंत्री मोदी के “विकसित भारत” के विज़न का समर्थन करने की प्रतिज्ञा ली।

विनोद तावडे ने कांग्रेस की विभाजनकारी मानसिकता की यह कहते हुए निंदा की और कहा कि विपक्ष अब “वोट जिहाद” को प्रोत्साहित करने के लिए अपने प्रचार में झूठ से भी काफी आगे निकल गया है। यह झूठा प्रचार वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के निर्देश पर फैलाया जा रहा है।

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कमी करके मुस्लिम समुदाय को बांट रही है और इसके साथ ही वह चुनाव को कलंकित करने के लिए “वोट जिहाद” के मुद्दे को उठा रही है।

## 6 साल की भतीजी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बनाया है। अभियुक्त का यह कृत्य अत्यंत गंभीर अपराध है। इसके अलावा वर्तमान समय में इस तरह की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं, उन पर नियंत्रण पाना जरूरी है। ऐसे में यदि अभियुक्त के प्रति सहानुभूति बरती गई तो इससे अपराधियों के हौसले बुलंद होंगे। इसलिए अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ललिता संजीव महरवाल ने अदालत को बताया कि, 19 जून, 2023 को पीड़िता के मां ने शास्त्री नगर थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि, दोपहर के समय उसकी छह साल की बेटी मोबाइल देख रही थी, इस समय उसका देवर भी कमरे में पीड़िता के साथ था। करीब आधे घंटे के बाद पीड़िता ने आकर उसे बताया कि अभियुक्त चाचा ने उसके साथ गलत काम किया है।

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। मामले की सुनवाई के दौरान पीड़िता ने भी अपने साथ हुई घटना को दोहराया। अभियोजन पक्ष की ओर से डी.एन.ए. रिपोर्ट पेश करके कहा गया कि, अभियुक्त का डी.एन.ए. पीड़िता के कपड़ों पर पाया गया है। पीड़िता के बयान और डी.एन.ए. रिपोर्ट से साबित है कि, उसने पीड़िता के साथ ज्यादती की है। सुनवाई करते हुए अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

## 24 घंटे में अमेठी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

खड़गे को पहले ही अधिकृत कर दिया है क्योंकि पार्टी नामों की घोषणा करने से डरती नहीं है।

## ‘तृणमूल से अच्छा है कि, भाजपा को वोट दे दो’

नई दिल्ली, 1 मई। लोकसभा चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच दोस्ती को लेकर संशय बना हुआ था। पहले भी कई बार पश्चिम बंगाल में टीएमसी और कांग्रेस का झगड़ा सबके सामने आ चुका था। अब एक बार फिर दोनों पार्टियों के बीच रार छिड़ी है।

तृणमूल ने एक बार फिर पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष और बहरामपुर कांग्रेस उम्मीदवार अधीर चौधरी के एक वीडियो क्लिप को शेयर कर बंगाल में भाजपा-वाम-कांग्रेस की मिलीभगत का आरोप लगाया है।

वीडियो में अधीर यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि तृणमूल के बजाय बीजेपी को वोट देना बेहतर है। मंगलवार को अधीर जंगीपुर कांग्रेस प्रत्याशी मुर्तजा हुसैन के समर्थन में एक एक चुनावी सभा में थे। उस बैठक में सीपीएम के राज्य सचिव और मुर्शिदाबाद केंद्र के वामपंथी उम्मीदवार मोहम्मद सलीम भी मौजूद थे।

## आंध्र में क्या मु.मंत्री जगन रेड्डी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कर दिया है। इस मामले में जगन मोहन रेड्डी की स्थिति मजबूत है क्योंकि वह अल्पसंख्यकों सहित समाज के सभी वर्गों में भारी तोहफे देते रहे हैं।

एक अन्य पहलू, जिस पर टी.डी.पी., जन सेना, भाजपा गठजोड़ को ध्यान देने की जरूरत है, वह है, पुनर्जीवित हुई कांग्रेस से मिल रही चुनौती, कांग्रेस मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की बहन वाय.एस. शर्मिला के नेतृत्व में अपना जनाधार बढ़ा रही है।

संयोग की बात है कि चंद्रबाबू नायडू वाय.एस. राजशेखर रेड्डी की एक ऐसी ही चाल का शिकार हो गए थे। राजशेखर ने फिल्म अभिनेता से राजनेता बने चिरंजीवी को वर्ष 2009 में संयुक्त आंध्र प्रदेश का चुनाव लड़ने के लिए उन्हें एक क्षेत्रीय राजनीतिक दल “प्रजा राज्यम पार्टी” बनवाई थी। उस वक्त के राजनीतिक विश्लेषक याद करते हैं कि राजशेखर ने चिरंजीवी से कहा था कि वे चंद्रबाबू नायडू की बजाय उनकी आलोचना ज्यादा करें और चिरंजीवी ज्यादा से ज्यादा सत्ता विरोधी वोट काट सकें। वही हुआ चंद्रबाबू हार गए चिरंजीवी ने कुछ महीनों बाद अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर लिया और केन्द्रीय मंत्री बन गए। वर्ष 2009 के चुनाव में नायडू जीतने वाले थे, लेकिन चिरंजीवी ने नायडू की लुटिया डुबो दी। नायडू लगातार दो चुनाव हारे और उन्हें सत्ता में आने के लिए वर्ष 2014 में राज्य में विभाजन होने तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। वर्ष 2009 के चुनाव के बाद वाय.एस.आर. की एक प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी। वह जिस हैलिकॉप्टर में सवार थे, वह पहले तो लापता हुआ और फिर क्रैश हो गया। यह हादसा सितम्बर 2009 का है।

विभाजित आंध्र प्रदेश में तेलुगू देशम पार्टी (टी.डी.पी.) ने चुनाव जीता और सन् 2019 में युवजन श्रमिक रायतु कांग्रेस पार्टी (वाय.एस.आर.सी.पी.) प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने टी.डी.पी. को आम चुनावों में हराकर सत्ता संभाली। उन्होंने लोकसभा की 25 में से 23 सीटें जीती। अब वर्ष 2024 में वाय.एस. राजशेखर रेड्डी के बेटे ने अपने पिता की “कॉपी बुक” राजनीति से प्रेरणा लेते हुए अपनी बहन शर्मिला को उसी इस तरह से राजनीति में लाए हैं, ताकि उनकी बहन उन पर (जगन मोहन रेड्डी पर) वार करके, सत्ता-विरोधी मतों का विभाजन कर दें और ये वोट तेलुगू देशम पार्टी को न मिल सकें। विधानसभा चुनावों में जीत का अंतर बहुत कम होता है इसलिए कांग्रेस पार्टी जो कि राज्य में फिर से खड़ी होती दिख रही है, के मुखिया के रूप में उनकी बहन का होना, मुख्यमंत्री के लिए अप्रत्यक्ष वरदान है।

कर्नाटक और अन्य तेलुगू भाषी राज्य, तेलंगाना में जबरदस्त जीत के बाद कांग्रेस आगे बढ़ रही लेकिन, आंध्र में उसकी गति इतनी भी तेज नहीं है कि वो अप्रत्याशित जीत हासिल कर सके। ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस कुछ विधानसभा सीटों पर जीत हासिल कर सकती है और 2 से 3 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में चुनौती दे सकती है, लेकिन उसकी मुख्य भूमिका वोट “काटने” की होगी।

तेलुगू देशम पार्टी अवश्य ही यह मान रही होगी कि कांग्रेस जगन मोहन रेड्डी को एन.डी.ए. से ज्यादा नुकसान पहुंचायेगी।

तेलुगू देशम पार्टी, जन सेना पार्टी और भाजपा आंध्र प्रदेश में एन.डी.ए. के तहत चुनाव लड़ रहे हैं।

# गृह मंत्री का डीप फेक वीडियो शेयर करने पर झारखण्ड कांग्रेस का एक्स अकाउन्ट बंद

## केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को झारखंड की कांग्रेस इकाई के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया था

- **दिल्ली पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है तथा माना जा रहा है कि, बहुत जल्द इस मामले में झारखण्ड कांग्रेस के कई नेताओं एवं पदाधिकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई हो सकती है।**

नई दिल्ली, 1 मई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के डीप फेक वीडियो को शेयर करने के मामले में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) ने झारखंड कांग्रेस के एक्स अकाउंट को सस्पेंड कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को राज्य कांग्रेस के हैंडल के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा गया था। जिसके बाद अकाउंट को हटा दिया गया।

इसी डीप फेक वीडियो को शेयर करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर को भी नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया है। दिल्ली पुलिस ने ठाकुर को समन जारी कर 2 मई को पूछताछ के लिए बुलाया है।

इससे पहले दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को बताया था कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फर्जी भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर कथित तौर पर अपलोड करने और साझा करने के मामले में 12 और लोगों को नोटिस भेजा गया है। इससे पहले पुलिस ने इस मामले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी समेत कुल 17 लोगों को जांच अधिकारी के सामने पेश होने के लिए नोटिस भी दिया था। जिसके बाद बुधवार को रेवंत रेड्डी की वकील सौम्या गुप्ता दिल्ली पुलिस के समक्ष पेश हुईं और मुख्यमंत्री को पेश होने के लिए और समय देने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होने बताया कि जिस हैंडल से वीडियो साझा किया गया वह हैंडल रेड्डी का नहीं है। अमित शाह के जिस फेक वीडियो को शेयर करने को लेकर यह पूरी कार्रवाई हो रही है, उसके जरिए यह बताने की कोशिश हो रही है कि भाजपा एससी/एसटी और ओबीसी के खिलाफ है और अगर वो (भाजपा) सत्ता में आती है तो इन समुदायों के लिए आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा।

## गुढ़ामालानी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बड़े बाजरा अनुसंधान केन्द्र की सौगात दी थी। पर अब आज के राजनैतिक समीकरणों में लोग कैलाश चौधरी की इस सौगात को ज्यादा याद नहीं कर रहे हैं। अतः भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी तीसरे स्थान पर खिसकते हुए नज़र आ रहे हैं।

## पुष्कर की कम्पनी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सैन्थिल नायगम ने “रैस्ट ऑफ द वर्ल्ड” को बताया कि “मैं एक साथ 10 राजनीतिक पार्टियों के लिए काम नहीं कर सकता। उसके लिए मेरे पास बैण्डविथ नहीं है।” उनकी कम्पनी सिर्फ उन्हीं राजनीतिक दलों के साथ काम करती है, जिन पर वे विश्वास और भरोसा कर सकते हैं।” नायगम ने जनवरी में राजनीतिक काम शुरु किए। उनका पहला प्रमुख प्रोजैक्ट तमिलनाडू की सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (डी.एम.के.) के लिए था। उनकी टीम ने राज्य सरकार के समर्थन में द्रमुक के दिवंगत प्रसिद्ध नेता एम. करूणानिधि का एक ए.आई. वीडियो बनाया था। तीन महीनों के भीतर ही नायगम को ए.आई. कन्टैन्ट के लिए इतने अधिक पॉलीटिक्स कॉन्ट्रैक्ट मिले कि उन्हें काम को निश्चित समय पर पूर्ण करने के लिए स्टूडियो, फोटाग्राफर्स, साउण्ड इंजीनियर्स और एडीटर्स हायर करने पड़े।

## राष्ट्रपति मुर्मू रामलला...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने तुरंत ही शिवसेना के प्रवक्ता के आरोप व राहुल गांधी की टिप्पणी को सरासर “झूठ” बताते हुए कहा, राष्ट्रपति मुर्मू और पूर्व राष्ट्रपति कोविंद दोनों को ही प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण व्यक्तिगत रूप से दिए गए थे।” ठाकुर ने कहा, “राहुल गांधी की टिप्पणी, बिना तथ्यों की प्रमाणिकता की जांच किए, आनन-फानन में की गई थी।”

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव, चंपत राय भी आरोप-प्रत्यारोप में कूद गये, यह कहते हुए कि, राहुल गांधी ने बिना सच जाने, झूठ बोला था। राय ने जोर देकर कहा, “राहुल का वक्तव्य बिल्कुल आधारहीन और शरारतपूर्ण है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के नियंत्रण पत्र राष्ट्रपति मुर्मू और पूर्व राष्ट्रपति कोविंद को व्यक्तिगत रूप से पहुंचाये गये थे। अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधियों को भी निमंत्रण भेजा गया था।”

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनावों से कुछ महीनों पहले, पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की उत्तर प्रदेश की चार दिवसीय यात्रा को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। पूर्व राष्ट्रपति की यात्रा लखनऊ से शुरू होकर अयोध्या में खत्म हुयी थी और बीच में वे, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गढ़, गोरखपुर में भी रूके थे। उस समय विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया था कि, उत्तर प्रदेश चुनावों से पहले, भाजपा, कोविंद को एक दलित “आइकन” की तरह पेश करना चाहती है।

# ‘कांग्रेस सरकार ने प्रज्वल रेवन्ना के सैक्स स्कैण्डल मामले में वोटिंग तक इंतजार किया’

## भाजपा ने आरोप लगाया कि, कांग्रेस वोटों की राजनीतिक मंशा के कारण इस मामले को दबाकर बैठी रही

- **दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के कुनबे को वोकलिग्गा का पहला परिवार माना जाता है। इसलिए देवेगौड़ा परिवार को वोकलिग्गा समुदाय का अच्छा-खासा समर्थन है।**
- **कांग्रेस पर आरोप लग रहे हैं कि, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने जानबूझकर इस मामले को दबाये रखा ताकि वोकलिग्गा समुदाय के लोग सरकार से नाराज़ ना हो जायें।**

बैंगलुरु, 1 मई। कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं जनता दल सेक्युलर (जदएस) गठबंधन के प्रत्याशी प्रज्वल रेवन्ना के सेक्स वीडियोज को लेकर घमासान मचा हुआ है। भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे पर खूब हमलावर हैं। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर कथित तौर पर सेक्स वीडियो मामले में देरी से कार्रवाई करने का आरोप लगाया जा रहा है। विपक्ष इसके पीछे कांग्रेस की राजनीतिक मंशा पर सवाल उठा रहा है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस सरकार ने 26 अप्रैल को हुए पहले चरण के मतदान तक का इंतजार किया।

पार्टी मतदान से पहले वोक्कालिगा मतदाताओं को नाराज नहीं करना चाहती थी। दरअसल कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया कुरुबा समुदाय से आते हैं जो राज्य में तीसरी सबसे बड़ी आबादी है। लेकिन वोक्कालिगा और कुरुबाओं के बीच खासा बनती नहीं है। इसके अलावा, लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कर्नाटक में वोक्कालिगा मतदाता हावी थे। ये कुछ वजहे हैं जिनके आधार पर कहा जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी वे वोक्कालिगा समुदाय से आने वाले प्रज्वल के खिलाफ कार्रवाई में देरी की। दरअसल पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के कुनबे को वोक्कालिगा का पहला परिवार माना जाता है।

सवाल पूछे जा रहे हैं कि मतदान पूरा होने के बाद ही सरकार का ने हस्तक्षेप क्यों किया? क्योंकि कार्रवाई में देरी से प्रज्वल को देश छोड़ने का टाइम मिल गया। जबकि कहा जा रहा है कि कथित सेक्स वीडियोज से भरीं पेन ड्राइव 26 अप्रैल से पहले ही सरकारी मुलाजिमों तक पहुंच गई थी। भाजपा ने आरोप लगाया कि रेवन्ना और सरकार के बीच मधुर संबंध हैं। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि प्रज्वल को ''सीएम और रेवन्ना के बीच हुए समझौते'' के बाद विदेश जाने अनुमति दी गई थी। उन्होंने कहा, अपनी गलती को छिपाने के लिए, राज्य सरकार केंद्र सरकार पर आरोप लगा रही है... हममें से किसी ने भी प्रज्वल को पार्टी से निलंबित करने का विरोध नहीं किया है। फिर भी, कांग्रेस एनडीए पर आरोप लगा रही है।

बता दें कि सिद्धारमैया सरकार ने दक्षिण कर्नाटक में चुनाव के बाद एक एसआईटी का गठन किया है। इस दौरान प्रज्वल सहित गौड़ा परिवार के तीन सदस्यों की सीटों पर मतदान हो चुका है।

गौड़ा के पोते प्रज्वल एनडीए उम्मीदवार के रूप में हासन से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि उनके पिता एचडी रेवन्ना होलेनरसीपुर से जद (एस) विधायक हैं। बाप-बेटे दोनों का नाम एफआईआर में दर्ज किया गया है। हासन में मतदान होने के तुरंत बाद विदेश गए रेवन्ना ने मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) के समक्ष उपस्थित होने के लिए सात दिन का समय मांगा है। कर्नाटक पुलिस ने उनसे कथित रूप से जुड़े करीब 3000 अश्लील वीडियो एवं तस्वीर वायरल होने के बाद पूरे प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी गठित की है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908